लोक-सभा

शुक्रवार,
१९ अगस्त, १९५५

वाद-विवाद

1st Lok Sabha

(भाग १– प्रश्नोत्तर)

खंड ४, १९५५

(२५ जूलाई से २० अगस्त, १९५५)

Friday 19, August, 1956

सत्यमेव जयते

Preservation Unit
Fumigated On 11.11.83
Parliament Library

दशम सत्र, १९५५

(खण्ड ४ में अंक १ से अंक २० तक हैं)

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

842 LSD

विषय-सूची

	स्तम्भ
अंक १—सोमवार, २५ जुलाई, १९५५	
सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण	१
प्रश्नों के मौखिक उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या १ से ४, ६ से १५, १७ से २२, २४, २५, २७, २९ से ३३, ३६ और ३७	१–४५
प्रश्नों के लिखित उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या ५, १६, २३, २६, २८, ३४, ३५ और ३८ से ५२ .	४५–४८
अतारांकित प्रश्न संख्या १ से १४ .	४८–६६
अंक २—मंगलवार, २६ जुलाई, १९५५	
प्रश्नों के मौखिक उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या ५३, ५५, ५६, ५८, ७३, ५९ से ६८, ७०, ७२ से ७५, ७८ और ८० . .	६७–१११
प्रश्नों के लिखित उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या ५४, ५७, ६९, ७१, ७६, ७७, ७९ और ८१ से ११७	१११–१३५
अतारांकित प्रश्न संख्या १५ से ४२, ४४ और ४५	१३५–१५२
अंक ३—बुधवार, २७ जुलाई, १९५५	
प्रश्नों के मौखिक उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या ११८ से १२५, १२७ से १२९, १३१ से १३४, १३६ से १३८, १४१, १४२, १४४ से १५५ .	१५३–१९७
अल्प सूचना प्रश्न संख्या १ .	१९७–२०३
प्रश्नों के लिखित उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या १३०, १३५, १३९, १४०, १४३, १५६ से १६३	२०३–२१०
अतारांकित प्रश्न संख्या ४६ से ७३	२१०–२२४
अंक ४—गुरुवार, २८ जुलाई, १९५५	
प्रश्नों के मौखिक उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या १६४ से १६९, २०२, १७० से १७२, १७४ से १७७, १७९ से १८१, १८३ से १८५, १८७, १८८ और १९० से १९२	२२५–२६६
प्रश्नों के लिखित उत्तर—	
तारांकित प्रश्न संख्या १७८, १८२, १८६, १८९, १९३ से २०१, २०३ से २१६	२६६–२८२
अतारांकित प्रश्न संख्या ७४ से ९१ . . .	२८२–२९२

अंक ५—शुक्रवार, २९ जुलाई, १९५५ — स्तम्भ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या २१७ से २२१, २२३ से २२७, २२९ से २४०, २४२, २४५, २४८ से २५४ . — २९३ ३४४

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या २२२, २२८, २४१, २४३, २४४, २४६, २४७, २५५ से २७३ . . — ३४४–३५८

अतारांकित प्रश्न संख्या ९२ से १२५ — ३५८–३८२

अंक ६—सोमवार, १ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या २७५, २७७, २८० से २८२, २८५ से २९२, २९५ से २९९, ३०३ से ३०५, ३०७, ३०९, ३११, ३१२, ३१४, २७६, २८३, २९३, ३०६, ३१३ और ३०८ . — ३८३–४२१

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या २७८, २८४, २९४, ३००, ३०१ और ३१० . — ४२१–४२४

अतारांकित प्रश्न संख्या १२६ से १४७ . . — ४२४–४३६

अंक ७—मंगलवार, २ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ३१५ से ३१७, ३१९, ३२०, ३२२ से ३३२, ३३४, ३३५, ३३७, ३३८, ३४०, ३४२, ३४४ से ३४९, ३५१, ३५२ और ३५४ . — ४३७ ४८१

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ३२१, ३३३, ३३६, ३३९, ३४१, ३४८, ३५३, ३५५ और ३५६ . . — ४८१ ४८५

अतारांकित प्रश्न संख्या १४८ से १६७ . — ४८५–४८९

अंक ८—बुधवार, ३ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ३५७ से ३५९, ३६४ से ३६८, ३७० से ३७५, ३७७, ३७९ से ३८४, ३८६ से ३९२, ३९५, ३९८ से ४०० और ४०२ . — ४८९ ५४५

अल्प सूचना प्रश्न संख्या २ . — ५४५ ५४९

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ३६०, ३६१, ३६३, ३६९, ३७६, ३७८, ३८५, ३९३, ३९४, ३९६, ३९७, ४०३ से ४११ और ४१३ से ४१८ . — ५४९ ५६२

अतारांकित प्रश्न संख्या १६८ से १९८ — ५६२ ५८४

अंक ९—गुरुवार, ४ अगस्त, १९५५ | स्तम्भ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ४१९, ४२०, ४२४ से ४२६, ४३१, ४३२, ४३४ से ४३७, ४४०, ४४३, ४४५, ४४७, ४५० से ४५६, ४५९ से ४६१ और ४२३ ... ५८५-६२५

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ४२१, ४३०, ४३३, ४३८, ४३९, ४४१, ४४२ ४४४ ४४९ और ४५७ . . . ६२५-६३१

अतारांकित प्रश्न संख्या १९९ से २१४ ... ६३१-६४२

अंक १०—शुक्रवार, ५ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ४६३, ४६२, ४६४ से ४६७, ४९३, ४६९, ४६८, ४७१ से ४७५, ४७७ से ४८१, ४८४ से ४८६ और ४८८ से ४९२ ... ६४३-६८८

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ४७०, ४७६, ४८३, ४८७, ४९४ से ४९६, ४९८ और ५०० से ५०२ . . . ६८९-६९५

अतारांकित प्रश्न संख्या २१५ से २२८ ... ६९५-७०४

अंक ११—सोमवार, ८ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ५०४ से ५०६, ५०८ से ५१४, ५१६, ५१९ से ५२२, ५२६ से ५३१, ५३६ से ५३८, ५४०, ५४२, ५४४ से ५४६ और ५४८ से ५५० . ... ७०५-७४९

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ५०३, ५०७, ५१५, ५१७, ५१८, ५२४, ५२५, ५३२ से ५३५, ५३९, ५४३, ५४७ और ५५१ से ५६० ... ७५०-७६३

अतारांकित प्रश्न संख्या २२९ से २५७ . . ७६३-७८०

अंक १२—मंगलवार, ९ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ५६१, ५६२, ५६४ से ५६७, ५६९, ५७०, ५७३ से ५७६, ५७८, ५८१, ५८२, ५८४ से ५९०, ५९७, ६००, ५९८, ५९२ ५९३, ५९१ और ५९३ . ... ७८१-८२३

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ३ . . ८२४-८२६

प्रश्नों के लिखित उत्तर— स्तम्भ

तारांकित प्रश्न संख्या ५७१, ५७२, ५७७, ५७९, ५८०, ५८३, ५९४, ५९५, ५९६, ५९८ और ५९९ ... ८२६–८३२

अतारांकित प्रश्न संख्या २५८ से २८३ ... ८३२–८४८

अंक १३—बुधवार, १० अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ६०१ से ६०३, ६०५ से ६१५, ६१८, ६२० से ६२२, ६२६, ६२७, ६३१ से ६३३, ६३५ से ६३७, ६३९ से ६४२ और ६४४ . . . ८४९–८९२

प्रश्नों के लिखित उत्तर —

तारांकित प्रश्न संख्या ६०४, ६१६, ६१७, ६१९, ६२३ से ६२५, ६२९, ६३०, ६३४, ६३८, ६४३, ६४५ से ६५७, ६५९ और ६६०. ... ८९२–९०६

अतारांकित प्रश्न संख्या २८४ से ३०३ . ९०६–९१८

अंक १४—शुक्रवार, १२ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ६६१ से ६६७, ६६९, ६७२ से ६७८, ६८०, ६८२ से ६८८ और ६९० से ६९३ . . . ९१९ ९६०

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ६६८, ६७०, ६७१, ६७९, ६८१, ६८९ और ६९४ से ७०२ . . . . . ९६१–९६९

अतारांकित प्रश्न संख्या ३०५ से ३०८, ३१० से ३१२ और ३१४ से ३४३ . ९६९–९९४

अंक १५—शनिवार, १३ अगस्त, १९५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ७०३, ७०४, ७१०, ७०५ से ७०७, ७११, ७१३, ७१५ से ७१७, ७१९, ७२२, ७२४, ७२५, ७३०, ७३१, ७३४, ७३५, ७३७ से ७३९, ७०९, ७२९ और ७३२ ... ९९५–१०३२

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ४ . . १०३२ १०३५

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ७०८, ७१२, ७१४, ७१७, ७१८, ७२०, ७२१, ७२३, ७२६ से ७२८, ७३३, ७३६ ७४०, २७९ और ३०२ . १०३५–१०४३

अतारांकित प्रश्न संख्या ३४४ से ३५६ . १०४३–१०५०

अंक १६—मंगलवार, १६ अगस्त, १६५५ — स्तम्भ

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ७४१, ७४५, ७४६, ७४९, ७५३ से ७५५, ७५७ से ७५९, ७६२, ७६७, ७६८, ७७०, ७७२ से ७७४, ७७६ से ७८०, ७८६, ७८२, ७८४ से ७८६, ७८८, ३१८, ४६७ और ७६४. — १०५१-१०६६

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ५ . . . — १०६७–११००

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ७४२ से ७४४, ७४७, ७४८, ७५० से ७५२, ७५६, ७६०, ७६१, ७६३, ७६५, ७६६, ७६९, ७७१, ७७५, ७८१, ७८३, ७८७ और ३४३ . . . — ११००–१११३

अतारांकित प्रश्न संख्या ३५७ से ३८१ — १११३–११२८

अंक १७—बुधवार, १७ अगस्त, १६५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ७९० से ७९२, ७९६, ७९७, ७९९ से ८०६, ८११, ८१२, ८१४ से ८१६, ८१८, ८२२, ८२३ और ८२५ से ८२९ — ११२९–११७३

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ७९३ से ९९५, ७९८, ८१०, ८१३, ८१७, ८१९ से ८२१, ८२४, ८३० से ८५१, ३६२ और ४०१ — ११७३–११९३

अतारांकित प्रश्न संख्या ३८२ से ४३५ — ११९३–१२२८

अंक १८—गुरुवार, १८ अगस्त, १६५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ८५३, ८५४, ८५७ से ८६५, ८६९, ८७०, ८७२, ८७३, ८७६, ८७७, ८७९, ८८१, ८८२, ८८४, ८८८, ८५५, ८७१, ८८०, ८८७ और ८७५ . — १२२९-१२७६

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ८५२, ८५६, ८६६ से ८६८, ८७४, ८७८, ८८३, ८८५ और ८८६ . . — १२७६–१२८२

अतारांकित प्रश्न संख्या ४३६ से ४५१ . — १२८२–१२९२

अंक १९—शुक्रवार, १९ अगस्त, १६५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ८८९, ८९३, ८९८, ९००, ९०२ से ९०४, ९०६ से ९१०, ९१२, ९१३, ९१६, ९१७, ९२०, ९२३, ९२४, ९२६ से ९२८, ९३०, ४८२, ८९९, ८९४, ८९७, ८९५, ९०५ और ९१४ . . — १२९३–१३३६

प्रश्नों के लिखित उत्तर— स्तम्भ

तारांकित प्रश्न संख्या ८६० से ८९२, ८६६, ६०१, ६११, ६१८, ६१६, ६२१, ६२२, ६२५ और ६२६ . . . १३३६–१३४५

अतारांकित प्रश्न संख्या ४५२ से ४७२ . . . १३४५ १३५८

अंक २०—शनिवार, २० अगस्त, १६५५

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ६३३ से ६३५, ६४०, ६४१, ६४३ से ६४५, ६४७, ६४८, ६५० से ६५३, ६५७, ६५६ से ६६२, ६६८, ६७०, ६७१, ६७४, ६७५, ६३१, ६३८, ६३६, ६४६, ६५४, ६६५ और ६७२ . . . १३५६-१४०३

अल्प सूचना प्रश्न संख्या ६ . . . १४०३–१४०८

प्रश्नों के लिखित उत्तर—

तारांकित प्रश्न संख्या ६३२, ६३७, ६३६, ६४२, ६४६, ६५५, ६५८, ६६३, ६६४, ६६६, ६६७, ६६६ और ६७३ . . . . . १४०८–१४१४

अतारांकित प्रश्न संख्या ४७३ से ५१३ . . . . १४१४-१४३८

समेकित विषय सूची . . . . . .

लोक-सभा वाद-विवाद

(भाग १—प्रश्नोत्तर)

लोक-सभा

शुक्रवार १९ अगस्त, १९५५

———

लोक-सभा ग्यारह बजे समवेत हुई।

[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुये]

प्रश्नों के मौखिक उत्तर

विस्थापित विद्यार्थी

*८८९. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५४ में कितने विस्थापित विद्यार्थियों की छात्रवृत्तियां बन्द की गई थीं; और

(ख) इस के कारण ?

पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले): (क) पुनर्वास मंत्रालय विस्थापित विद्यार्थियों को भत्ता देता है, छात्रवृत्तियां नहीं देता। उन विस्थापित विद्यार्थियों की संख्या के बारे में जिन का भत्ता १९५४ में बन्द किया गया था जानकारी तुरन्त उपलब्ध नहीं है।

(ख) सभा-पटल पर एक विवरण रखा जाता है जिसमें यह बताया गया है कि भत्ते बंद किये जाने के क्या कारण थे। [देखिये परिशिष्ट ६, अनुबन्ध संख्या १]

श्री डी० सी० शर्मा : यदि भत्ते के नवीकरण के लिये कोई विद्यार्थी नियत समय पर प्रार्थनापत्र न दे सके, तो क्या इस नियम को ढीला किया जाता है? मैं ने देखा है कि कभी कभी विद्यार्थियों को मालूम नहीं होता—स्कूल और कालेज बंद होते हैं—इस लिये इस प्रविधिक नियम के उल्लंघन से उन्हें बहुत कठिनाई होती है। क्या इस प्रविधिक नियम के उल्लंघन की सूरत में, कोई ढील दी जाती है ?

श्री जे० के० भोंसले : भत्ते की मंजूरी वास्तव में प्रिंसिपल और मुख्याध्यापक आदि देते हैं। किन्तु यदि इस विशिष्ट मामले में विद्यार्थी को कठिनाई है, तो हम इस पर विचार करेंगे।

श्री डी० सी० शर्मा : "माता पिता की वित्तीय स्थिति में सुधार" से मंत्रालय का क्या अभिप्राय है ? जहां तक छात्रवृत्तियां देने का सम्बन्ध है, आय की एक सीमा निश्चित है, किन्तु यह बहुत अस्पष्ट शब्द हैं . . . . .

अध्यक्ष महोदय : आप को तर्क करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्री महोदय ने बता दिया है कि इस का क्या अर्थ है।

श्री जे० के० भोंसले : मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों के बारे में, यदि माता पिता या अभिभावक की आय १०० रुपये से कम हो, तो यह लागू होता है। हाई स्कूलों के विद्यार्थियों के मामले में, उनके माता पिता या अभिभावकों की आय १५० रुपये से कम होनी चाहिए।

श्री डी० सी० शर्मा : विवरण में बताया गया है कि यदि अभिभावक कोई प्रतिकर ले ले, तो भत्ता बन्द कर दिया जाता है। क्या मैं जान सकता हूं कि अधिकतम प्रतिकर

कितना है जिसके लेने पर भत्ता बन्द कर दिया जाता है ?

श्री जे० के० भोंसले : बूढ़े और अशक्त व्यक्तियों और अनाथालयों में रहने वाली स्त्रियों के मामले में, यदि उन्हें ३००० रुपये से कम प्रतिकर मिला है, तो सरकार उनके लड़कों और लड़कियों को मैट्रिक तक पढ़ाने में सहायता देती है। अन्य लोगों के मामले में, हम उन विद्यार्थियों को केवल उस वर्ष अपनी पढ़ाई समाप्त करने में सहायता देते हैं।

श्री बी० एस० मूर्ति : क्या शरणार्थियों के बच्चों को उन स्कूलों में प्रविष्ट कराने के लिए जिनमें उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया जाता कोई सहायता दी जा रही है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : इस मामले का सम्बन्ध राज्य सरकारों से है, भारत सरकार से नहीं।

बांडुंग सम्मेलन

*८९३. **श्री रघुनाथ सिंह** : क्या **प्रधान मंत्री** १२ मार्च, १९५५ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ८१६ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बांडुंग सम्मेलन बुलाने पर कुल कितना खर्च हुआ था ; और

(ख) प्रत्येक बुलाने वाले देश ने अब तक कितना अंशदान दिया है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री के सभा-सचिव (श्री सादत अली खां) : (क) और (ख) बांडुंग सम्मेलन पर हुए खर्च के हिसाब को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है। परन्तु सम्मेलन सचिवालय ने अब तक जिस व्यय की स्वीकृति दी है, उससे अनुमान है कि कुल व्यय लगभग ४० लाख इण्डोनेशियन 'रुपिये' होगा। बुलाने वाले ५ देशों में से प्रत्येक को ८ लाख 'रुपिये' देने पड़ेंगे, जो कि लगभग ३,३३,००० रुपये के बराबर हैं।

श्री रघुनाथ सिंह : इसके आफिस के एक्सचेंसेज़ क्या होंगे ?

श्री सादत अली खां : जैसा मैंने अभी अर्ज किया यह सब बातें अभी तय की जा रही हैं।

श्री कामत : क्या यह सच है कि भारत ने सम्मेलन पर जितना रुपया खर्च किया है उसकी तुलना में विचार विमर्श में उतना भाग नहीं लिया जैसा कि प्रधान मंत्री के निजी मंत्रणादाता श्री वी० के० कृष्ण मेनन द्वारा फिलिप्पीन्ज़ के जनरल रोम्युलो को कही गई इस बात से प्रकट होता है कि :

"आप को यह नहीं देखना चाहिए कि मेरे नेता यहां कैसा व्यवहार कर रहे हैं। वास्तव में उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों का कोई अनुभव नहीं है।"

क्या यह ठीक बताया गया था और यदि हां तो क्या यह एक ऐसे व्यक्ति को शोभा देता है जिसका सम्बन्ध महत्वपूर्ण राजनयिक कार्यों से है ?

श्री सादत अली खां : खर्च की तुलना इस बात से नहीं की जा सकती कि राजनयिक रूप से हमने कितना योग दिया है। जहां तक माननीय सदस्य के उद्धरण का सम्बन्ध है यह गलत है।

श्री कामत : मैंने एक गम्भीर समाचार पत्र "दी हिन्दू" का उद्धरण दिया है।

अध्यक्ष महोदय : कुछ भी हो श्री कृष्ण मेनन की बातों से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं।

सेठ गोविन्द दास : क्या यह बात सही नहीं है कि बांडुंग सम्मेलन में जो कुछ हुआ

उससे अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारतवर्ष का स्थान बहुत ऊंचा हो गया है ?

श्री सादत अली खां : यह बिल्कुल ठीक है ।

श्री कामत : कितना ऊंचा हो गया है ?

सिक्किम

*८९८. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **प्रधान मंत्री** २२ अप्रैल, १९५५ को दिये गये तारांकित **प्रश्न** संख्या २४७९ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि सिक्किम के वकास के लिये सातवर्षीय योजना को क्रियान्वित करने में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

वैदेशिक-कार्य मंत्री के सभा-सचिव (श्री सादत अली खां) : सिक्किम विकास योजना को पूरा करने के लिये खास कर सड़कों, मकानों, सड़क यातायात, जंगलों, डाक्टरी, जन स्वास्थ्य और शिक्षा के बारे में काफी तरक्की की जा रही है। खेती बाड़ी, पशु पालन, बागवानी और बिजली पैदा करने के विकास के लिये, कई स्कीमें शुरू की जा चुकी हैं। १९५४-५५ के दौरान में इन कई योजनाओं पर ८,३०,००० रु० का कुल खर्च किया जा चुका है।

श्री भक्त दर्शन : क्या मैं जान सकता हूं कि इस योजना पर कुल कितने खर्चे का अनुमान लगाया गया है और उसमें सिक्किम दरबार का कितना हिस्सा है ?

श्री सादत अली खां : सिक्किम दरबार को टैकनिकल सहायता के रूप में २२३ लाख रुपये का ऋण दिया जायगा।

श्री भक्त दर्शन : क्या यह सच है कि सिक्किम दरबार के निमंत्रण पर हमारे बहुत से भारतीय कर्मचारी वहां पर कार्य कर रहे हैं ? यदि हां, तो मैं जानना चाहता हूं कि उन को किन शर्तों पर वहां दिया गया है । और क्या यह सच है कि बहुत से कर्मचारियों को वहां जाने के बाद वापिस कर दिया गया है ?

श्री सादत अली खां : नहीं, वापस करने का सवाल नहीं है। लोग वहां जा रहे हैं और वह मुख्तलिफ कामों में लगाये जा रहे हैं।

श्री भक्त दर्शन : सिक्किम के रास्ते भारत से तिब्बत का जो मुख्य व्यापार मार्ग है, क्या मैं जान सकता हूं कि इस योजना के अन्दर उसे उन्नत करने के लिये कौन कौन से कदम उठाये जा रहे हैं ताकि कलिम्पांग से लासा तक यातायात की पूरी सुविधा प्राप्त हो सके ?

श्री सादत अली खां : मुझे पूर्व सूचना चाहिए ।

रेशमी कपड़ा

*९००. **श्री राधा रमण** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि सरकार ने रेशम व्यापारी संघ, बम्बई की इस मांग के सम्बन्ध में कि रेशमी कपड़े के आयात पर इस समय लगे हुए प्रतिबन्ध को हटा दिया जाये और कोटा प्रणाली शुरू की जाये, कोई निर्णय किया है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : जी हां। यह निर्णय किया गया था कि कोई परिवर्तन न किया जाये ।

श्री राधा रमण : क्या इस प्रतिबन्ध के कारण देश में रेशम के उत्पादन में कोई सुधार हुआ है , यदि हां, तो किस तरह ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : यह कहना बहुत कठिन है कि इस प्रतिबन्ध से देशी उत्पादन पर क्या प्रभाव पड़ा है। स्पष्ट है कि यदि रेशमी कपड़े की मांग सस्ते कपड़े के आयात से पूरी नहीं होती, तो भारतीय कपड़े की मांग

अवश्य होगी । किन्तु हम इसका ठीक ठीक अनुमान नहीं लगा सकते ।

श्री राधा रमण : भारत में रेशम का उत्पादन आवश्यकता से कितना कम है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : मेरे विचार में इस प्रश्न का इस मामले से सम्बन्ध नहीं है । किन्तु हमारी आवश्यकता ५० लाख से ६० लाख पौंड तक रेशम की है । भारत में इसका केवल ४० प्रतिशत भाग उत्पन्न होता है ।

डा० रामा राव : क्या सरकार प्रतिबन्ध हटाने की सम्भाव्यता पर विचार कर रही है, जिससे कि भारत में रेशम उद्योग नष्ट हो जायगा ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : मैं प्रश्न का अभिप्राय नहीं समझा । क्या माननीय सदस्य फिर कहेंगे ?

डा० रामा राव : 'निहित स्वार्थों' के प्रार्थनापत्रों पर विचार करते समय क्या सरकार भारतीय रेशम उद्योग पर इस प्रतिबन्ध के हटाये जाने के प्रभाव को ध्यान में रखेगी, क्योंकि इसे हटाने से भारतीय उद्योग नष्ट हो जायगा ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : हम सदा इन बातों को ध्यान में रखते हैं ।

श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी : क्या माननीय मंत्री को विदित है कि चीन से रेशम के आयात के कारण पिछले दो मासों से कोया के मूल्य काफ़ी गिर गये हैं ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : मझे मालूम है ; ये मूल्य इतने नहीं गिरे जिनसे कि उत्पादन अलाभप्रद हो जाये ।

खादी

*९०२. **पंडित डी० एन० तिवारी** : क्या उत्पादन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जबसे खादी के विक्रय पर छूट दी गई है, खादी के उत्पादन में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ?

उत्पादन मंत्री के सभा-सचिव (श्री आर० जी० दुबे) : लगभग १६५ %

पंडित डी० एन० तिवारी : क्या बड़े बड़े नगरों में वाणिज्यस्थान (एम्पोरियम) खोलने से फेशनेबल लोगों को खादी की ओर आकर्षित करने में सहायता मिली है ?

श्री आर० जी० दुबे : इन वाणिज्य-स्थानों (एम्पोरिया) में बढ़ती हुई बिक्री को देखते हुए यह अनुमान ठीक मालूम होता है ।

पंडित डी० एन० तिवारी : क्या इन वाणिज्य स्थानों (एम्पोरिया) के विक्रय विभागों में कर्मचारियों की संख्या अत्यधिक है और इस कारण व्यय बढ़ जाता है ?

श्री आर० जी० दुबे : अभी यह कहना समय से पूर्व होगा । अभी हमें कुछ दिन स्थिति को देखना चाहिये ।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लगाना

*९०३. **श्री सी० आर० चौधरी** : क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि आंध्र राज्य को ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली लगाने के लिए योजना शुरू होने के समय से कितनी राशि की मंजूरी दी गई है ?

सिंचाई और विद्युत उपमंत्री (श्री हाथी) : माननीय सदस्य का निर्देश संभवतः उस योजना की ओर है जो कि मार्च, १९५४ में योजना आयोग ने छोटे नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरी के अवसर बढ़ाने के लिये बिजली की सुविधाओं का प्रसार करने के लिये शुरू की थी। यदि ऐसा है तो, १९५४-५५ और १९५५-५६ में अनुमोदित योजनाओं के लिये केन्द्रीय सरकार ने आंध्र को १२७.८२३ लाख रुपये का ऋण देना स्वीकार किया था । इस में से ४० लाख रुपये के ऋण की मंजूरी १९५४-५५ में दी गई थ

सिंचाई और जल विद्युत् परियोजनाएं

*६०४. **श्री एस० सी० सामन्त : क्या सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५४-५५ में केन्द्रीय सिंचाई और विद्युत बोर्ड ने सिंचाई और जल विद्युत परियोजनाओं के विषय में किस प्रकार गवेषणा की है ;

(ख) इस गवेषणा कार्य से कितनी संस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से लाभ हुआ है ;

(ग) टेक्निकल गवेषणा के परिणामों का किस तरह प्रचार किया गया था; और

(घ) १९५४-५५ में केन्द्रीय बोर्ड के पुस्तकालय और संग्रहालय में और क्या वृद्धियां की गई हैं ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) से (घ). एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[देखिये परिशिष्ट ६, अनुबन्ध संख्या २]**

श्री एस० सी० सामन्त : क्या बोर्ड की गवेषणा समिति की बैठक १९५२ से हर साल हुई है और यदि हां, तो किन स्थानों पर ?

श्री हाथी : मैं स्थान ठीक ठीक नहीं बता सकता किन्तु सामान्यता उस की बैठक साल म तीन बार होती है ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या दिल्ली के संग्रहालय में विदेशों की नहरों और बांधों के नकशे भी है ?

श्री हाथी : संभवतः केन्द्रीय जल और विद्युत् आयोग और केन्द्रीय सिचाई और विद्युत् बोर्ड में जो भेद है, उसे समझा नहीं जा रहा है । प्रश्न का सम्बन्ध केन्द्रीय सिंचाई बोर्ड से है, जो कि एक गैर-सरकारी निकाय है । माननीय सदस्य ने जिस संग्रहालय की ओर निर्देश किया है, वह केन्द्रीय जल और विद्युत् आयोग का है ।

श्री एस० सी० सामन्त : विभिन्न राज्य सरकारों के कौन कौन से गवेषणा केन्द्र और संस्थाएं इस बोर्ड के नियन्त्रणाधीन हैं ?

श्री हाथी : वास्तव में ये गवेषणा केन्द्र इस बोर्ड के नियन्त्रणाधीन नहीं हैं । यह राज्य सरकारों के नियन्त्रणाधीन हैं । यह बोर्ड तो जानकारी और आंकड़े इकठ्ठे करता है और फिर इन गवेषणा केन्द्रों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं पर चर्चा करता है । यह एक गैर-सरकारी निकाय है और इन गवेषणा केन्द्रों के लिये प्रभारी नहीं है ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या इस वर्ष इस बोर्ड की रजत जयन्ती मनाई गई थी और इस पर कितना खर्च हुआ था?

श्री हाथी : मुझे इसके लिये पूर्व सूचना चाहिये ।

विस्थापित स्त्रियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण

*९०६. **श्री बी० के० दास** : क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में लखनऊ और चुनारगढ़ में पूर्वी पाकिस्तान की विस्थापित स्त्रियों को शिल्पों में प्रशिक्षण देने के लिये कक्षाएं शुरू की गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) मई, **१९५१ में** चुनारगढ़ में एक आश्रम खोला गया था जिसमें पूर्वी पाकिस्तान से आई हुई विस्थापित तथा निराश्रित स्त्रियों को विभिन्न शिल्पों में प्रशिक्षण दिया जाता था । यह अक्टूबर, १९५४ में बन्द कर दिया गया और अब लखनऊ, इलाहाबाद और

मिर्ज़ापुर में इन प्रशिक्षित स्त्रियों के लिए उत्पादन केन्द्र खोले गये हैं ।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है जिसमें योजना का ब्यौरा दिया गया है । [देखिए परिशिष्ट ६, अनुबन्ध संख्या ३]

श्री बी० के० दास : इन ५ केन्द्रों को या इन में से किसी एक को चलाने का व्यय क्या है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : मेरे पास यह जानकारी नहीं है किन्तु मैं बाद में दे सकता हूं।

श्री बी० के० दास : इन ५ केन्द्रों में या इन में से किसी एक में कितने मूल्य का उत्पादन होता है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : ये केन्द्र राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे हैं और इन का प्रबन्ध भी राज्य सरकार करती है । पहले ये तीन स्थानों पर चलाये जाते थे और उत्पादन व्यय बहुत था । हाल में यह निर्णय किया गया है कि इन सब केन्द्रों को बन्द करके एक केन्द्र बनाया जायेगा जिसका प्रबन्ध अधिक अच्छा होगा और उत्पादन व्यय भी कम हो जायेगा।

श्री बी० के० दास : क्या इन केन्द्रों को चलाने के लिए केन्द्रीय सरकार ने कोई अनुदान दिया है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : जी हां।

श्री बी० क० दास : राशि क्या थी ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैं तत्काल नहीं बता सकता ।

श्रीमती जयश्री : क्या पश्चिमी पाकिस्तान की विस्थापित स्त्रियों के प्रशिक्षण के लिए कोई केन्द्र खोला गया है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : पश्चिमी प्रदेश में बहुत से केन्द्र खोले गये हैं ।

पत्रकार

*९०७. **श्री कामत** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केवल उन्हीं भारतीय पत्रकारों को प्रधान मंत्री के हाल की सोवियत रूस की यात्रा सम्बन्धी समाचार भेजने की अनुमति दी गई थी जिनके लिए 'तास' से स्वीकृति मिल गई थी;

(ख) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा स्वीकृत कुछ पत्रकारों के लिए 'तास' ने स्वीकृति नहीं दी थी; और

(ग) क्या अन्य अवसरों पर इस प्रकार की प्रक्रिया प्रधान मंत्री की विदेश यात्रा में अपनाई गई थी ?

वैदेशिक-कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) ऐसी बात नहीं है । 'तास' ने सोवियत यूनियन के नई दिल्ली स्थित दूतावास के द्वारा और वैदेशिक-कार्य मंत्रालय के द्वारा १० भारतीय पत्रकारों और २ समाचार अभिकरण प्रतिनिधियों को प्रधान मंत्री की रूस यात्रा के समय रूस आने के लिए आमंत्रित किया था जिन व्यक्तियों को ये निमंत्रण जारी किए जाने को थे, उनकी सूची सम्बन्धित मंत्रालयों के बीच बातचीत द्वारा बनाई गई थी और उसी के अनुसार निमंत्रण जारी किए गए थे ।

(ख) नहीं ।

(ग) प्रधान मंत्री की चीन यात्रा के अवसर पर अखिल चीनी पत्रकार संघ ने भारत के तीन पत्रकार संघों को निमंत्रित किया था और उनसे अपने प्रतिनिधि भेजने के लिए कहा था

श्री कामत : क्या यह सच है कि हमारे देश के समाचार पत्र जिन्हें चाहें उन्हें चुनने के लिये स्वतन्त्र नहीं थे ?

श्री अनिल के० चन्दा : श्रीमान्, जैसा कि मैं उत्तर में कह चुका हूं, सम्बन्धित मंत्रालयों द्वारा सूची तैयार की गई थी।

श्री कामत : क्या निमंत्रण सीधे वैदेशिक-कार्य मंत्रालय द्वारा भेजे गये थे अथवा 'तास' से परामर्श करके मंत्रालय द्वारा ?

श्री अनिल के० चन्दा : 'तास' से परामर्श नहीं किया गया था। वैदेशिक-कार्य मंत्रालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय ने सूची तैयार की थी और हमें पहले ही बता दिया गया था कि हम जिसका भी नाम निर्देशन कर देंगे, 'तास' उसे स्वीकार करने के लिये तैयार रहेगी।

श्री कामत : क्या यह सच है कि बम्बई के एक प्रसिद्ध अंगरेजी दैनिक के सम्पादक का नाम पहले स्वीकृत हो गया था और वैदेशिक-कार्य मंत्रालय ने भी उसे स्वीकार कर लिया था किन्तु बाद को किन्हीं कारणोंवश उसे अस्वीकार कर दिया गया और यदि हां, तो क्या इस कारण कि 'तास' ने उसे अस्वीकार कर दिया था ?

श्री अनिल के० चन्दा : मैं यह मानने के लिये तैयार नहीं हूं।

श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी : इन दस पत्रकारों में से कितने पत्रकार भारतीय भाषा के पत्रों के थे और कितने अंग्रेजी पत्रों के ?

श्री अनिल के० चन्दा : इनमें एक प्रतिनिधि 'जन्मभूमि' का था, जो मैं समझता हूं भारतीय भाषा का पत्र है। कुछ अन्य भी थे ; यद्यपि प्रतिनिधि थे अंग्रेज़ी पत्रों के ही किन्तु उनके सम्बद्ध भारतीय भाषा के पत्र भी हैं। इस प्रकार कलकत्ता का 'आनन्द बाज़ार पत्रिका' भी उनमें था जिसका एक भारतीय भाषा का समाचार पत्र भी है। इसी प्रकार दिल्ली का 'हिन्दुस्तान टाइम्स' है जिसका भी हिन्दी संस्करण निकलता।

श्री कामत : क्या 'टाइम्स आफ इण्डिया' नामक अंग्रेज़ी दैनिक के सम्पादक को पहले निमंत्रण भेजा गया था और बाद में मंत्रालय द्वारा रद्द कर दिया गया ?

श्री अनिल के० चन्दा : जी नहीं, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

कच्चा रेशम (मूल्य)

*९०८. **श्री तिम्मय्या :** क्या उत्पादन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रशुल्क आयोग द्वारा कच्चे रेशम का क्या आर्थिक मूल्य निर्धारित किया गया है;

(ख) क्या किसी समय यह मूल्य अधिक रखा गया था ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

उत्पादन मंत्री के सभा-सचिव (श्री आर० जी० दुबे) : (क) ३१ रुपया प्रति पाउण्ड।

(ख) जी हां, श्रीमान्।

(ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

श्री तिम्मय्या : पिछले कई वर्षों से प्रशुल्क आयोग द्वारा रेशमकीट पोष उद्योग को संरक्षण दिया जा रहा है तो फिर उत्पादन लागत में कोई स्पष्ट कमी क्यों नहीं की गई है ?

श्री आर० जी० दुबे : इसमें कठिनाइयां थीं। प्रारम्भ में इस उद्योग का बड़ा लाभप्रद निर्यात बाज़ार था। बाद में, चीन जापान आदि में इस उद्योग के विकास हो जाने के कारण परिस्थितियां बदल गईं। इस कारण प्रशुल्क आयोग की सिफारिशों के आधार पर १९५३ में कुछ अग्रेतर कार्यवाही की गई। अब स्थिति में सुधार हो रहा है।

श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी : क्या यह सच नहीं है कि युद्ध के पश्चात् किसी भी समय

रेशम का मूल्य प्रशुल्क आयोग द्वारा निर्धारित मूल्य के अनुरूप नहीं रहा ?

श्री आर० जी० दुबे : यह ठीक है, किन्तु हाल ही में जुलाई के महीने से और उससे आगे प्रशुल्क आयोग द्वारा निर्धारित मूल्य स्तर का अनुसरण करने का प्रयत्न किया गया है ।

श्री तिम्मय्या : क्या सरकार को विदित है कि प्रशुल्क आयोग द्वारा निर्धारित विक्रय मूल्यों से कपास के वास्तविक उत्पादक को लाभ न होकर केवल बड़ी मात्रा के उत्पादकों और कारखाने के मालिकों को ही लाभ होता है ?

श्री आर० जी० दुबे : मैं इसका उत्तर नहीं दे सकता । इस पर अलग प्रश्न रखा जा सकता है ।

स्थानीय विकास कार्य

*६०६. **श्री विश्वनाथ रेड्डी :** क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्थानीय विकास कार्यों के लिये १९५३-५४ और १९५४-५५ में नियत की गई सम्पूर्ण धनराशियों का उपयोग किया जा चुका है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या १९५५-५६ में इस कार्यक्रम के लिये बांट में वृद्धि करने का विचार है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) १९५३-५४ और १९५४-५५ के लिए ८ १/२ करोड़ रुपए की नियत राशि में से राज्य सरकारों ने ६·०७ करोड़ रुपये के अनुदान लिये हैं ।

(ख) जी नहीं, श्रीमान् ।

श्री विश्वनाथ रेड्डी : क्या यह सच है कि स्थानीय विकास कार्य विशेषकर भारत के गावों में अधिकाधिक लोकप्रिय होते जा रहे हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : बिल्कुल यही बात है ।

श्री विश्वनाथ रेड्डी : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इस कार्यक्रम के अधीन निधियों का प्रशासन व्यय सामुदायिक परि-योजना प्रशासन अथवा राष्ट्रीय विस्तार योजना के अधीन होने वाले व्यय से कहीं कम है क्या सरकार का विचार इस कार्यक्रम के अधीन निधि में वृद्धि करके द्वितीय पंचवर्षीय योजना में इसको स्थायी रूप देना है ?

श्री एस० एन० मिश्र : यद्यपि मैं प्रश्न को पूर्णतया समझ नहीं सका हूं फिर भी मेरा विचार है कि माननीय सदस्य यह सुझाव दे रहे हैं कि स्थानीय विकास कार्यों के लिये अनुदान में वृद्धि होनी चाहिये जहां तक सम्पूर्ण कार्यक्रम का सम्बन्ध है । इस समय उसके कुल अनुदान में वृद्धि करने का कोई विचार नहीं जान पड़ता है किन्तु अलग अलग राज्यों को जिन्होंने इस सम्बन्ध में बहुत अच्छा कार्य किया है दिये जाने वाले अनुदानों में कुछ वृद्धि की जा सकती है । जहां तक द्वितीय पंचवर्षीय योजना का सम्बन्ध है सारी चीज़ विचाराधीन है ।

श्री एल० एन० मिश्र : क्या यह सच है कि कुछ राज्यों में सीमेंट और इस्पात के न मिलने के कारण स्थानीय विकास कार्यों के अधीन निर्माण कार्यों में बाधा पहुंची है और यदि हां, तो क्या स्थानीय निर्माण कार्य विभाग और सरकार के संभरण विभाग—इन दो उपविभागों का समन्वय करने के लिए कोई प्रयत्न किया जा रहा है ?

श्री एस० एन० मिश्र : हमें विदित है कि कुछ मामलों में उचित समय पर सामान न मिलने के कारण कुछ योजनाओं को हानि पहुंची है किन्तु यह प्रश्न तो यातायात आदि के प्रश्न से अधिक सम्बद्ध है ।

श्री गार्डिलिंगन गौड़ : क्या यह सच है कि आन्ध्र राज्य के कुरनूल जिले में कुछ विकास कार्यों पर कलक्टर की स्वीकृति मिल जाने पर भी सरकार द्वारा राजनीतिक कारणों से कार्य रोक दिया गया है ? यदि यह सच है तो क्या सरकार फाइलें मंगवा कर जांच करेगी और उचित आदेश देगी ?

श्री एस० एन० मिश्र : मैं प्रश्न नहीं समझ सका ।

अध्यक्ष महोदय : कुरनूल ज़िले में कुछ कार्यों के लिये कलक्टर ने अनुमति दे दी थी किन्तु फिर भी राजनीतिक कारणों से सरकार द्वारा मँजूरी वापस ले ली गई । यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच करेगी ?

श्री एस० एन० मिश्र : हमें इसकी सूचना नहीं मिली है ।

श्री जांगड़े : जैसा कि अभी माननीय मंत्री महोदय ने बताया है कि स्थानीय विकास योजना देहाती क्षेत्रों में लोकप्रिय हो रही है तो फिर क्या कारण है कि द्वितीय पंचवर्षीय योजना के लिये आगामी वर्ष में आठ करोड़ रुपया रखने के बजाय खर्च को बढ़ाया नहीं जा रहा है ? क्या यह भी कारण है कि सिंचाई और दूसरे कार्यों के लिये विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं हैं ?

श्री एस० एन० मिश्र : विशेषज्ञों का अभाव इसमें ज़रूर खलता है लेकिन माननीय सदस्य ने यहां द्वितीय पंचवर्षीय योजना के बारे में कुछ कहा और साथ ही साथ खर्चा कम हुआ है उसकी भी चर्चा की है । मेरी समझ में नहीं आता कि दोनों का मिलान कहां होता है ?

श्री विश्व नाथ रेड्डी : क्या यह सच है कि इस कार्यक्रम ने प्रथम पंचवर्षीय योजना के किसी भी अन्य विकास कार्यक्रम की तुलना में जनता को सहयोग देने के लिए अधिक प्रोत्साहित किया है ?

श्री एस० एन० मिश्र : इस समय विचार यह जान पड़ता है कि वास्तव में इसने लोगों को अत्यधिक प्रभावित किया है और मैं किसी अन्य सरकारी कार्यक्रम से इसकी तुलना नहीं करना चाहूंगा ।

आंभोरा बांध

*९१०. **श्रीमती अनुसूयाबाई बोरकर** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वैनगंगा नदी पर आंभोरा बांध के निर्माण के लिये मध्य प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार को एक योजना भेजी है; और

(ख) यदि हां तो इस मामले में केन्द्रीय सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

नन्दीकोंडा में सीमेंट का कारखाना

*९१२. **श्री एस० बी० एल० नरसिंहम्** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आन्ध्र राज्य सरकार ने आन्ध्र राज्य के नन्दीकोंडा में एक सीमेंट का कारखाना खोलने के लिये अनुमति मांगी है ;

(ख) यदि हां तो क्या कारखाने को राज्य उपक्रम के रूप में चलाने के लिये अनुमति दे दी गई है ; और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : (क) जी दहीं, श्रीमान् ।

श्री मात्तन : क्या माननीय मंत्री इन सार्थों में विदेशी कर्मचारियों के स्थान पर भारतीय कर्मचारी रखे जाने के सम्बन्ध में हुई प्रगति से सन्तुष्ट हैं क्योंकि उनकी प्रतिशतता बहुत कम है ? माननीय मंत्री ने इस बात की जांच करने के लिये क्या कार्यवाही की है कि क्या ये सार्थ विदेशों से नये तथा बिना अनुभव के लोगों को भर्ती करने में उपयुक्त भारतीय कर्मचारियों की अवहेलना तो नहीं कर रहे हैं ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : इस सम्बन्ध में प्रवृत्ति तो निश्चय ही सन्तोषजनक है परन्तु सरकार यह नहीं निर्णय कर सकती कि किसी सार्थ विशेष के किसी कर्मचारी का किसी पद पाने का दावा ठीक है अथवा नहीं ।

श्री मात्तन : जब विदेशों से अनुभवहीन तथा गैर-टैक्निकल लोग बुलाये जा रहे हैं तो माननीय मंत्री किन कारणों से ऐसा होने दे रहे हैं ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : यहां प्रश्न यह नहीं है । चीज़ वास्तव में यह है कि जिन सार्थों के मालिक राष्ट्रमण्डलीय देशों के अतिरिक्त किसी अन्य देश के लोग हैं, उनके सम्बन्ध में हम बाहर से आने वाले लोगों के दृष्टांकों की जांच करते हैं। परन्तु जो लोग राष्ट्रमंडलीय देशों से आते हैं उन्हें रोकने के लिये तो वास्तव में कोई व्यवस्था ही नहीं है । हां, जैसा कि मेरे साथी ने अभी कहा, जहां तक बड़े बड़े सार्थों का सम्बन्ध है, सरकार ने उन्हें इस बात पर राजी कर लिया है कि वे विदेशियों की भर्ती एक विशेष आधार पर करेंगे।

डा० राम सुभग सिंह : भारत स्थित विदेशी सार्थों में ऐसे भारतीय कर्मचारी कितने प्रतिशत हैं जिन्हें १००० रुपये या इससे अधिक वेतन मिल रहा है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : आंकड़े दे दिये गये हैं, प्रतिशतता फैलाई जा सकती है ।

हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड

*९१७. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **उत्पादन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५४ में हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड के उत्पादन का कुल मूल्य कितना था; और

(ख) क्या उसी कारखाने ने उस वर्ष कोई लाभ दिखाया था ?

उत्पादन उपमंत्री (श्री सतीश चन्द्र): (क) कारखाने ने १९५४ से उत्पादन आरम्भ किया था । ३१–१२–५४ तक कुल ७.६ लाख रुपये की कीमत के केबल तैय्यार किये गये ।

(ख) उत्पादन काल इतना कम था कि कोई लाभ नहीं हुआ ।

श्री डी० सी० शर्मा : इन केबलों का किस प्रकार विक्रय किया गया ?

श्री सतीश चन्द्र : भारत सरकार के डाक और तार विभाग द्वारा इन केबलों को ले लिया जाता है ।

श्री डी० सी० शर्मा : क्या इस कारखाने के लिये उत्पादन का कोई वर्ष वार लक्ष्य निर्धारित किया गया है ; और यदि हां तो आगामी तीन वर्षों में उत्पादन का क्या लक्ष्य रहेगा ?

श्री सतीश चन्द्र : कारखाने के उत्पादन का लक्ष्य ४०० से कुछ अधिक मील लम्बाई के केबल प्रतिवर्ष रखा गया था । उत्पादन के आरम्भ होने की तिथि से तीन वर्ष के भीतर पूरा उत्पादन होने लगने की सम्भावना है । परन्तु डाक व तार विभाग की कुल आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये एक अधिक पाली चलाये जाने का विचार है ।

श्री डी० सी० शर्मा : क्या यह सच नहीं है कि इन केबलों की कुछ मांग भारत के बाहर

भी है, और यदि हां, तो क्या लक्ष्य निर्धारित करते समय भारत सरकार इस बात को भी ध्यान में रख रही है ?

श्री सतीश चन्द्र : नहीं । अभी हमारा इरादा निर्यात की बात सोचने के पूर्व अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करना है ।

श्री रामचन्द्र रेड्डी : तांबे के तार की जितनी आवश्यकता पड़ती है उसमें से कितना स्थानीय रूप से तय्यार किया जाता है और कितना आयात किया जाता है ?

श्री सतीश चन्द्र : बिना सूचना के मैं यह नहीं बता सकता हूं । जब तक कि हम उसके स्थान पर स्थानीय वस्तु का निर्माण करने में असमर्थ हैं विदेशों से तांबे का आयात आवश्यक है ।

श्री भागवत झा आज़ाद : इस कारखाने द्वारा हमारी मांग की कितनी प्रतिशतता की पूर्ति की जाती है और जब कारखाना अधिकतम उत्पादन करने लगेगा तब यह प्रतिशतता कितनी होगी ?

श्री सतीश चन्द्र : अभी तक उत्पादन केवल २४५ मील केबल का हुआ है । प्रविधिक परामर्शदाताओं के साथ किये गये मूल करार में भी इस बात का उपबंध था कि पूरा उत्पादन तीन वर्ष के बाद ही होगा । हम एक से अधिक पाली चलाकर मूल लक्ष्य के भी आगे बढ़ जाने की आशा करते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : देश की आवश्कताओं के साथ इसका अनुपात क्या है ।

श्री सतीश चन्द्र : आगामी दो तीन वर्षों में हम डाक और तार विभाग की कुल आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकेंगे । मैं केवल कवचित केबलों के बारे में कह रहा हूं जिनका इस कारखाने में निर्माण किया जा रहा है अन्य प्रकार के केबलों के सम्बन्ध में नहीं ।

होटल तथा होस्टल

*९२०. **डा० राम सुभग सिंह** : क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार नई दिल्ली में कुछ होस्टल तथा होटल निर्माण करने का विचार करती है ;

(ख) यदि हां, तो कितने होटलों अथवा होस्टलों का निर्माण करने का विचार है ; और

(ग) इन के निर्माण की अनुमानित लागत कितनी होगी ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) और (ख). चाणक्यपुरी में ३५० कमरों वाला एक आधुनिक होटल निर्माण किया जा रहा है । इस होटल का निर्माण करने वाले सार्वजनिक सीमित समवाय की एक प्रवर्तक सरकार भी है और पूर्वाधिकार अंशों के रूप में एक करोड़ रुपये की अधिकृत पूंजी में पच्चीस लाख रुपये का अंशदान देगी । क्वीन्सवे, नई दिल्ली में एक होस्टल निर्माण करने का विनिश्चय भी सरकार द्वारा किया गया है ।

(ग) प्रस्थापित होस्टल की अनुमानित लागत ५७ लाख रुपये है ।

डा० राम सुभग सिंह : चाणक्यपुरी का होटल तथा क्वीन्सवे का होस्टल कब तक बनकर तय्यार हो जायेंगे ?

सरदार स्वर्ण सिंह : क्वीन्सवे का होस्टल कोई एक वर्ष में बन कर तय्यार हो जायेगा । चाणक्यपुरी के होटल के निर्माण में कुछ अधिक समय लग सकता है ।

श्री जयपाल सिंह : सरकार अब जिस होटल को बनाने जा रही है क्या इस होटल के निर्माण का काम पहले ईस्ट इण्डिया होटेल्स लिमिटेड को सौंपा गया था और क्या संविदा

को पूरा करने के लिये उसे किसी प्रकार का दण्ड दिया गया है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : नहीं मुझे इसके सम्बन्ध में कुछ भी पता नहीं है । इसके लिये मुझे सूचना की आवश्यकता है ।

श्री भक्त दर्शन : क्या मैं जान सकता हूं कि कांस्टीट्यूशन हाउस के भाग्य का क्या निर्णय किया गया है । क्या इस पुरानी इमारत को ऐसा ही रहने दिया जायेगा या इसके बारे में भी कुछ विचार किया जा रहा है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : इसी की फ़िक्र की वजह से क्वीन्सवे पर नया होस्टल बनने लगा है । कांस्टीट्यूशन हाउस के कमरे पुराने हो गये हैं और वह ज्यादा समय नहीं चल सकते । इसी लिये यह नया होस्टल बनाया जा रहा है ।

श्री कामत : क्या वर्तमान सरकारी होस्टलों, विशेषतः कान्स्टीट्यूशन हाउस, के सम्बन्ध में क्या ऐसे कोई विशिष्ट नियम हैं जिनके द्वारा सरकारी कर्मचारियों तथा संसद् सदस्यों के लिये आवास स्थान की परिमात्रा निर्धारित की गई है, और यदि हां, तो क्या यह लोग कांस्टीट्यूशन हाउस में सरकारी कर्मचारियों तथा संसद् सदस्यों को आवंटित स्थान से अधिक स्थान पर क़ब्ज़ा किये हुए हैं ?

अध्यक्ष महोदय : शान्ति, शान्ति । मैं समझता हूं कि यह प्रश्न मुख्य प्रश्न से उत्पन्न नहीं होता है ।

राष्ट्रीय श्रमबल

*९२३. **श्री सी० आर० चौधरी** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार देश में एक राष्ट्रीय श्रम बल स्थापित करने का विचार करती है ; और

(ख) निर्माण कार्य के लिये कितने दक्ष तथा अदक्ष कर्मचारियों की आवश्यकता है, क्या इसका अनुमान करने के लिये कोई राष्ट्रीय परिमाप किया जाने वाला है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) और (ख). यह प्रस्थापना अभी विचाराधीन है।

श्री सी० आर० चौधरी : क्या कम से कम परियोजना क्षेत्रों के श्रमबल का अनुमान लगने के लिये कोई परिमाप किया गया है और जहां तक सरकार द्वारा आरम्भ किये गये निर्माण कार्यों का सम्बन्ध है संविदा प्रणाली को समाप्त करने के लिये कौन से उपाय किये गये हैं ?

योजना तथा सिंचाई और विद्युत् मंत्री (श्री नन्दा) : जहां तक हमारी निर्माण परियोजनाओं का सम्बन्ध है इस बात के निश्चित प्रयत्न कर रहे हैं कि अधिक से अधिक कार्य ठेकेदारों के बजाय मजूर सहकारी समितियों द्वारा किया जाये और इस सम्बन्ध में कुछ प्रगति भी हुई है ।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना

*९२४. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या द्वितीय पंचवर्षीय योजना के सम्बन्ध में डा० बी० सी० राय मुख्य मंत्री पश्चिम बंगाल, द्वारा की गई आलोचना पर उचित रूप से विचार किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके परिणाम क्या हुए ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) और (ख). द्वितीय पंचवर्षीय योजना की प्रारूप रुपरेखा की तय्यारी में डा० बी० सी० राय की आलोचना तथा सुझावों पर पूरी तरह से ध्यान दिया जायेगा।

श्री एस० सी० सामन्त : अभी हाल में जब डा० बी० सी० राय यहां आये थे तो क्या उन्होंने योजना आयोग से कोई परामर्श किया था ?

श्री एस० एन० मिश्र : उन्होंने राष्ट्रीय विकास परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया था और समिति ने उन के परामर्श से लाभ उठाया था।

श्री एन० बी० चौधरी : क्या केवल डा० बी० सी० राय के छपे हुए व्याख्यान और राष्ट्रीय विकास परिषद् की बैठक में उनके द्वारा व्यक्त किये गये विचारों पर ही ध्यान दिया गया है अथवा भारत के उद्योगपतियों के सम्मेलन के समक्ष जो व्याख्यान उन्होंने दिये थे उन पर भी विचार किया गया है ?

श्री एस० एन० मिश्र : डा० बी० सी० राय जैसे विख्यात नेता के विचारों पर तथा राष्ट्रीय विकास परिषद् के सदस्य होने की हैसियत से उन पर ध्यान दिया जाना अवश्यम्भावी है।

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : राष्ट्रीय विकास परिषद के प्रत्येक सदस्य को अथवा किसी अन्य व्यक्ति को स्वतन्त्रतापूर्वक अपने विचार प्रकट करने के लिये आमंत्रित किया गया है परन्तु विनिश्चय राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा किया जाता है और विनिश्चय सर्व सम्मति से किया गया था।

नाहन फाउन्ड्री लिमिटेड

*९२६. **श्री भक्त दर्शन** : क्या **लोहा और इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नाहन फाउन्ड्री में मज़दूर सम्बन्धी गड़बड़ फिर हो गई है और जिसके फलस्वरूप मज़दूरों ने हड़ताल कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो इसका व्यौरा क्या है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : (क) जी, हां। ज्ञात हुआ है कि २५ जुलाई, १९५५ को अधिकांश मजदूरों ने "काम बन्द" हड़ताल कर दी।

(ख) स्थानापन्न जनरल मैनेजर ने एक मजदूर का नाहन से बाहर के लिये ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। इसी पर २५ जुलाई, १९५५ को हड़ताल की गई।

(ग) फाउन्ड्री के मामलों की जांच करने के लिये नियुक्त की गई समिति की रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर सरकार इस सम्बन्ध में उपयुक्त कार्यवाही करेगी।

श्री भक्त दर्शन : क्या यह सत्य बात है कि इस नाहन फाउन्ड्री में पिछले बहुत समय से झगड़ा चल रहा है और इसके बारे में एस्टिमेट्स कमेटी की एक विशेष समिति भी नियुक्त की गई थी, मैं जानना चाहता हूं कि उसकी रिपोर्ट का क्या हुआ ?

उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : फरवरी मास में एक हड़ताल हुई थी और उसके बारे में एक कमेटी मुकर्रर की गई है और कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है।

श्री भक्त दर्शन : क्या गवर्नमेंट को कोई इस आशय का सुझाव मिला है कि इस झगड़े की वजह से तथा दूसरे अन्य कारणों से इस फाउन्ड्री को नाहन से हटा दिया जाय या तो उसे हिमाचल प्रदेश सरकार के सुपुर्द कर दिया जाय और क्या इस सुझाव पर सरकार

द्वारा विचार किया गया है और कोई फैसला किया गया है ?

श्री कानूनगो : जब तक उसके बारे में रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक उस बारे में कोई फैसला नहीं हो सकता है।

श्री भक्त दर्शन : क्या यह सत्य है कि इन अधिकांश झगड़ों का कारण वहां के जो मैनेजर या इंजीनियर इनचार्ज हैं, उनके बारे में है और क्या इस बारे में कोई कार्यवाही की जा रही है ?

श्री कानूनगो : नहीं, पिछली दफ़ा उन्होंने चाहा था कि इसकी इनक्वायरी हो और गवर्नमेंट ने एक इनक्वायरी कमेटी मुक़र्रर कर दी थी।

चीन को गया हुआ इंजीनियरों का शिष्टमंडल

*९२७. **श्री कामत** : क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री ८ सितम्बर, १९५४ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ६८८ के उत्तर के सम्बन्ध में बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बाढ़ नियंत्रण योजनाओं का अध्ययन करने के लिये चीन को भेजे गये इंजीनियरों ने अपना अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). जी हां।

श्री कामत : क्या उसकी प्रति सभा पटल पर रख दी गई है या रखी जाने वाली है ?

श्री हाथी : रखी जायेगी।

श्री कामत : कब ? आज या कल ?

श्री हाथी : इसमें कुछ समय लगेगा।

वृत्त चित्र

*९२८. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५४–५५ में प्रदर्शनार्थ विदेशों को भेजे गये भारतीय वृत्त चित्रों की संख्या कितनी है ; और

(ख) इन वृत्त चित्रों से प्राप्त आय की कुल राशि कितनी है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : (क) १९५४–५५ में वाणिज्यिक वितरकों द्वारा ५९ वृत्त चित्र विदेशों को भेजे गये थे। इसके अतिरिक्त, मध्यपूर्व तथा एशियाई देशों के भारतीय दूतावासों को मासिक संस्करण भेजे गये थे।

(ख) आलेखन लागत, भाड़ा इत्यादि के अतिरिक्त ३३५७ रुपये ८ आने।

श्री डी० सी० शर्मा : यह वृत्त चित्र किन देशों को भेजे गये थे ?

डा० केसकर : पूर्वी अफ्रीका, केन्या यूगैन्डा, एथीओपिया, रोडेशिया, बेल्जियम कांगो, मैडागास्कर, पश्चिमी द्वीप समूह फिजी तथा नेपाल।

श्री डी० सी० शर्मा : क्या इन वृत्त चित्रों को वाणिज्यिक समवायों द्वारा उन देशों में जहां भारतीय भारी सख्या में निवास कर रहे हैं कोई बाजार प्राप्त हो जाते हैं ?

डा० केसकर : जिन देशों के मैंने नाम लिये हैं वे ऐसे ही देश हैं जहां भारतीय भारी संख्या में रह रहे हैं और उन देशों में वाणिज्यिक वितरण किये जाने के कारण में से एक कारण यह भी है।

श्री डी० सी० शर्मा : स्वामित्व कितना वसूल किया जाता है क्योंकि माननीय मंत्री ने कहा कि केवल ३००० रुपया या उसके लगभग वसूल किया गया है ?

डा० केसकर : यह बात स्पष्ट है कि प्रलेखीय चल चित्रों की अपेक्षा वृत्त चित्रों के लिये बाज़ार बहुत कम है क्योंकि हमारे प्रलेखीय चलचित्रों का वाणिज्यिक वितरण बहुत से यूरोपीय देशों में हो रहा है। परन्तु वृत्त चित्र ऐसे समाचार विषयक मदों के सम्बन्ध में होते हैं जो कि मुख्यतः भारतीयों के ही रुचिकर होते हैं। इसलिये हम उन क्षेत्रों में जहां पर भारतीय भारी संख्या में नहीं हैं इनका बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक वितरण नहीं करा सके हैं।

श्री रघुनाथ सिंह : उन न्यूज़ रील्स की भाषा क्या होती है ? जिस देश में आप न्यूज़ रील्स भेजते हैं वहां की भाषा में आपको उसको भेजना चाहिये।

डा० केसकर : जब हमारी न्यूज़ रील्स के लिये डिमांड बढ़ेगी तो हम वहां की भाषा में भी अपनी न्यूज़ रील्स बनायेंगे।

नन्दीकोंडा परियोजना

*९३० **श्री सी० आर० चौधरी** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नन्दीकोंडा परियोजना में कंकरीट का बांध बनाया जायेगा अथवा ईंटों आदि का ;

(ख) दोनों की तुलनात्मक लागत क्या होगी और नियोजन की दृष्टि से कौनसा लाभदायक रहेगा ; और

(ग) नहरों का कार्य आरम्भ करने के लिये कौनसा समय निश्चित है ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) ईंटों से बना बांध बनाने का विचार है।

(ख) हैदराबाद सरकार के अनुसार कंकरीट के बांध पर ईंटों आदि के बांध की अपेक्षा अधिक लागत आयेगी और ईंटों के बांध से अधिक व्यक्तियों को काम मिल सकता है।

(ग) अभी तक नियंत्रण बोर्ड ने बांध तथा नहरों पर किये जाने वाले कार्य की निर्माण अनुसूची तैयार नहीं की है। किन्तु, हैदराबाद सरकार नहरों तथा बांध पर एक साथ ही काम आरम्भ करने का विचार करती है।

डा० रामा राव : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि नन्दीकोंडा बांध ईंटों आदि का होगा, क्या सरकार वहां पर एक ऐसे मुख्य इंजिनियर को नियुक्त करने के प्रश्न पर विचार करेगी जिसे कि ईंटों आदि के बांध के काम का अनुभव हो, न कि एक ऐसे व्यक्ति को जिसे सीमित अनुभव हो और वह भी कंकरीट बांध का अधिक हो और जो कि ईंटों आदि के बांध के विरुद्ध भावना रखता हो ?

श्री हाथी : जब इंजीनियर नियुक्त किया जायगा तो नियंत्रण बोर्ड इन सब बातों पर विचार करेगा।

श्री बी० एस० मूर्ति : क्या यह सच है कि इस बांध के लिये मुख्य इंजीनियर की नियुक्ति के बारे में हैदराबाद तथा आंध्र सरकार द्वारा की गई सिफारिश को नामन्जूर कर दिया है ?

श्री हाथी : जी नहीं, केन्द्रीय सरकार द्वारा किसी व्यक्ति विशेष के बारे में कोई ऐसी सिफारिश नहीं की गई थी।

राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम

*४८२. **श्री तुलसीदास** : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम ने अपना कार्य आरम्भ कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके द्वारा **अध्ययन** तथा जांच किये जाने के लिये कौन से **उद्योग** चुने गये हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) लगभग नौ उद्योगों का आरम्भिक अध्ययन किया जा चुका है और इन पर राष्ट्रीय औद्योगिक विकास परिषद् की अगली बैठक में अग्रेतर विचार किया जायेगा ।

श्री तुलसीदास : क्या मैं उन उद्योगों के नाम जान सकता हूं जिन पर निगम विचार करेगा ?

श्री कानूनगो : मुख्यतया वे उद्योग यह होंगे : लकड़ी का गूदा, कार्बन ब्लैक, इस्पात की ढलाई, रंगने की सामग्री की मध्यवर्ती वस्तुयें, रिफैक्ट्रीज़, आंशिक अश्व-शक्ति मीटर, मुद्रण मशीनरी, गन्धक पाइराईट्स, मशीनी औज़ार, डीज़ल इंजिन, तथा जेनरेटर्ज़ ।

श्री तुलसीदास : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या अन्य क्षेत्र में स्थित इन उद्योगों पर कोई प्रभाव पड़ेगा जबकि उसी प्रकार के उद्योग इस निगम द्वारा लिये जायेंगे ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : हम केवल यही कह सकते हैं कि जब निगम किसी उद्योग विशेष को लेने का निर्णय करता है, तो अवश्य ही गैर-सरकारी क्षेत्र पर इस का प्रभाव पड़ता है । यह प्रभाव ऐसा भी हो सकता है जिससे कि उद्योग अधिक उत्पादन आरम्भ कर दे ।

श्री के० पी० त्रिपाठी : इस जांच का क्षेत्र क्या है ? क्या मैं जान सकता हूं कि क्या पूंजी के ढांचे की जांच की जा रही है अथवा श्रमिकों की निर्वाह अवस्था की जांच की जा रही है अथवा दोनों की जांच की जा रही है, या इस के किसी और ही पहलू की जांच की जा रही है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : मैं नहीं समझता कि इस प्रश्न का उत्तर मैं किस प्रकार दूं । किसी उद्योग का विस्तार उस उद्योग के उत्पादों के हमारे उपभोग करने की सीमा तक होता है । दूसरे प्रश्न तभी उत्पन्न हो सकते हैं, जबकि एकक आरम्भ कर दिये जायें ।

पंजाब विश्वविद्यालय

***८९९. डा० राम सुभग सिंह :** क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब सरकार ने पंजाब विश्वविद्यालय को चंडीगढ़ में पुनर्वासित करने के लिये भारत सरकार से ऋण दिये जाने की प्रार्थना की है ;

(ख) यदि हां, तो ऋण के रूप में कितनी रक़म मांगी गई है ; और

(ग) क्या उस ऋण की मंजूरी दे दी गई है ?

पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता ।

(ग) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता ।

इस सम्बन्ध में मैं यह बताना चाहता हूं कि पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से अनुदान दिये जाने के बारे में एक आवेदन अवश्य प्राप्त हुआ है ।

डा० राम सुभग सिंह : प्रार्थना कब प्राप्त हुई थी और इस सम्बन्ध में सरकार कब तक निर्णय करेगी ?

श्री जे० के० भोंसले : यह विषय योजना आयोग तथा शिक्षा मंत्रालय और पुनर्वास मंत्रालय के विचाराधीन है ?

डा० राम सुभग सिंह : क्या मैं जान सकता हूं कि उस सरकार ने कितनी रक़म की मांग की है ?

श्री जे० के० भोंसले : विश्वविद्यालय ने ७५ लाख रुपये के अनुदान की मांग की है ।

भेषजिक (औषधि) जांच समिति

*८९४. **श्री झूलन सिंह** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री २५ फरवरी १९५५ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या २३२ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या भेषजिक जांच समिति की सिफारिशों पर अब तक कोई कार्यवाही की गई है ?

उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । [**देखिये परिशिष्ट ६, अनुबन्ध संख्या ४**]

श्री झूलन सिंह : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या भेषजिक जांच समिति की सिफारिशों के अनुसार की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप क्या नक़ली तथा अप्रमापित औषधियों के विक्रय की स्थिति में कोई सुधार हुआ है और क्या औषधियों के सम्बन्ध में आत्म निर्भरता प्राप्त हो जाने में कोई प्रगति हुई है ?

श्री कानूनगो : अभी से इसका अनुमान लगाना कठिन है ।

डा० रामा राव : क्या मैं जान सकता हूं कि भेषजिक जांच समिति की विभिन्न सिफारिशों में अफीम तथा इस के प्रभावों के सम्बन्ध में भी कोई सिफारिशें हैं और क्या मैं जान सकता हूं कि सरकार ने इन वस्तुओं के निर्माण के प्रोत्साहन देने तथा इनके प्रमापन और इनका प्रचार करने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की है ?

श्री कानूनगो : मुझे पूर्व-सूचना चाहिये।

श्री एन० बी० चौधरी : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि हम एक नई समवाय विधि पारित कर रहे हैं, क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार ने विदेशी व्यापारिक संस्थाओं के बारे में, जिन्हें गवेषणा सम्बन्धी एक योजना आरम्भ करने अथवा स्वदेशी फर्मों को सुविधायें देने के लिये कहा गया है भेषजिक जांच समिति की सिफारिशों पर ध्यान दिया है, तथा क्या इस नई समवाय विधि को दृष्टि में रखते हुए, भविष्य के लिये अनुज्ञप्तियां देने अथवा वर्तमान विदेशी व्यापारिक संस्थाओं को जिनका सम्बन्ध भेषजिक उद्योग से है जारी रखने के बारे में जैसा कि भेषजिक जांच समिति ने सुझाव दिया है, कोई कार्यवाही की जायगी ?

अध्यक्ष महोदय : मेरे विचार से यह तो कार्यवाही करने के लिये एक सुझाव है । इससे जानकारी जानने वाला कोई प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है ।

टाटा लोहा तथा इस्पात समवाय

*८९७. **श्री भागवत झा आज़ाद** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री ७ मार्च, १९५५ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या ५९८ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या टाटा लोहा तथा इस्पात समवाय के प्रसार की योजना अब तैयार कर ली गई है ?

उद्योग मंत्री (श्री कानूनगो) : नहीं श्रीमान्, यह ज्ञात हुआ है कि अभी यह तैयार की जा रही है ।

श्री भागवत झा आज़ाद : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार की सहायता से टाटा वाले अमेरिका में गैर-सरकारी ऋण लेने जा रहे हैं और क्या सरकार उनकी प्रतिभूति देने को तैयार है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : गैर-सरकारी ऋण के लिये सरकार कोई प्रतिभूति नहीं देती है । यदि लोग विदेशी मुद्रा चाहते हैं, तो अवश्य ही उन्हें ऋण लेने

की स्वतन्त्रता है, किन्तु गैर-सरकारी ऋणों के लिये सरकार कोई प्रतिभूति नहीं देती है।

अन्य तरीकों के लिये दिये जाने वाले पारिश्रमिक पर बहुत गहरा प्रभाव डालते हैं। कुछ ऐसे प्रतिबन्ध भी हैं जिन का उद्देश्य यह है कि यदि आर्थिक शक्ति हानिकर रूप में संकेन्द्रित हो जाये, तो उसे रोका जाये इसी लिये मैं ने कहा था कि संयुक्त समिति द्वारा सुझाई गई योजना पर अंशधारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विचार करना चाहिये। मेरा अभिप्राय किन्हीं विशिष्ट अंशधारियों या वर्तमान अंशधारियों से नहीं है। मेरा अभिप्राय उन लोगों से है जो भविष्य में भी निजी उपक्रमों में अपना धन लगाने के लिये तैयार हैं। इस निश्चिय के वाद कि गैर सरकारी क्षेत्र होना चाहिये और इससे अधिकतम लाभ उठाना चाहिये, यह देखना हमारा कर्तव्य है कि निजी विनियोजकों को अपना रुपया संयुक्त स्कंध उपक्रमों में लगाने के लिये प्रोत्साहन दिया जाये। मेरे विचार में यह एक बहुत उचित और प्रशंसनीय उद्देश्य है। इस का अर्थ यह नहीं कि आर्थिक नीति के अन्य मामलों पर विचार नहीं हो सकता। अन्य अवसरों पर और अन्य स्थानों पर इन पर उचित रूप से विचार किया जा सकता है।

लाभांश या लाभों को सीमित करने के प्रश्न को लीजिये। यह ऐसा मामला है जो कि राजकोषीय क्षेत्र में आता है। केवल बिजली आदि जैसे एकाधिपत्य के उपक्रम, जिन के मामले में स्वयं अधिनियम द्वारा कुछ अधिकतम सीमायें निर्धारित की गई हैं और उपभोक्ता को लाभ पहुंचाने के लिये व्यवस्था की गई है, इस क्षेत्र में नहीं आते। किन्तु उद्योग के शेष क्षेत्र में लाभांश या लाभों के स्तर के विषय पर इस प्रकार के विधेयक में चर्चा नहीं की जा सकती। इन विषयों पर उचित समय पर चर्चा की जा सकती है। लाभांश परिसीमन, अतिरिक्त लाभ कर, पूंजीलाभ कर,—ये सब सुविदित साधन हैं और कोई भी सदस्य यह अनुरोध कर सकता है कि इन का उचित समय पर उपयोग किया जाय या उचित समय पर उपयोग न किया जाने के लिये सरकार की आलोचना कर सकता है।

एक और सामान्य बात जो मैं कहना चाहता हूं यह है कि प्रबन्ध के विभिन्न तरीकों पर, निर्णय देने में माननीय सदस्यों को केवल ऐतिहासिक पहलू को ही ध्यान में नहीं रखना चाहिये। यदि वे समझते हैं कि प्रवन्ध अभिकर्ताओं के कारण बहुत सी बुराइयां उत्पन्न हुइ हैं, तो उन्हें यह भी सोचना चाहिये कि क्या प्रबन्ध अभिकर्ताओं के न होने से वहां बुराइयां पैदा न होतीं, मेरा अभिप्राय यह है कि कुछ ऐसी बुराइयां भी हैं जो कि इन्हीं परिस्थितियों में निदेशक बोर्ड या सचिव और कोषाध्यक्ष भी करते या जो अन्य प्रकार के प्रबन्ध के अधीन भी होतीं।

बहुत से सदस्यों ने समाज के समाजवादी ढांचे की ओर निर्देश करते हुए कहा है कि १९३६ से, जब कि विधि में व्यापक संशोधन किया गया था, १९५१ से जब कि इसमें अस्थायी रूप से संशोधन किया गया था और भाभा समिति की रिपोर्ट पर विचार के बाद और विधेयक के तैयार किये जाने के बाद, आर्थिक नीति के निर्धारण में और समाज का समाजवादी ढांचा बनाने का सिद्धान्त स्वीकार करने में देश में बहुत सी महत्वपूर्ण घटनायें हुई हैं। अब भारतीय अर्थ व्यवस्था का सब से प्रमुख पहलू योजनाबद्ध विकास की आवश्यकता है। दूसरे शब्दों में, हम पहली पंच वर्षीय योजना लगभग समाप्त करने वाले हैं। और दूसरी पंचवर्षीय योजना शुरू करने वाले हैं। इसलिये यदि हम अपनी विधियों को वर्तमान घटनाओं की कसौटी पर रखना चाहें तो उस के लिये आवश्यक है कि दूसरी

पंचवर्षीय योजना के कारण सरकार पर जो आभार पड़ते हैं, उन्हें ध्यान में रखते हुए हम इस विधेयक के प्रस्थापित उपबन्धों पर विचार करें ।

मैं समझता हूं कि माननीय सदस्यों को यह ज्ञात है कि आगामी योजना की रूपरेखा में गैर-सरकारी क्षेत्र के अन्तगर्त भारी उद्योगों में नयी पूंजी लगाये जाने का उपबन्ध है । उन्हें यह भी ज्ञात होगा कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने गैरसरकारी क्षेत्र के परामर्श से योजना के विचारार्थ यह राशि बढ़ा दी है और अब यह ७५० करोड़ रूपये के लगभग हैं । अब हम यह चाहते हैं कि गैर-सरकारी क्षेत्र अपना कर्तव्य पूरा कर सकें । इसलिये हमारे लिए इसकी राह में कोई बाधा डालना उचित नहीं होगा । ऐसा करने से उस मंत्रालय का भार जो गैरसरकारी क्षेत्र से ऐसे परिणाम प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी हैं, असहनीय रूप से अधिक हो जायगा ।

एक माननीय सदस्य ने शिकायत की है कि हम ने सदन के सदस्यों को इतनी जानकारी नहीं दी, जिस से कि वे ठीक ठीक अनुमान लगा सकें कि प्रबन्ध अभिकरण प्रणाली को संशोधित रूप में जारी रखना किस हद तक उपयोगी हो सकता है । मेरे विचार में संयुक्त समिति को यह जानकारी दी गई थी । मुझे यह मालूम नहीं था कि इसे सदस्यों को परिचालित नहीं किया गया । इसलिये कल मैं ने उपलब्ध जानकारी का एक संक्षिप्त विवरण—जिस में योग आदि दिये हुए हैं—परिचालित किया है । मैं इन तथ्यों के बारे में फिर कहूंगा ।

किन्तु मेरा अभिप्राय यह है कि इन आंकड़ों से पता न चलेगा कि प्रबन्ध अभिकर्ताओं ने समवाय शुरू करने और उन्हें वित्त देने में कोई कम महत्वपूर्ण काम नहीं किया । ऐसा कोई कारण नहीं जिससे कि हम उनकी शर्तों पर नहीं बल्कि अपनी शर्तों पर उनकी सेवाओं से लाभ न उठायें । ये शर्तें मुख्यतः पारिश्रमिक के बारे में हैं । यदि हम संतुष्ट हों कि भविष्य में यह पारिश्रमिक अत्यधिक नहीं होगा, तो लोगों को इन अनुभवी लोगों की सेवाओं से और इस प्रकार की प्रबन्ध प्रणाली से वंचित क्यों किया जाये ।

कुछ माननीय सदस्य समझते हैं कि निजी पूंजी रखना पाप है । मैं यह बताना चाहूंगा कि निजी उपक्रम से होने वाला लाभ किसी विशेष प्रकार के प्रबन्ध से नहीं होता । हम सब जानते हैं कि अमरीका या ब्रिटेन में कोई प्रबन्ध अभिकर्ता प्रणाली को जानता तक नहीं है । फिर भी अमरीका में ऐसे पूंजीपति हैं जिनके हाथ में कई उद्योग रहते हैं और पश्चिमी योरोप में मूल्य संघ (कार्टेल) हैं । जैसा कि मैंने कहा में प्रबन्ध अभिकर्ता प्रणाली के फलस्वरूप नहीं बने हैं । इन्हें रोका जा सकता है । और इन देशों ने जहां तक आवश्यक समझा है, देश के समाजवादी ढांचे के अन्तगर्त समुचित उपायों से इन्हें रोका भी है । मेरा विचार है कि हमारे देश में भी बहुत से व्यापारी सचमुच यह चाहते हैं कि वे ऐसी प्रणाली के अधीन कार्य करें और बुद्धिमानी और राजनीति यही है कि हम उन्हें ऐसा करने में प्रोत्साहन दें ।

कम्पनियों के विकास सम्बन्धी तथ्यों को ही लीजिये । एक माननीय सदस्य ने कहा कि मैंने कहा था कि हमने समवाय विधेयक का वही ढांचा रहने दिया है जो १८६७ से चला आता है वास्तव में मैंने ऐसा नहीं कहा था ।

श्री वल्लाथरास (पुदुकौटे) : मैंने कहा था । ये शब्द आप ने अपने प्रारम्भिक भाषण में कहे हैं ।

[**उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए]

श्री सी० डी० देशमख : यह बात ठीक नहीं है । मैंने तो यह कहा था कि संयुक्त समिति

[श्री सी० डी० देशमुख]

ने समवाय विधेयक का ढांचा लगभग वही रहने दिया है जिस रूप में कि यह पहिले पुरःस्थापित किया गया था, और यह कि उसने इसमें कोई ठोस या मूल सिद्धांत के परिवर्तन नहीं किये हैं। मैंने सृष्टि के प्रारम्भ की या प्रलयकाल की किसी तिथि का उल्लेख नहीं किया था।

माननीय सदस्य ने कहा है कि कम्पनियों के परिसमापन के सम्बन्ध में जो आंकड़े हैं उनसे स्पष्ट है कि प्रबन्ध अभिकर्त्ता किस प्रकार काम करते रहे हैं। मेरे पास १९१४-१५ से लेकर अबतक के आंकड़े हैं, परन्तु मैं इतनी पुरानी बात नहीं कहूंगा। मेरे पास १९४३-४४ से लेकर १९५४-५५ तक के अलग आंकड़े हैं। यह सच है कि हर साल बहुत सी कम्पनियों का परिसमापन होता है। मैं कुछ आंकड़े देता हूं। १९४३-४४ में ५३३ कम्पनियों का परिसमापन हुआ जिन की प्रदत्त पूंजी ५ करोड़ रुपये थी। दूसरी ओर इसी वर्ष में १४४३ नयी कम्पनियां रजिस्टर हुईं जिन की प्रदत्त पूंजी ३ करोड़ रुपये थी।

उपाध्यक्ष महोदय : उनमें से कितनी कम्पनियों का प्रबन्ध प्रबन्ध अभिकर्त्ताओं के हाथ में था?

श्री सी० डी० देशमुख : मैं यह मान लेता हूं कि उनमें से अधिकतर का प्रबन्ध प्रबन्ध अभिकर्त्ताओं के हाथ में था। मैं यह भी मान लेता हूं कि मुख्यतया ऐसा ही होता है। यही कारण है कि जब हम इस देश में उद्योगो के विकास पर अपना निर्णय देते हैं तो हम परीक्षा रूप से प्रबन्ध अभिकर्त्ता प्रणाली के सम्बन्ध में भी अपना निर्णय दे रहे होते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : जिनका परिसमापन हुआ उन कम्पनियों के साथ साथ अन्य कम्पनियों में भी प्रबन्ध अभिकर्त्ता रहे होंगे?

श्री सी० डी० देशमुख : मेरा ऐसा ही विचार है। मेरे पास दो वर्षों के आंकड़े हैं। सम्भव है कि किसी वर्ष विशष में स्थिति भिन्न हो। स्थिति तो प्रत्येक वर्ष में भिन्न हो सकती है।

श्री के० पी० त्रिपाठी (दर्रांग) : प्रबन्ध अभिकर्त्ताओं के किसी सार्थ का भी परिसमापन हुआ?

श्री सी० डी० देशमुख : निश्चय ही ऐसी कम्पनी का प्रबन्ध इसके हाथ में नहीं रहेगा जिसका परिसमापन हो चुका हो। इस से आगे प्रबन्ध अभिकर्त्ताओं का क्या बनता है, यह मैं नहीं कह सकता क्योंकि उनके हाथ में कुछ ऐसी कम्पनियों का प्रबन्ध रहेगा जिन का परिसमापन हो गया हो और कुछ ऐसी कम्पनियों का जो चल रहीं हों। योजनाकाल के प्रारम्भिक वर्ष १९५०-५१ को ही लीजिये। इस वर्ष में २१०४ नई कम्पनियां रजिस्टर हुईं और ८३० कम्पनियों का परिसमापन हुआ। दूसरी ओर इन नई कम्पनियों की प्रदत्त पूंजी ३ करोड़ रुपये थी जबकि जिन कम्पनियों का परिसमापन हुआ उनकी प्रदत्त पूंजी ९ करोड़ रुपये थी। यह सच है कि १९४३-४४ से १९५४-५५ तक रजिस्टर होने वाली कम्पनियों—जिन में से बहुत सी छोटी छोटी कम्पनियां थीं—की प्रदत्त पूंजी ६७ करोड़ रुपये थी और जिन कम्पनियों का परिसमापन हुआ उन की प्रदत्त पूंजी ८९ करोड़ रुपये थी। परन्तु मेरा तात्पर्य यह है कि हम इसी आधार पर इस सम्बन्ध में निर्णय नहीं दे सकते। हमें देखना है कि....

श्री वल्लाथरास : मैं यह जानना चाहता हूं कि गबन, कदाचार और दुरुपयोग सम्बन्धी कौन सी मुख्य बातें थीं जिन के कारण इन का परिसमापन हुआ?

श्री सी० डी० देशमुख : इस के लिये तो इतने विस्तार में जाना पड़ेगा जिस के लिये समय नहीं है। मैं केवल उस साक्ष्य की बात कर रहा हूं जिस के आधार पर उन्होंने निष्कर्ष

निकाले हैं। अब वह नयी बात उठा रहे हैं। मैं तो केवल यह कह रहा हूं कि केवल परि-समापन सम्बन्धी आंकड़ों के आधार पर इस प्रश्न पर विचार नहीं किया जा सकता। पहली बात तो हमें यह देखनी है कि कितनी नयी कम्पनियां रजिस्टर हुई हैं। दूसरी बात, जो अधिक महत्वपूर्ण है,--में अधिक महत्वपूर्ण बात का उल्लेख. . . .

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : पुदुकोटै की कम्पनियों का परिसमापन तब हुआ जब वह भारत संघ में विलीन कर दिया गया।

श्री सी० डी० देशमुख : माननीय सदस्य को सम्भवतः कारण मालूम हैं। १९४३-४४ में कम्पनियों की कुल संख्या १३,६८९ थी और १९५४-५५ में २९,७७९। १९५४-५५ के आंकड़े अभी अस्थायी हैं। इस का मतलब यह हुआ कि ११ या १२ साल में कम्पनियों की संख्या दुगुनी से अधिक हो गयी। काम करने वाली कम्पनियों की अर्थात् नयी कम्पनियों समेत और उन कम्पनियों को छोड़ कर जिन का परिसमापन हुआ प्रदत्त पूंजी १९४३-४४ में ३५४ करोड़ रुपये थी और १९५४-५५ में यह पूंजी ९८३ करोड़ रुपये थी। अब मैं माननीय सदस्य से और सारी सभा से पूछता हूं कि क्या किसी ऐसी प्रणाली को जिस के अधीन कम्पनियों की संख्या दुगुनी से अधिक हो गयी हो, और प्रदत्त पूंजी लगभग तिगुनी हो गई हो ऐसी प्रणाली कहा जा सकता है जो देश के हित में न हो? उन्हों ने यह कहा था कि केवल परिसमापन के आंकड़ों से ही हम प्रबन्ध अभिकर्ताओं के काम के बारे में निर्णय कर सकते हैं कि यह अच्छा रहा था या नहीं। मैं तो केवल यह कह रहा हूं कि उन का कहना कुछ शर्तों के अधीन ही ठीक हो सकता है। यह कहता हूं कि उन का तर्क गलत है।

अब मैं आप को ऐसे तथ्य बताऊंगा जिन से यह पता चल सके कि प्रबन्ध अभिकर्ताओं ने कम्पनियों के लिये वित्त का प्रबन्ध करने या कम्पनियां प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में क्या किया है। सामने बैठे दो सदस्यों ने यह कहा था कि कम्पनियों की प्रदत्त पूंजी में प्रबन्ध अभिकर्ताओं का योगदान या उद्योगों के लिये प्रबन्ध अभिकर्ताओं के द्वारा वित्त-घोषणा कपोल कल्पित बात है। दूसरे माननीय सदस्य ने कहा कि यह प्रणाली समाप्त कर दी जानी चाहिये,—यह द्वंद्वात्मक तर्क हैं—चूंकि पूंजीपतियों का विचार है कि वे नयी प्रणाली के अधीन कार्य नहीं कर सकते इसलिये इसे समाप्त कर दिया जाय। जहां तक इस मामले के तथ्यों का सम्बन्ध है, स्थिति यह है कि हम ने १३४० प्रबन्ध अभिकरणों के प्रबन्ध के अधीन १७२० कम्पनियों के आंकड़ों की जांच की है। इन १३४० प्रबन्ध अभिकरणों में अधिकतर बड़े बड़े प्रबन्ध अभिकरण सार्थ आ जाते हैं। इन आंकड़ों की जांच से पता चला कि इन कम्पनियों की २५१·२१ करोड़ रुपये की प्रदत्त पूंजी में से, प्रबन्ध अभिकर्ताओं ने २९·२६ करोड़ रुपये या कुल प्रदत्त पूंजी का १३·६० प्रतिशत भाग दिया था। जहां तक दिये गये ऋणों या प्रत्याभूत ऋणों का सम्बन्ध है इन कम्पनियों को मिले इस प्रकार के ऋणों की राशि ७६·४५ करोड़ रुपये थी जिस में से लगभग १८ करोड़ रुपये या २३·९५ प्रतिशत इन प्रबन्ध अभिकर्ताओं ने दिया था। ये आंकड़े १९५१-५२ में १७२० कम्पनियों के सम्बन्ध में हैं। इसलिये मेरे विचार में यह कहना ग़लत है कि प्रबन्ध अभिकर्ताओं द्वारा कम्पनियों का प्रारम्भ किया जाना या उन के लिये वित्त का प्रबन्ध किया जाना कपोल कल्पित बात है। मूल पूंजी के लगभग १५ प्रतिशत या ऋणों के २५ प्रतिशत भाग को कपोल कल्पित बात नहीं कहा जा सकता।

श्री सी० सी० शाह (गोहिलवाड़-सोरठ) : प्रबन्ध अभिकर्ताओं द्वारा दिये गये

[श्री सी० सी० शाह]
और प्रत्याभूत ऋणों के अलग अलग आंकड़े नहीं हैं। जो आंकड़े दिये गये हैं वे दोनों के लिये इकट्ठे ही हैं।

श्री सी० डी० देशमुख : जी, हां। मैं अलग अलग आंकड़े दे रहा हूं। प्रबन्ध अभिकर्ताओं द्वारा दिये गये ऋणों की राशि १०·५४ करोड़ रुपये है और प्रत्याभूत ऋणों की राशि ७.७७ करोड़ रुपये है।

श्री कं० पी० त्रिपाठी : क्या यह सच नहीं है कि आजकल सरकार जितनी पूंजी दे रही है वह प्रबन्ध अभिकर्ताओं द्वारा प्रत्येक वर्ष दी जाने वाली पूंजी से कहीं अधिक है?

श्री सी० डी० देशमख : मुझे इस में सन्देह है। माननीय सदस्यों ने विभिन्न निगमों—औद्योगिक वित्त निगम और विभिन्न राज्य-निगमों—का उल्लेख किया है। उन्होंने इन विशेष ऋणों की भी चर्चा की है। विशेष ऋणों का तो विशेष वर्ग है क्योंकि वे तो मूल्य समानीकरण निधि में से दिये जाते हैं जो कि विक्रय मूल्य और धारण मूल्य के अन्तर से बनती है। मेरा विचार है कि इन के अतिरिक्त भी सरकार द्वारा दिये जाने वाले ऋणों की राशि इतनी अधिक नहीं होती है। ये आंकड़े एक वर्ष के हैं। यह समझ लेने का कोई कारण नहीं है कि ये आंकड़े इस वर्ष विशेष में असाधारण आंकड़े हैं। इसलिये यदि यह मान लिया जाय कि प्रबन्ध अभिकर्ता प्रति वर्ष १८ या २० करोड़ रुपये की पुंजी का प्रबन्ध करते हैं तो मैं कहूंगा कि सरकार जितनी पूंजी का प्रबन्ध करती है वह इस का चौथा या पांचवां भाग भी नहीं होती। मैं ये आंकड़े किसी विशेष बात को सिद्ध करने के लिये नहीं दे रहा। हम यहां इस मामले की पूरी जांच करने के लिये नहीं बैठे हैं।

मैं तो यह कह रहा हूं कि यह कपोल कल्पित बात नहीं है। और यदि प्रबन्ध अभिकर्ता प्रणाली को समाप्त कर दिया जाय तो इतनी पूंजी कहीं से लानी पड़ेगी या बैंकों को इस बात के लिये तैयार करना पड़ेगा कि वे १८ या २० करोड़ रुपये तक की पूंजी का प्रबन्ध करें। हमें नयी कम्पनियों की लगभग १५ प्रतिशत पूंजी कहीं से लानी पड़ेगी।

उपाध्यक्ष महोदय : मेरा सुझाव है कि चूंकि प्रबन्ध अभिकर्ता प्रणाली के सम्बन्ध में माननीय सदस्य जानकारी चाहते हैं और मंत्री महोदय वह जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, सदस्य इस सम्बन्ध में अपने प्रश्न इस कार्यालय में भेज दें और वह उन्हें मंत्री महोदय के पास पहुंचा दें जिस से कि प्रबन्ध अभिकर्ता प्रणाली सम्बन्धी खंडों पर विचार आरम्भ होने से पहले यह जानकारी सदस्यों के पास पहुंच जाय।

श्री सी० डी० देशमुख : मैं भरसक प्रयत्न करूंगा और जो भी जानकारी मेरे पास है, वह दे दूंगा। इसलिये मैं ने यह विवरण यहां परिचालित किया है। मैं गलत धारणा बना बैठा था नहीं तो यह पहले ही परिचालित कर दिया जाता। यह मेरी गलती है। मेरा विचार था कि संयुक्त समिति को जो जानकारी दी गई थी वह सब की सब छाप दी गई है। परन्तु कुछ बातें और ये विवरण छापे नहीं गये इसलिये मेरे पास जो भी आंकड़े हैं मैं खुशी से दे दूंगा क्योंकि उन में यहां बहुत समय लगता है। माननीय सस्दस्य आंकड़े देख सकते हैं और फिर मैं तथ्य बताने में सभा का समय नष्ट नहीं करूंगा। सभा को अपने समय में तर्क को अधिक स्थान देना चाहिये।

इसलिये जहां तक प्रबन्ध अभिकर्ता प्रणाली की सामान्य उपयोगिता का सम्बन्ध है निस्सन्देह हम इस निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं

कि यह प्रमाणित नहीं हुआ कि इस का कोई लाभ नहीं। हम इस सम्बन्ध में यही निर्णय चाहते हैं। यह निर्णय कर लिया जाये तो हम किसी निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं। यदि यहां यह मालूम पड़े कि किसी विशेष प्रबन्ध प्रणाली से नयी कम्पनियों के बनने या उन के लिये पूंजी मिलने में कोई सहायता नहीं मिली है तो उसे जारी रखने को उचित बताना बड़ा कठिन है। मेरा कहना तो केवल यह है कि यह प्रणाली स्वाभाविक विकास का परिणाम है, इस अर्थ में कि व्यापार-प्रबन्ध का अनुभव रखने वाला कोई व्यक्ति आकर जनता से कहता है—"मैं आप को कम्पनी आरम्भ करने में सहायता देना चाहता हूं। मुझे व्यापार प्रबन्ध का अनुभव है। मेरे पास कुछ रुपये भी हैं जो मैं अपनी सद्भावना के प्रमाण के रूप में इस कम्पनी में लगाना चाहता हूं। भला हो या बुरा, मैं आप के साथ रहूंगा। वह रुपया मामूली नहीं बल्कि लगभग १५ प्रतिशत होगा इस के बदले में मैं केवल इतना चाहता हूं कि मुझे १० या १५ वर्ष तक ऐसी शर्तों के अधीन जिन की मंजूरी विधि द्वारा समय समय पर दी जाय, आप की कम्पनी की देखभाल का विशेषाधिकार मिल जाय" और फिर वह यह कहता है कि "कम्पनी में मेरा भी कुछ रुपया है, मैं चाहता हूं कि मुझे सब की सहमति से यह अधिकार मिल जाय कि मैं दो तीन आदमियों को निदेशक बोर्ड के लिये नामनिर्देशित कर सकूं।" मुझे तो इस प्रकार के प्रबन्ध में कोई अस्वाभाविक बात दिखाई नहीं देती। हम भी कम्पनियों को ऋण देते समय ऐसी ही बात सोचते हैं। और सच तो यह है कि सभा यह कहती है कि जब हम किसी कम्पनी को ऋण दें हमें इस बात पर जोर देना चाहिये कि सरकारी निदेशक उस में नामनिर्देशित किये जायें; तो जो बात हमारे लिये अच्छी है वह उन के लिये भी अच्छी होगी।

प्रबन्ध अभिकर्ताओं को इस से अधिक कुछ नहीं मिलता। उन्हें केवल प्रबन्ध करने और नामनिर्देशित करने का अधिकार मात्र मिलता है। कुछ और बा थीं जो कुविकास का परिणाम थीं। मैं यह नहीं कहता हूं कि बुराइयां नहीं थीं या कुविकास नहीं हुआ। मैं उन सदस्यों से होड़ नहीं लगाऊंगा जो सिद्धान्त घड़ रहे हैं और इसे पंचतन्त्र या हितोपदेश का रूप दे रहे हैं। **(अन्तर्बाधा)** मैं यह कह रहा हूं कि इस प्रणाली में बुराइयां हैं परन्तु हम चाहते हैं कि जो लोग हमें अपने अनुभव से लाभ पहुंचाना चाहते हैं उन से अधिक से अधिक लाभ उठाया जाय। मैं यह कहता हूं कि यह हमारे देश की परम्परा के अनुकूल है। यह आर्थिक मामलों में अहिंसा के समान है।

मैं कम से कम इस ओर बैठने वाले सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि वे इस 'अहिंसा' के उपलक्षणाओं पर विचार करें, इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने राजनैतिक क्षेत्र में राज्यों का एकीकरण कर के एक अच्छा उदाहरण कायम किया था। वैषम्य की अत्यधिक सम्भावना होते हुए भी आर्थिक क्षेत्र में कोई नुकसान नहीं हुआ। यदि आप को देश के आर्थिक विकास में सहायता देने के लिये अनुभवी लोग मिल सकते हैं तो आप इस स्थिति का फ़ायदा क्यों न उठायें? प्रवर समिति ने जिन उपबन्धों का सुझाव दिया है उस का सार यही है।

अब मैं पारिश्रमिक के प्रश्न पर आता हूं। माननीय सदस्यों ने बहुत कुछ कहा है—यह कि अमेरिका में प्रबन्ध अभिकर्ताओं को १–२ प्रतिशत मिलता है या कि, कर जांच आयोग के अनुसार, १४ प्रतिशत मिलता है, आदि आदि। जहां तक संयुक्त राज्य अमेरिका और इंगलिस्तान का सम्बन्ध है, संभवतः माननीय सदस्यों की जानकारी ठीक नहीं है। मेरे पास आंकड़े मौजूद हैं किन्तु समय नहीं है। वहां कुछ मामलों में पारिश्रमिक १० प्रतिशत तक है। कनाडियन समवायों में २४ प्रतिशत

[श्री सी० डी० देशमुख]

तक पारिश्रमिक दिया जाता है। अतः आप कह सकते हैं कि वहां पारिश्रमिक १० से ले कर २४ प्रतिशत तक दिया जाता है। जहां तक हमारे देश का सम्बन्ध है, "रिजर्व बैंक बुलेटिन" में दिये हुए आंकड़ों से पता चलता है कि हमारी परिभाषा से जो शुद्ध लाभ हुआ, प्रबन्ध अभिकर्ताओं का १९५०, १९५१ और १९५२ में उसका कोई २७·७ प्रतिशत मिला। अब यह घटा कर १० प्रतिशत किया जा रहा है। मैं माननीय सदस्यों को यह याद दिलाना चाहता हूं कि २७·७ प्रतिशत वास्तविक आंकड़ा है और अब १० प्रतिशत अधिकतम राशि रखी गई है। इस प्रकार मैं समझता हूं कि १९५५, १९५६ और १९५७ में १० प्रतिशत न हो कर ८ प्रतिशत ही रहेगा। पारिश्रमिक २७ प्रतिशत से ८ प्रतिशत रह जाना वास्तव में एक कमाल की चीज है जिस पर हमें गर्व होना चाहिये। यह चीज देश की उस समाजवादी व्यवस्था के सर्वथा अनुकूल रहेगी जिसे हम कायम करने के लिये प्रयत्नशील हैं।

इस के अलावा, हम उन के पारिश्रमिक को केवल इसी उपबन्ध द्वारा सीमित नहीं कर रहे हैं अन्य उपाय भी हैं। उन्हें जो पारिश्रमिक मिलेगा वह आय समझी जायेगी, । सामान्य राजकोषीय नीति, जहां तक आय का ताल्लुक है, न केवल प्रबन्ध अभिकर्ताओं पर ही बल्कि और सभी पर भी लागू होती है। इसके अतिरिक्त सम्पत्ति शुल्क की व्यवस्था है और इसी प्रकार की अन्य चीजें हैं। मेरा तात्पर्य यह है कि हमारे लिये यह उचित नहीं होगा कि चूंकि हमें प्रबन्ध अभिकर्ताओं के भावी व्यवहार के प्रति कुछ सन्देह है, इस कारण हम अपने राजकोष सम्बन्धी विधानों के सभी दंडों का उपबन्ध केवल इसी विधेयक में कर दें।

मैं यह बताना चाहता हूं कि प्रबन्ध-अभिकर्ताओं को दिये जाने वाले १० प्रतिशत पारिश्रमिक की तुलना में ५ प्रतिशत वेतन प्रबन्ध निदेशक ो तथा ७$^1/_2$ प्रतिशत सचिवों और कोषाध्यक्षों ो दिये जाने का उपबन्ध है। माननीय सदस्य पूछ सकते हैं: यह अन्तर क्यों रखा गया है? प्रबन्ध निदेशक एक अकेला व्यक्ति होता है और मैं समझता हूं कि उस के लिये ५ प्रतिशत और वेतन का उपबन्ध ठीक ही है। उस का वित्त-पोषण आदि के विषय में कोई उत्तरदायित्व नहीं है। यदि वह किसी एक पहलू में कुशल हो तो हो सकता है कि किसी दूसरे पहलू में उस में कुछ कमियां भी हों। यदि वह एक अच्छा प्रोडक्शन इंजीनियर है तो दूसरी ओर वह एक अच्छा वित्त-पोषक नहीं होता। परन्तु जहां तक सचिव तथा कोषाध्यक्ष का सम्बन्ध है, यह सब पहलुओं में कुशल होते हैं। आप ६ व्यक्तियों को एक साथ रखते हैं। हो सकता है कि उन में एक वित्तीय विषयों में विशेषज्ञ हो, एक प्रोडक्शन इंजीनियर हो, किसी न किसी स्कूल विशेष से डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त की हो, आदि, आदि। जिन युवकों ने कारबार प्रशासन सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, उन्हें क्यों न एक साथ कार्य करने का अवसर दिया जाय और सचिवों तथा कोषाध्यक्षों के रूप में नियुक्त किया जाय? यह हो सकता है कि उन के पास धन न हो, परन्तु उन के पास योग्यता तो है। किसी एक अकेले व्यक्ति की तुलना में वे अधिक कुशलता तथा सूक्ष्मता से कार्य कर सकते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हम कह सकते हैं कि सचिवों और कोषाध्यक्षों के लिये ७$^1/_2$ प्रतिशत पारिश्रमिक कोई अधिक नहीं है। इसको तथा प्रबन्ध अभिकर्ताओं को दिये जाने वाले पारिश्रमिक में २$^1/_2$ प्रतिशत का अन्तर है जो व्यक्ति १०–१५ प्रतिशत तक

लगाता है और जो न केवल समूह-पूंजी के लिये बल्कि कर्मवाहक पूंजी के लिये भी वित्त की व्यवस्था करने का दायित्व ले रहा है वह निश्चय ही २१/₂ प्रतिशत की अतिरिक्त राशि प्राप्त करने का पात्र है क्योंकि वह ऋण आदि की प्रत्याभूति देता है। सापेक्ष दृष्टिकोण के अतिरिक्त इस दृष्टिकोण से भी यह योजना न्यायोचित है ।

इस प्रकार मैं ने विभिन्न प्रकार के प्रबन्धकों का भेद बता दिया है । प्रबन्ध निर्देशक का कोई विशेष उत्तर-दायित्व नहीं है वरन् वह समवाय में कार्य की देख-रेख करता है । सचिव तथा कोषाध्यक्ष का भी कोई उत्तरदायित्व नहीं है और वे निदेश बोर्ड में किसी निदेशक का नाम निर्देश नहीं कर सकता। हां यदि समवाय में उनके अंश आदि होने के नाते वे निदेशक रख सकें तो वह दूसरी बात है । ऐसा तो प्रबन्ध अभिकर्ता भी कर सकते हैं । यदि किसी समवाय में किसी व्यक्ति के ३०–४० प्रतिशत अंश हों तो क्यों न उसी अनुपात से समवाय के बोर्ड में उनके प्रतिनिधि भी हों ? प्रबन्ध अभिकर्तायों का पारि-श्रमिक निश्चित कर दिया जायगा और उन्हें एकमात्र अधिकार खंड ३७७ या किसी अन्य खंड के अन्तर्गत निर्देशक नाम निर्देशित करने का होगा । जब उन्हें यह अधिकार रहेगा तो वे समवाय में जहां उन्हें सहकारी नामनिर्देशित ने का अधिकार प्राप्त हों, अपने सहकारी नहीं रख सकेंगे । प्रवर समिति ने यह भी उपबन्ध किया है कि उस अवसर में सहकारियों का कोई भी प्रतिनिधित्व समवाय में नहीं होगा ।

मैं सामान्य प्रतिबन्धों की बात लेता हूं । ये विशेष रूप से प्रबंध अभिकर्ताओं के विरोध में ही नहीं हैं । बहुत से प्रतिबन्ध हैं जो निदेशक बोर्डों, प्रबन्धकों प्रबन्ध अभिकर्ताओं और उन लोगों पर लागू होंगे जो विवरण-पत्रिका आदि प्रकाशित करते हैं । कुछ विशेष प्रतिबन्ध भी हैं जो मुख्यतया प्रबन्ध अभिकर्त्ताओं, प्रबन्ध निदेशकों और प्रबन्धकों पर लागू होते ह : यह १९५१ में जारी किये गये थे । संयुक्त समिति ने यह विचार किया है कि यह प्रतिबन्ध केवल तीन वर्ष ही नहीं, स्थायी तौर पर लागू होंगे । संयुक्त समिति ने यह भी सुझाव दिया है कि यह प्रतिबन्ध अनुसूची में रखने के बजाय विधेयक के मुख्य भाग में रखे जाने चाहिये जैसा कि मूल विधेयक में था । यदि सभा यह सोचे कि निदेशकों के बोर्ड में सभी हितों, जैसे ऋण देने वालों, मजदूरों का एक प्रतिनिधि होना चाहिये तो क्या यह एक तर्कहीन बात नहीं होगी कि उन लोगों को, जिन का समवाय में महत्व-पूर्ण अंश होता है और जो समवाय के काम में दिलचस्पी लेते हैं समवाय में प्रतिनिधित्व करने से वंचित रखा जाय । यह तभी ठीक हो सकता है जब उन में कोई समझौता हो जाय । इस बात को ध्यान में रख कर मैं समझता हूं कि संयुक्त समिति की योजना बहुत समझदारी की है । उन्हें यह बात पता है कि भूतकाल में बहुत से प्रबन्ध अभिकर्ता भ्रष्टाचार करते रहे हैं । उन्हें यह भी पता है कि प्रबन्ध अभिकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य अब धीरे धीरे उन्नति की ओर बढ़ना और धन लगाना नहीं है । नये नये समवाय बन रहे हैं और उन की उन्नति के लिये नये तरीके इस्तेमाल किये जाते हैं पर इन के विकास में थोड़ा समय लगेगा । राज्य वित्त निगम अभी शुरू हुआ है । शायद इन में से कुछ ने अपना प्रथम वर्षीय प्रतिवेदन भी निकाल दिया है पर उन को अपना काम पूरा करने में काफी समय लगेगा क्योंकि उन के क्षेत्र भिन्न भिन्न हैं । जिन का विभाजन विधि द्वारा नहीं हुआ है बल्कि राज्य वित्त निगमों और केन्द्रीय औद्योगिक वित्त निगम के

[श्री सी० डी० देशमुख]

बीच समझौते द्वारा हुआ है। इन दोनों बातों को देखते हुए संयुक्त समिति ने सम्पूर्ण उद्योगों के मामलों की विशेषज्ञों की सहायता से जांच करना ठीक समझा कि क्या उद्योग की दशा ऐसी है कि उसे विकास तथा वित्तीय सहायता के लिये विशेष प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है। यदि किसी उद्योग की जांच करने के बाद मंत्रणा आयोग के परामर्श से सरकार इस निर्णय पर पहुंचती है कि अमुक उद्योग को इस प्रबन्ध प्रणाली की आवश्यकता नहीं है तो सरकार घोषणा कर सकेगी कि अमुक में प्रबंध अभिकरण प्रणाली नहीं रहेगी। पर यदि दूसरे उद्योगों में इस प्रबंध में प्रणाली की उपयोगिता है तो उन में से इसे नहीं हटाया जायगा ।

इस के बाद दूसरा उपबन्ध बिना अधिसूचित उद्योगों तथा उन उद्योगों, जहां प्रबन्ध अभिकर्ताओं की आवश्यकता है, के सम्बन्ध में व्यक्तिगत प्रबन्ध अभिकर्ताओं के अनुमोदन के सम्बन्ध में है। संयुक्त समिति ने निश्चय किया कि प्रबन्ध अभिकर्ता के सम्बन्ध में हमें ध्यान रखना चाहिये कि इस का काम भूतकाल में कैसा रहा है, क्या उसकी अर्हतायें पर्याप्त हैं और क्या वह केन्द्रीय प्राधिकार द्वारा निश्चित की गई शर्तों को पूरा करता है। पर इन सभी बातों पर विचार करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि किस प्रकार उद्योग की प्रगति और देश का हित होगा। यदि सभी प्रकार की जांच करने के बाद यह उचित समझा जायेगा कि किसी विशेष उद्योग या संस्था में प्रबंध अभिकरण प्रणाली का रखा जाना उचित है तो मैं समझता हूं कि इस में कोई भी गलती नहीं है कि सरकार प्रबन्ध अभिकरण प्रणाली को उस में जारी रखे। माननीय सदस्यों ने पूछा है कि विधेयक की भाषा से क्या पता लगता है कि इस प्रणाली को मिटाने का इरादा है कि नहीं। मैं कहता हूं कि यह विचार बिल्कुल नासमझी का है कि सभी उद्योगों में से यह प्रबंध अभिकरण प्रणाली हटा दी जाये। विधेयक की भाषा से कुछ भी स्पष्ट पता नहीं लगता पर हर एक आदमी यह समझ सकता है कि अधिकतर लोग इस प्रबन्ध अभिकरण प्रणाली के विरुद्ध हैं अतः यदि इन प्रबन्ध अभिकरणों को जारी रहने दिया जाता है तो यह उत्तरदायित्व उन के ऊपर आ जायेगा कि वह देश की आर्थिक स्थिति का विकास करें। मैं समझता हूं कि इस मामले को यहीं छोड़ दिया जाय।

कुछ माननीय सदस्यों ने पूछा है कि इस बीच में हम अन्य प्रकार के प्रबन्धों को प्रोत्साहन देने के लिये क्या करने जा रहे हैं। मैं सभा का ध्यान सचिवों (सेक्रेटरियों) और कोषाध्यक्षों वाले विशेष उपबन्ध की ओर आकर्षित करता हूं। मैं बता चुका हूं कि ये सचिव और कोषाध्यक्ष सम्मिलित प्रबन्धकों के एक संगठन के सिवा और कुछ भी नहीं है। वे समवाय में कोई धन नहीं लगाते और न उन का कोई हित ही रहता है, अतः प्रबन्ध अभिकर्ताओं की तुलना में उन का पारिश्रमिक भी कम होगा। प्रबन्ध अभिकर्ताओं पर लागू होने वाले अधिकांश प्रतिबन्ध उन पर भी लागू होंगे। कुछ अन्य प्रबन्ध भी उन पर लगाये गये हैं जैसे वे निदेशक नहीं नियुक्त कर सकते और वे विशेष संकल्प द्वारा प्राप्त अधिकार के बिना माल खरीद या बेच नहीं सकते, आदि। धारा ३८३ में इस की चर्चा की गई है। ऐसे तीन या चार प्रतिबन्ध और बहुत से सामान्य प्रतिबन्ध हैं। पर जिन के पास धन नहीं है या जो धन लगाना नहीं चाहते उन के लिये यह बहाना है और वह कह सकते हैं कि हमें तो इच्छा से काम करने वाले आदमी चाहिये। मैं उन्हें वैसे ही रहने देने में

कोई हानि नहीं समझता। मुझे आशा है और शायद सभी लोगों का यही मत होगा कि कुछ समय बाद हमारे सचिव (सेक्रेटरी) और कोषाध्यक्ष इस परम्परावादी वर्ग के नहीं होंगे। हमारे बुद्धिमान नवयुवक सचिव (सेक्रेटरी) और कोषाध्यक्षों के पदों को संभालेंगे।

सभी संस्थाओं को प्रगति करने में समय लगता है। मैं समझता हूं कि यह विधि १९६० से पूर्व लागू नहीं होगी क्योंकि हमें नियम बनाना होगा और प्रशासन व्यवस्था भी करनी होगी। इस के मानी हैं कि चार वर्ष से अधिक की अवधि है। इसी बीच लोगों को अच्छी तरह सोच लेने का अवसर रहेगा कि वे क्या करेंगे। मराठी में एक कहावत है जिस का अर्थ है कि बिना दवा के ही हमारी खांसी अच्छी हो गई। इस प्रणाली के अधीन आप को किसी दवा की आवश्यकता नहीं है। १९६० में हम इस मामले पर फिर विचार करेंगे। हम देखेंगे कि देश में कितना परिवर्तन हो गया है। कुछ उद्योगों के सम्बन्ध में हम निश्चय कर चुके होंगे। उन के कामों की प्रगति को भी देखेंगे। हम यह भी देखेंगे कि आर्थिक शक्ति को किस प्रकार एक स्थान पर एकत्र किया जा रहा है। यदि हमें पता लगेगा कि कोई प्रबन्ध अभिकर्ता इतना खतरा होते हुए भी, अपने आर्थिक स्वार्थों में लगा रहता है तो सरकार को अधिकार होगा कि वह इस प्रबन्ध अभिकरण को बन्द कर दे। उस अभिकर्ता को अपील करने का कोई हक नहीं होगा। अतः मैं समझता हूं कि संयुक्त समिति ने हमारे सामने जो सुझाव पेश किये हैं वे प्रशंसनीय हैं और उन में कोई खराब बात नहीं है

सचिव (सेक्रेटरी) और कोषाध्यक्षों के सम्बन्ध में एक बात और है। इन के सम्बन्ध में आर्थिक शक्ति के केन्द्रीकरण का कोई भय नहीं है क्योंकि उन के पास प्रबन्ध निदेशक या महा प्रबन्धक से अधिक कोई अधिकार नहीं होते। वह तो केवल सम्मिलित प्रबन्धक के रूप में हैं। अतः हमें इस बात का ध्यान रखना है कि यह प्रबन्ध अभिकर्ता आर्थिक शक्ति को अपने हाथों में इकट्ठा न करने पावें। मैं एक सीमा निश्चित कर सकता हूं पर वह क्या होगी : ५० लाख रुपये, ५० करोड़ रुपये; हम नहीं जानते। हम इतना जानते हैं कि प्रबन्ध अभिकर्ताओं ने अपना क्षेत्र बढ़ा लिया है। १९४५ में १५ समवाय थे, १९५४ में ३० हैं। ऐसे पांच या छः उदाहरण हैं। अब उन प्रबन्ध अभिकर्ताओं को कुछ करना होगा चाहे वे अपने कुछ समवाय बन्द कर दें या कुछ को विलय कर दें या कोई अन्य उपाय काम में लायें। हम चार वर्षों तक स्थिति का निरीक्षण करेंगे। जो विभाग हम नियुक्त करने जा रहे हैं उस के द्वारा सभी प्रकार के आंकड़े इकट्ठा करने की तैयारी कर लेंगे। मैं समझता हूं कि एक ऐसी विधि है जिस के अनुसार वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय को किसी प्रकार के आंकड़े मंगाने का अधिकार है। यदि आवश्यकता हुई तो उस विधि को फिर से लागू किया जायेगा। अतः मुझे विश्वास है कि हम अगस्त १९६० तक प्रबन्ध अभिकर्ताओं द्वारा चलाये जाने वाले तथा अन्य प्रबन्धों द्वारा चलाये जाने वाले उद्योगों के मामलों के बारे में सभी जानकारी प्राप्त कर लेंगे। तब कोई निश्चय करना उचित होगा और उस से देश को लाभ भी होगा।

श्री के० पी० त्रिपाठी : तो क्या १९६० तक कोई कार्यवाही करने का विचार नहीं है ?

श्री सी० डी० देशमुख : जहां तक उद्योगों को अधिसूचित करने का प्रश्न है, उस के लिये कोई सीमा नहीं है। आप कल या एक वर्ष में जब चाहें तब कार्यवाही कर सकते हैं। जांच करने में कुछ समय लगेगा। उस के बाद विधेयक के उपबन्ध के अनुसार आप को ३ वर्ष

[श्री सी० डी० देशमुख]

का समय देना पड़ेगा। यदि आप अभी जांच शुरू कर देते हैं तो भी उस समय तक पूर्व सूचना का समय बीत जायेगा। मैं समझता हूं कि इन तीन या चार वर्षों में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। मैं सभा को यह भी बताना चाहता हूं कि एक बड़ी योजना ले कर चलने के बाद, यदि कोई बहुत बड़ा कारण रास्ते में बाधा नहीं बनता तो योजना अवधि के बीच में ही सरकार इस प्रकार का कोई निश्चय नहीं करेगी कि अमुक उद्योग में प्रबन्ध अभिकर्ता नहीं होने चाहियें। यह इस बात पर निर्भर है कि संशोधित विधेयक कैसे कार्यान्वित होता है या योजना की प्रगति कैसे होती है।

श्री गाडगील : अमुक प्रबन्ध व्यवस्था रहती या नहीं रहती, इस से योजना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

श्री सी० डी० देशमुख : यह मेरा ख्याल है और यही सरकार का भी ख्याल है। यही अधिकांश सदस्यों का भी विचार है।

श्री सी० सी० शाह : क्या वर्तमान खण्डों में सचिव (सेक्रेटरी) और कोषाध्यक्ष के सम्बन्ध में ऐसा कोई खंड है कि उन का उन समवायों पर वित्तीय नियंत्रण नहीं होगा या उन के सम्बन्ध में कोई आर्थिक शक्ति नहीं होगी?

श्री सी० डी० देशमुख : मैं समझता हूं कि इस के प्रोत्साहित करने के लिये कोई उपबन्ध नहीं है, हां जब वह समवाय के अंश खरीदेंगे तो उन के हाथों में आर्थिक शक्ति आयेगी। ठीक प्रकार से खरीदी गई आर्थिक शक्ति पर आप आपत्ति नहीं कर सकते। मैं तो अन्य प्रकार से आर्थिक शक्ति के केन्द्रीकरण की बात कर रहा था।

श्री सी० सी० शाह : क्या प्रबन्ध अभिकर्ताओं के बारे में ऐसी बात नहीं है? प्रबन्ध में उन का नियंत्रण होता है, यही उन की आर्थिक शक्ति है।

श्री सी० डी० देशमुख : जी नहीं। बात यह है कि प्रबन्ध अभिकर्ताओं का चाहे समवाय में बहुत ही थोड़ा अंश क्यों न हो, पर चूंकि वे निदेशकों को नियुक्त करते हैं, इस प्रकार समवाय पर उन का आर्थिक नियंत्रण रहता है। यदि उन्हें निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार न हो तो उन्हें कोई भी अधिकार न रहे। धन के अतिरिक्त अन्य साधनों से भी आर्थिक शक्ति को अपनाया जा सकता है। मैं समझता हूं कि मेरे मान्य मित्र अपनी मीठी जबान और तर्क शक्ति के सहारे आर्थिक शक्ति पर अधिकार पा सकते हैं। आर्थिक शक्ति पर कब्जा करने के तो वे अन्य साधन हैं। पर जहां तक विधेयक की योजना का संबन्ध है, किसी भी प्रबन्धक, प्रबन्ध निदेशक, सचिव (सेक्रेटरी) या कोषाध्यक्ष के पास आर्थिक शक्ति पर कब्जा करने का कोई रास्ता नहीं है। वह केवल यह कह सकता है कि हमारे सात आदमी हैं अतः हम कई उद्योगों का प्रबन्ध कर सकते हैं। हम प्रबन्ध निदेशक को दो समवाय दे सकते हैं। हो सकता है कि ५ या ६ बुद्धिमान व्यक्ति हों, वे कहेंगे कि वह १०, ११, १२ समवायों का प्रबन्ध कर सकते हैं। मैं समझता हूं कि सचिवों और कोषाध्यक्षों को बहुत से समवायों का प्रबन्ध सौंपने में कोई डर नहीं है।

श्री सी० सी० शाह : क्या इस विधेयक में ऐसा भी कोई उपबन्ध है कि सचिव और कोषाध्यक्ष केवल शिल्पिक योग्यता वाले व्यक्ति ही होंगे, पूंजी लगाने वाले नहीं?

श्री सी० डी० देशमुख : मैं कहता हूं कि सभी सचिव और कोषाध्यक्ष नये व्यक्ति होते हैं। शिल्पिक योग्यता के लोग बहुत कम हैं, शायद दक्षिण में हों। दूसरे शब्दों में, मैं समझता

हूं कि शायद ही एक-दो अनुभवी हों और वह भी दक्षिण में ।

श्री नटेशन (तिरुवल्लूर) : क्या यह मंत्री और कोषाध्यक्ष जिन समवायों का प्रबन्ध करेंगे उन का वित्तीय उत्तरदायित्व नहीं लेगे ?

श्री गाडगील : यदि उन्हें एक निश्चित सीमा से अधिक अंश लेने का अधिकार न हो तो ठीक है । यदि प्रत्यक्षतः कोई सीमा नहीं होगी तो प्रबन्ध अभिकर्ताओं वाला हाल हो जायेगा ।

श्री सी० डी० देशमुख : मैं वस्तुतः इस प्रश्न को नहीं समझ सका हूं । क्या माननीय सदस्य का यह अभिप्राय है कि चाहे एक व्यक्ति ने ६० प्रतिशत अंश खरीदे हों, लेकिन क्योंकि वह समवाय का सचिव अथवा कोषाध्यक्ष है, अतः प्रबन्ध में वह अपना मत प्रगट नहीं कर सकता । मैं इस प्रमेय को स्वीकार नहीं कर सकता कि जिस व्यक्ति ने अंश खरीदे हों उसे उन अंशों से मिलने वाला अधिकार न दिया जाये ।

श्री गाडगील : तब यह आशंका उचित ही है कि दूसरे प्रकार के गठन में भी यही बुराइयां आ जायेंगी ।

श्री सी० डी० देशमख : ये दोनों बातें भिन्न प्रकार की होंगी । यहां हम उस के नैतिक पहलू से तथा एक सुव्यवस्थित समवाय के प्रबन्ध में उस के अनाधिकार मत से सम्बन्धित हैं ।

मैं ने इन में से कुछ मामलों को सामान्य रूप से हल कर दिया है । अब मैं कुछ अन्य बातों को लूंगा जिन की ओर माननीय सदस्यों ने ध्यान आकर्षित किया है ।

अगला प्रश्न सरकार के अधिकारों के सम्बन्ध में है; क्योंकि उन का प्रशासन के तरीके पर, जिस में माननीय सदस्य विशेष रूप से रुचि रखते हैं, प्रभाव पड़ता है । केन्द्रीय सरकार को लगभग ९४ धाराओं के अधीन अपने अधिकारों का प्रयोग करना है । हम ने उन्हें चार वर्गों में बांटा है । उन में से एक धारा के, यद्यपि कई धारायें पुरानी हैं, अधिकार इस दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं कि वे प्रदत्त नहीं किये जा सकते हैं । उदाहरणस्वरूप जिला न्यायालयों का क्षेत्र निश्चित करने का अधिकार, किसी समवाय को अनुसूची ६ का प्रयोग करने से वंचित करने का अधिकार, आवेदन पत्र देने पर निरीक्षक नियुक्त करने का अधिकार तथा निरीक्षण के सम्बन्ध में अन्य धारायें । यह घोषित करने का भी अधिकार है कि एक समवाय के प्रबन्धक किसी अन्य समवाय के प्रबन्ध अभिकर्ताओं के अनुदेशों के अनुसार कार्य करने के आदी हैं । एक धारा ऐसी है कि जिस का निर्वचन बहुत कठिन है तथा वह निधि के अन्तःपाशन तथा विनियोग के सम्बन्ध में आती है । तत्पश्चात् एक सरकारी परिसमापन पदाधिकारी नियुक्त करने का अधिकार है । यह एक प्रकार की विधि तथा आदेश अधिकार है तथा मेरा सुझाव यह है कि ये किसी मंत्रणा आयोग अथवा संविहित आयोग को प्रदत्त नहीं किये जा सकते हैं ।

कुछ अन्य अधिकार भी हैं जो कि कार्यपालिका के अध्यक्ष को केवल एक सीमा तक ही दिये जा सकते हैं । इस बात से कोई अन्तर नहीं पड़ता कि केन्द्र में कोई संविहित आयोग है अथवा कोई केन्द्रीय विभाग है ।

क्षमा कीजिये, मैं यह कहना भूल गया कि पहिले वर्ग में २१ धारायें हैं । मेरे विचार से इस बात पर सभी सहमत होंगे कि सरकार को ही उक्त धाराओं का प्रयोग करना चाहिये ।

दूसरे वर्ग में ३४ ऐसी धारायें हैं जिनमें अधिकार प्रदत्त किये जा सकते हैं, यथा यह घोषित करने का अधिकार कि अमुक संस्थापन को शाखा कार्यालय नहीं माना जायेगा ।

[श्री सी० डी० देशमुख]

यह बहुत महत्वपूर्ण अधिकार नहीं है। हम साधारणतः पंजीयक को भी ऐसा करने की अनुमति दे सकते हैं। तत्पश्चात् लेखा परीक्षक नियुक्त करने का अधिकार है, संभव है कि इस अधिकार को सरकार को ही प्रयुक्त करना चाहिये। प्रबन्धक की अनर्हतायें हटाने का अधिकार भी महत्वपूर्ण है जिसे कुछ सीमा तक प्रदत्त किया जा सकता है। इस के अलावा बहीखातों को नष्ट कर देने का अधिकार, पंजीयक को दिये गये शुल्क को प्राप्त करने का अधिकार, आदि अधिकार हैं।

तीसरे वर्ग में जहां अनुसूची को बदलने के अधिकार हैं, महत्वपूर्ण धारायें हैं। स्पष्ट है कि सभा इन अधिकारों का संविहित आयोग के द्वारा प्रयोग करना प्रसन्द नहीं करेगी। इन में नियम बनाने का अधिकार भी सम्मिलित है। सदाशयता से किये हुए कार्य के लिये छूट भी है। यह एक सम्पूर्ण प्रभुत्वपूर्ण शक्ति है जिसे प्रदत्त नहीं किया जा सकता है। पंजीयकों को नियुक्त करने का अधिकार भी है। स्पष्ट है कि आप संविहित आयोग को पंजीयक नियक्त करने की अनुमति नहीं दे सकते। ये २१ अधिकार हैं। मेरा सुझाव है कि केन्द्रीय सरकार ही इन का प्रयोग करे।

इस में वे अधिकार सम्मिलित नहीं है जिन को हम १९५१ के संशोधित अधिनिगम के अधीन पहिले से ही प्रयुक्त कर रहे ह। सभा को स्मरण होगा कि १९५१ में कथित दमन इत्यादि के आरोप में अल्पसंख्यकों के आवेदन-पत्र देने पर किसी समवाय के विरुद्ध मुकदमा चलाने पर प्रबन्ध अभिकर्ताओं की स्थिति में परिवर्तन अथवा समर्थन करने के लिये हम ने विभिन्न अधिकार प्राप्त किये। ये लगभग १८ अधिकार हैं। इस में प्रबन्ध निदेशक की नियुक्ति का समर्थन करने का अधिकार भी सम्मिलित है। इस में उद्योग की अधिसूचना देने का अधिकार भी सम्मिलित है। मैं नहीं सोच सकता कि सरकार किसी उद्योग को अधिसूचित करने का अधिकार संविहित आयोग को देगी। इसी प्रकार के अन्य अधिकार भी हैं

मैं एक अन्य बात भी कहना चाहूंगा, जिस में इन दोनों उपबन्धों की सीमायें मिलती हैं। मेरे विचार से भाभा समिति के वे सदस्य जिन्होंने संविहित आयोग के लिये सिफारिश की थी, कदाचित यह आशा कर रहे थे कि संविहित आयोग में वाणिज्यिक हितों को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा।

श्री गाडगील : आशा मात्र थी।

श्री सी० डी० देशमुख : इस के विपरीत अब जो सदस्य संविहित आयोग का समर्थन करते हैं वे आशा करते हैं कि वहां केवल अर्थशास्त्री, अधिकृत लेखापाल इत्यादि ही होंगे। मैं उन दोनों को संतुष्ट करने की स्थिति में नहीं हूं। मेरे विचार से मंत्रणा देने के लिये सर्वाधिक योग्य व्यक्ति मंत्रणा आयोग में हैं। ऐसा होने पर इसे संविहित आयोग में परिवर्तित करना गलत होगा। हम उन से किसी भी मामले में, जिस का हम उन्हें निर्देश करेंगे, सलाह ले सकते हैं। इस प्रश्न पर विचार करने का कोई कारण नहीं है। मुझे आश्चर्य है कि माननीय सदस्यों ने इस बात के लिये इतना आग्रह किया है। क्योंकि मेरे विचार से विभिन्न वर्ग के व्यक्ति संविहित आयोग से विभिन्न प्रकार की आशा करते हैं, अतः विचार का विषय यह होगा कि किसे नियुक्त किया जाय। यदि एक व्यापारी को नियुक्त किया जायगा तो लोग कहेंगे कि "हे ईश्वर! यह क्या किया गया है अब हम संविहित आयोग का विश्वास नहीं कर सकते हैं।" वही सदस्य पुनः आकर यह कहेंगे कि यह गलत है। यह अधिकार सरकार को प्राप्त कर लने चाहियें। यदि किसी अन्य व्यक्ति को

नियुक्त किया जाय तो सारा वाणिज्यिक जगत कमर कस कर यह कहेगा---क्या हमारा भाग्य संविहित आयोग की दया पर ही निर्भर करेगा ।" इसलिये मेरा यह सुझाव है कि संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत की गई पूरी योजना बहुत अच्छी योजना है ।

अब मैं प्रशासन के प्रश्न पर आता हूं । मैं सभा को यह जानकारी दूंगा कि इस समय हम प्रशासन के सम्बन्ध में क्या कर रहे हैं, तथा इस के पूर्व प्रशासन का इतिहास क्या था, क्योंकि लोगों ने ऐतिहासिक आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि चूंकि पहिले प्रशासन दुर्बल रहा है अतः भविश्य में भी वह कमजोर रहेगा

श्री मात्तन (तिरुवल्ला) : कमजोर क्यों, प्रशासन था ही कहां ?

श्री सी० डी० देशमुख : ठीक कहते हैं, ऐसा भी हो सकता है । मेरा उद्देश्य पहिले के प्रशासन का समर्थन करना नहीं है । १ अक्तूबर, १९५३ तक भारतीय समवाय अधिनियम केन्द्रीय सरकार की ओर से अभिकरण के आधार पर राज्य सरकारों द्वारा प्रशासित होता था । संयुक्त स्कंध समवायों के पंजीयक भी राज्य सरकारों द्वारा नियुक्त होते थे । पंजीयक तथा कर्मचारी वर्ग टैक्नीकल रूप से राज्य सरकार के कर्मचारी थे किन्तु प्रशासन का व्यय केन्द्रीय राजस्व से किया जाता था । कई बार वे पूरे समय के पदाधिकारी भी नहीं होते थे । उनके अन्य दायित्व भी होते थे । केवल कलकत्ता, बम्बई, और लखनऊ में पूरे समय कार्य करने वाले पंजीयक थे । किसी किसी राज्य में राज्य सरकारों ने समवाय विधि के प्रशासन के लिये पृथक कर्मचारी दिये हुए थे । अन्य राज्यों में कर्मचारी भी कुछ ही समय कार्य करने वाले थे, जो साथ ही अन्य कार्य भी करते थे । भाग 'ख' राज्यों की स्थिति १ अप्रैल, १९५१ तक कुछ भिन्न थी क्यों-

कि उन की अपनी विधियां होती थीं जो न्यूनाधिक रूप में भारतीय समवाय विधेयक की ही तत्स्थानी थीं क्योंकि इन राज्यों में भी पूरे समय कार्य करने वाला पंजीयक अपवादस्वरूप ही होता था, तथा उपयुक्त प्रशिक्षित कर्मचारी के अभाव मे प्रशासन त्रुटिपूर्ण रहता था । १ अप्रैल, १९५१ से केन्द्रीय विधि सभी भाग 'ख' राज्यों पर लागू की गई किन्तु प्रशासन राज्यों के हाथ में ही रहा, यद्यपि अब यह अभिकरण के आधार पर चलता है । १ अक्तूबर १९५३ से यह प्रणाली रद्द कर दी गई तथा अधिनियम का प्रशासन केन्द्रीय सरकार ने अपने हाथों में लिया, जो कि तब से आज तक इस अधिनियम के अधीन सरकार के अधिकारों का प्रयोग कर रही है । किन्तु पंजीयकों तथा उन के कार्यालयों के प्रशासनिक नियंत्रण ले लेना संभव न था, जब तक कि विभिन्न स्थानों में उचित व्यक्तियों की व्यवस्था न होती । पंजीयक तथा उन के कर्मचारी १ जनवरी, १९५५ तक जब कि केन्द्रीय सरकार ने इस प्रशासन प्रणाली को संभाला राज्य सरकार के ही कर्मचारी रहे । उस दिन से--अर्थात् ७ दिन पूर्व से--सभी महत्वपूर्ण राज्यों के पजीयक तथा कर्मचारी समवाये विधि प्रशासन के निमित्त पूरे समय कार्य करने वाले केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी हो गये । अन्य राज्यों में पंजीयकों के पदों के लिये विज्ञापन दिया गया है तथा लोक सेवा आयोग के द्वारा नियुक्तियां की जा रही हैं । पंजीयकों के कार्यालयों का मंत्रालय के पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है तथा टेक्नीकल तथा अन्य प्रकार के आवश्यक पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों की व्यवस्था कर उस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा रहा है । समवायों तथा केन्द्रीय प्रशासकीय प्राधिकारी के बीच सम्पर्क बनाये रखने तथा समवाय द्वारा समवाय विधि के मामलों में मांगी गई आवश्यक जानकारी वितरित करने के लिये देश को

[श्री सी० डी० देशमुख]

इस समय चार क्षेत्रों में बांट दिया गया है, जिस के मुख्यालय क्रमशः मद्रास, बम्बई, कलकत्ता और दिल्ली में रहेंगे । इन में से प्रत्येक क्षेत्र का प्रमुख एक निदेशक होगा, जिस के सहायतार्थ एक समवाय लेखापाल तथा समवाय अभ्यर्थी रहेंगे । विदेशालय केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के बीच न केवल घनिष्ट सम्पर्क बनाये रखेगा बल्कि समवायों को विधि के उपबन्धों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी तथा सलाह भी देगा । मद्रास क्षेत्र के लिये निदेशक की नियुक्ति हो चुकी है । अन्य क्षेत्रों में निदेशकों की नियुक्ति के लिये उपयुक्त ज्येष्ठ पदाधिकारियों के सम्बन्ध में विचार किया जा रहा है । नियुक्तियां होने के उपरान्त ये स्थानीय संस्थायें उस क्षेत्र में स्थित समवायों को हर सम्भव सहायता दे सकेंगी । केन्द्रीय संगठन को जिस की स्थापना केवल थोड़े से कर्मचारियों को रख कर की गई थी, इस महीने के प्रारम्भ से समवाय विधि शासन के नये विभाग को बना कर सुदृढ़ किया जा रहा है, तथा वहां आवश्यक टैक्नीकल तथा प्रशासनीय कर्मचारियों की व्यवस्था की जा रही है । मैं आशा करता हूं कि इस विभाग के पूर्णतः बन जाने पर यह विभाग नये अधिनियमन के अधीन सरकार पर आये दायित्वों को संभाल सकने में समर्थ हो सकेगा । मेरे पास इस मामले की विस्तृत व्याख्या करने के लिये समय नहीं लेकिन मैं एक बात अवश्य कहूंगा कि ये अधिकार औपचारिक प्रकार के हैं । उन में से कुछ १९५१ के संशोधन से लिये गये हैं जिन्हें हम स्थायी बना रहे हैं, लेकिन विशेष मामलों का निपटारा करने के अधिकार सरकार के पास बहुत थोड़े हैं । उस का कारण यह है विधेयक की योजना के अनुसार हम ने यह अनुभव किया कि भले ही यह योजना साधारण मामलों के उपयुक्त हो, हमें कुछ मामलों को अपवाद मानना होगा । अब विकल्प यह था कि या तो सामान्य योजना को ही बदल दिया जाये जिस से यह विशेष मामलों के उपयुक्त सिद्ध हो सके । अथवा योजना की मूल कठोरता को वैसे ही रहने दिया जाय, किन्तु केन्द्रीय सरकार को ऐसे अधिकार दिये जायें कि वह उस विशेष मामले की परिस्थिति को ध्यान में रख कर आदेश दे सके । मेरे विचार से दूसरा विकल्प अधिक उपयुक्त था । क्योंकि पहिला विकल्प लेने पर उस विशेष उपबन्ध का सामान्य ढांचा, यथा एक ही गुट्ट के द्वारा सचालित होने वाले समवायों के विनियोग के सम्बन्ध में उपबन्ध, कमजोर पड़ जाता ।

हम ने कुछ प्रतिशत निश्चित किया है । हम से कहा गया था कि प्रतिशत पर जोर देने से ग़ैर-सरकारी उद्योग कम हो जायगा । समिति के सामने यह एक समस्या बन गई थी और यदि माननीय सदस्य सरकार की ईमानदारी पर विश्वास करते हैं तो मैं यही कहूंगा कि समिति ने इस को भलीभांति सुलझाया है । मुझे आशा है कि वे इस का अनुमोदन करेंगे, अन्यथा यदि उन्हें विश्वास ही नहीं है तो फिर तर्क करना व्यर्थ है ।

हम ने लेखा तथा लेखा परीक्षा के बारे में भी उपबन्ध किये हैं जिन का खंडशः विचार किये जाने पर मैं अधिक बता सकूंगा । उन का विषय यह है कि लेखापरीक्षकों की संख्या कितनी होगी और उन की नियुक्ति सरकारी तथा अन्य समवायों में सरकार द्वारा होगी या नहीं । इन बातों पर वित्त मंत्रालय तथा नियंत्रक महालेखा परीक्षक के बीच जो तय हुआ है उस विषय के संशोधन मैं यहां प्रस्तुत करूंगा, जिन से मुझे आशा है कि सभा अवश्य सन्तुष्ट होगी । हमारे सामने अनेक विषय हैं जैसे निदेशक, पूंजी, मतदान, विदेशी समवाय, व्यक्तिगत समवाय, आदि । माननीय सदस्यों ने इन पर जैसा प्रकाश डाला है उस के अनुसार मैं

इन पर विचार करूंगा। इस समय इन पर बोलने की अपेक्षा खंडश: विचार के समय बोलना श्रेयस्कर होगा। अभी मेरे पास समय भी अधिक नहीं है।

मैं एक और बात का उल्लेख किये देता हूं। वह मजदूरों द्वारा समवायों में हिस्सा लेने के बारे में है। सभा में यह बताया गया था कि श्रम मंत्रालय ने इस विषय में एक पत्र योजना आयोग के पास भेजा है जो वहां विचाराधीन है। उस पर कैबिनेट तभी विचार करेगी जब कि योजना आयोग की सिफोरिशें सरकार को उपलब्ध होंगी। तभी इस विषय में कुछ निर्णय किया जा सकेगा। अतः इस समय मैं यही कहने के लिये बाध्य हो रहा हूं कि नं मैं और न श्रम मंत्रालय इस विषय में कोई सूचना दे सकता है। हम इतना अवश्य महसूस करते हैं कि मजदूरों के लिये भी कुछ किया जाना चाहिये किन्तु हम केवल सिद्धान्तों का ही अनुकरण नहीं करते। हमें परिस्थिति को भी समझना पड़ता है।

श्री के० पी० त्रिपाठी : क्या इस विधेयक के पारित होने से पूर्व ही योजना आयोग द्वारा इस विषय में कोई निश्चय किये जाने की संभावना है ?

श्री सी० डी० देशमुख : मुझे खेद है कि अभी ऐसी कोई संभावना नहीं है। योजना आयोग के सामने बड़े बड़े प्रश्न उपस्थित हैं। वे ४३ अरब रुपये की योजना बनाने में व्यस्त हैं। राज्य सरकारों तथा केन्द्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिधियों के साथ उन की रोज बैठक होती है। मुझे आशा है कि माननीय सदस्य धैर्य से काम लेंगे और जब कोई निश्चय कर लिया जायगा तो हम उसे उचित रूप से कार्यान्वित कर सकेंगे।

अन्त में, अपना स्थान ग्रहण करने से पहले जैसा मैं ने कल कहा था, मैं आज फिर यही कहता हूं कि यह विधेयक 'निगम चतुर्विंशतिचिन्तामणि' नामक पुस्तक की भांति है। 'निगम' का अर्थ समवाय से है। यादव राजाओं का विक्रम नामक एक प्रधानामात्य था जो मन्दिर-निर्माण कला का विशेषज्ञ था। इतना ही नहीं, वह एक विद्वान भी था और उस ने 'निगम चतुर्विंशति चिन्तामणि' नाम की एक पुस्तक लिखी जिस में जन्म से मृत्यु तक समस्त मानव संस्कारों का वर्णन किया गया है। ठीक इसी प्रकार प्रस्तुत विधेयक का अभिप्राय निगम के अंशधारियों के विधिवत् संस्कारों का उल्लेख करना है।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि समवायों तथा कतिपय अन्य संथाओं से सम्बन्धित विधि को एकीकृत और संशोधित करने वाले विधयक पर, संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवदित रूप में, विचार किया जाय।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री सी० सी० शाह : मैं निवेदन करता हूं कि माननीय वित्त मंत्री के भाषण की एक एक प्रति सब सदस्यों को दी जाय।

उपाध्यक्ष महोदय : इस के लिये मैं दफ्तर में कहूंगा।

प्रेस आयोग के प्रतिवेदन के बारे में प्रस्ताव

सूचना और प्रसारण मंत्री (डा० केसकर) : मैं प्रस्ताव करता हू :

"कि प्रेस आयोग के प्रतिवेदन पर विचार किया जाय।"

प्रतिवेदन से मेरा अर्थ केवल मुख्य प्रतिवेदन से हो नहीं, बल्कि उन दो अन्य पुस्तकों से भी है जो उस के साथ सदस्यों को दी गई हैं।

इन की प्रतियां राज्य सरकारों तथा कुछ संस्थाओं को भी भेजी गई हैं। इस विषय

[डा० केसकर]

पर विचार करने के लिये उन्हें काफी समय मिल गया होगा । सभा से इस पर विचार करने के लिये निवेदन करते समय मुझे अपना दृष्टिकोण अथवा इस के बारे में सरकार का दृष्टिकोण प्रकट करना ठीक नहीं जान पड़ता क्योंकि माननीय सदस्यों के विचारों से अवगत होने से पूर्व किसी निष्कर्ष पर पहुचना हमें शोभा नहीं देता । मुझे तो इस प्रतिवेदन के महत्त्व पर प्रकाश डालने के लिये इस की कुछ बातों की ओर सभा का ध्यान आकर्षित करना है ।

जैसा कि सब को विदित है प्रेस आयोग की नियुक्ति अक्तूबर १९५२ में की गई थी । निर्देश पदानुसार आयोग को प्रेस सम्बन्धी सभी बातों पर विचार करने के लिये कहा गया था । उन्होंने इस प्रतिवेदन में प्रेस उद्योग के आर्थिक तथा प्रबन्धात्मक स्वरूप, पत्रों पर एकाधिपत्य, विदेशी प्रभाव, श्रमजीवी पत्रकारों की दशा, इस उद्योग का आवश्यक उपकरण, पत्रकारिता का उच्चस्तर, आदि बातों पर प्रकाश डाला है । आयोग ने अपना प्रतिवदन जुलाई १९५४ में प्रस्तुत किया । उन्होंने इस प्रतिवेदन को जितने सुन्दर ढंग से तैयार किया है उस की में मुक्त कंठ से प्रशंसा करता हूं । माननीय सदस्यों को स्मरण होगा कि ब्रिटेन के प्रेस आयोग को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में इस से कहीं अधिक समय लग गया था । हमारे यहां तो आयोग का कार्य अपेक्षाकृत और भी कठिन था । यहां तो साधारण आंकड़े भी उपलब्ध नहीं थे । पत्रों की संख्या, उनकी प्रचार संख्या, आदि की सूचना प्राप्त करने में काफी समय लग गया । आयोग ने यथा-शीघ्र रीति से उन्हें हस्तगत किया । आर्थिक कारणों से तथा प्रेस के लिये शीघ्र ही उपबन्ध करन के लिये हम ने उन से यह प्रतिवेदन जल्दी मांगा था । उन्हों न अपना वादा पूरा किया और जुलाई १९५४ में उसे प्रस्तुत कर दिया । इस दो वर्ष के समय को हम अधिक नहीं कह सकते ।

प्रेस आयोग की प्रशंसा करते समय मैं उस के भूतपूर्व सभापति स्वर्गीय न्यायाधीश राजाध्यक्ष को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किये बिना नहीं रह सकता जिन्होंने इतने कठिन कार्य को हाथ में ले कर इसे शीघ्र ही सम्पन्न किया । उन के चातुर्य और सुन्दर स्वभाव के कारण आयोग में सदैव एकमत रहा । प्रेस आयोग के सम्बन्ध में जब मैं उन के निकट सम्पर्क में आया तो उन की योग्यता और दक्षता के प्रति मेरे हृदय में अधिक से अधिक सम्मान बढ़ता गया । दुःख का विषय है कि आयोग का कार्य समाप्त करने के उपरान्त, जब उन्हें एक दूसरा काम सौंपा गया तो वे हमारे बीच में नहीं रहे । संभवतः आयोग में रह कर उन्होंने जो अथक परिश्रम किया वही उन के लिये प्राणघातक सिद्ध हुआ ।

दूसरी स्वर्गीय आत्मा प्रेस आयोग के प्रथम सचिव श्री चावला के प्रति भी मैं अपना आभार प्रकट करता हूं जो आयोग का कार्य प्रारम्भ होने के कुछ समय बाद ही हम से बिछुड़ गये । वे आल इंडिया रेडियो की समाचार सेवा के निदेशक थे और कुछ ही समय में आयोग के सदस्य उन के प्रशंसनीय कार्य के कारण उन का बड़ा आदर करने लगे थे । हमें खेद है कि वे इस कार्य को पूरा होता नहीं देख सके ।

प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरान्त हम ने निश्चय किया कि उस के बारे में लोगों की जो भी राय हो वह यथाशीघ्र प्राप्त की जानी चाहिये । यह मैं इसलिय बता रहा हूं कि सरकार के ऊपर इस विषय. में विलम्ब करने का आरोप लगाया गया है । हम ने प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद एक महीने के भीतर सदस्यों के पास उस की प्रतियां भेज दीं ।

हमें स्मरण रखना चाहिये कि प्रेस आयोग के प्रतिवेदन का सम्बन्ध केवल केन्द्रीय सरकार से ही नहीं है। इस का सम्बन्ध समस्त समाज और समस्त जनता से है। इसका सम्बन्ध समस्त राज्यों से है क्योंकि प्रेस सभी जगह है और उस से सम्बन्धित नियम भी सब राज्यों में विद्यमान हैं। अतः सरकार के लिये यह आवश्यक था कि प्रेस आयोग की सिफारिशों पर विचार करने से पूर्व सभी सम्बन्धित व्यक्तियों का दृष्टिकोण जान लिया जाय। मुझे खेद है कि इस कार्य में कुछ विलम्ब अवश्य हुआ, किन्तु जब हम यह विचार करते हैं कि हमें कितने लोगों से पूछताछ करनी पड़ी और इस विषय का विस्तार कितना अधिक रहा तो हमें इस विलम्ब की विशेष चिन्ता नहीं करनी चाहिये। उदाहरणतः, श्रमजीवी पत्रकारों की सेवा की शर्तों से लेकर भारत में अखबारी कागज का कारखाना स्थापित करने तक की बातें इन सिफारिशों में बताई गई हैं। प्रत्येक सम्भव पहलू इस में सम्मिलित हो चुका है। इन को अलग अलग श्रेणियों में रखा जायेगा और उन पर पृथक रूप से विचार किया जायेगा ; और इतना काम करना अर्थात् उन के सम्बन्ध में उन की प्रतिक्रिया जानना भी एक सरल काम नहीं। मुझे इस बात में सन्देह हो रहा है क्योंकि पिछली बार हमें अनेक निकायों से उत्तर और सम्मतियां प्राप्त करने के लिये कई बार उन्हें स्मृति-पत्र भेजने पड़े। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हम ने यथासंभव शीघ्रता से इस मामले को समाप्त करने का प्रयत्न किया था, और उस सब के बावजूद हमें आयोग की सिफारिशों के सम्बन्ध में राज्य सरकारों तथा सम्बद्ध हितों की राय जानने के लिये १९५४ के वर्ष भर तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। केवल १९५५ के आरम्भ में की जाने वाली कार्यवाही के प्रश्न पर सरकार विचार कर सकी। अतः एवं मैं आशा करता हूं कि सभा मुझ से इस बात में सहमत होगी कि इस प्रकार के महत्वपूर्ण मामले में हम ने उचित समय से अधिक न लगा कर कोई देर नहीं की है। निस्सन्देह, मैं और एक कदम आगे बढ़ंगा और यही कहूंगा कि ऐसे मामल में जल्दबाजी करना या पहले से ही ऐसी आशा करना और एक ऐसा गलत निश्चय करना जिसे बाद में बदलना पड़े, बिल्कुल गलत कदम होगा, और वह भी जब कि प्रेस के सम्बन्ध में कोई मामला तय नहीं होने जा रहा हो। इस सभा के सदस्य और बाहर की जनता इस बात के उत्साही हैं कि सरकार को प्रेस के स्वातन्त्र्य के साथ कोई अनधिकार चेष्टा नहीं करनी चाहिये, प्रेस पर किसी भी प्रकार की रोक या पाबन्दी नहीं लगानी चाहिये; हम भी स्वयं इस बात के उत्साही हैं और इसी लिये हम इस बात का ध्यान रखेंगे कि इस में सरकार का कम-से-कम हस्तक्षेप हो। यह भी इस बात का एक कारण रहा है कि क्यों हम इस प्रश्न के सम्बन्ध में कोई निश्चय करने में बहुत ही सावधान रहें।

यदि मुझे आज्ञा हो तो मैं अब आयोग की मुख्य सिफारिशों का उल्लेख करूंगा। इस समय उन को सभा के समक्ष रखने का मुख्य कारण यह है कि यों तो प्रायः बहुत से सदस्यों ने उन सिफारिशों को पढ़ा है किन्तु जैसा मैं ने २२ दिसम्बर, १९५४ को सभा-पटल पर रखे गये विवरण में बताया था, उन सिफारिशों की बहुत बड़ी संख्या है।

उन में से कुछ कम महत्व की हैं; कुछ ऐसी हैं जिन्हें मुख्य सिफारिशें नहीं कहा जा सकता, और इसी लिये मैं आयोग की महत्वपूर्ण सिफारिशों पर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ताकि सदस्य उन पर विचार करें और अपना मत दें जिस से सरकार किसी निश्चित निष्कर्ष पर पहुंच सके।

स्वभावतः, इन में से महत्वपूर्ण बातों में एक बात श्रमजीवी पत्रकारों की सेवा की शर्तों

[डा० केसकर]

के सम्बन्ध में है। दूसरी शर्त प्रेस के पंजीयन के सम्बन्ध में विधि के पुनरीक्षण की है। प्राइस-पेज शेड्यूल (अखबारों की कीमत पन्नों के हिसाब से) द्वारा उद्योग के आर्थिक पहलू का विनियमन —यह भी एक और प्रश्न है जिस से प्रेस परिषद् के संविधान का भी प्रश्न पैदा होता है। मैं यहां इसी लिये इन सब बातों का उल्लेख कर रहा हूं क्योंकि विधायिनी कार्यवाही किये जाने के नाते यह सरकार से सम्बन्ध रखने वाली बात है। आप को स्मरण होगा कि आयोग की कुछ एक महत्वपूर्ण सिफारिशें स्वयं उद्योग से सम्बन्ध रखती हैं। वे ऐसी सिफारिशें हैं जिन में सरकार हस्तक्षेप नहीं कर सकती, किन्तु वे एक सामान्य परामर्श के रूप में हैं जो आयोग ने समाचार-पत्र उद्योग को दी हैं ताकि वे अधिक अच्छे आधार पर उद्योग का पुनर्गठन करने के लिये उन का अनुसरण करें। तो यह स्वाभाविक है कि सरकार विविध सम्बद्ध हितों (उद्योगों) तक उन को पहुंचाने के अतिरिक्त और कुछ नहीं कर सकती। किन्तु मैं, जो चार या पांच बातें बता चुका, वस्तुतः वे ही हैं जिन में यदि आप कोई कार्यवाही करें तो वह विधायिनी कार्यवाही होगी, और उन में बहुत महत्वपूर्ण सिद्धान्तों की बात आयेगी। कई ऐसी सिफारिशें भी हैं जिन में कार्यपालिका कार्यवाही की आवश्यकता है—उदाहरणतः, सरकारी विज्ञापन नीति का प्रश्न और संवाददाताओं की मान्यता का भी प्रश्न तथा प्रेस के साथ सम्पर्क, अर्थात् मंत्रणा समितियों का प्रश्न। समाचार अभिकरणों के सम्बन्ध में भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है।

तो अब ये सभी प्रश्न इस प्रकार के हैं जिन पर सभा में, निस्सन्देह, एक अच्छा वाद-विवाद हो सकेगा, और मैं इन सभी मामलों के सम्बन्ध में सभा के सदस्यों की राय जान कर कृतज्ञ भी हूंगा।

मैं यहां यह भी कहूं कि इस सभा के विगत सत्र में यह प्रश्न हमारे सामने आने वाला था और उस समय सरकार बहुत सी सिफारिशों के सम्बन्ध में किन्हीं अस्थायी निष्कर्षों पर नहीं पहुंच सकी थी, यद्यपि यह संभव है कि यदि विवाद हुआ होता तो सरकार को किसी निश्चय पर पहुंचने में सहायता मिली होती। कदाचित् इस के लिये कोई समय नहीं मिला। किन्तु मैं यह कह दूं कि आज सरकार आयोग की बहुत सी सिफारिशों के सम्बन्ध में कुछ एक अस्थायी निष्कर्षों पर पहुंची है। अभी भी दो एक मामले अनिर्णीत पड़े हैं। और उन पर चर्चा भी हो रही है। उन मामलों पर भी जिन के सम्बन्ध में हम ने कोई राय बनाई है और उन पर जिन के सम्बन्ध में हम इस समय चर्चा कर रहे हैं, सभा की राय जान लेने से सरकार निश्चित निष्कर्षों पर पहुंचेगी। वस्तुतः हमारे अनेक निष्कर्षों को अन्तिम रूप न देने का यह भी एक कारण था कि हम अन्तिम निश्चय करने से पहले दोनों सभाओं के गणमान्य सदस्यों की राय जानना चाहते थे। यह भी संभव है कि कई मामलों पर यद्यपि हम कुछ अस्थायी निष्कर्षों पर पहुंचे, हैं, सभा में यदि चर्चा हो तो हमें अपनी राय बदलनी पड़े, और इसीलिये हम ने निश्चित निष्कर्षों पर पहुंचने के लिये उन मामलों को चर्चा होने तक पड़ा रहने दिया है।

मैं इस समय और कुछ नहीं कहना चाहता। इन सिफारिशों के सम्बन्ध में मुझे जो कुछ कहना होगा वह मैं माननीय सदस्यों की सुविचारित और विद्वत्तापूर्ण रायें सुन लेने के बाद इस विवाद के अन्त में कहूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

निम्नलिखित संशोधन प्रस्तुत किये गये :—

प्रस्तावक का नाम	संशोधन संख्या
श्री तिम्मय्या (कोलार—रक्षित—अनुसूचित जातियां)	१
श्री एच० एन० मुखर्जी (कलकत्ता उत्तर-पूर्व)	३
श्री डा० सी० शर्मा (होशियारपुर)	४
श्री डाभी (कैरा उत्तर)	६
श्री रघुरामैया (तेनालि)	७
श्री भागवत झा आज़ाद (पूर्निया व सन्थाल परगना)	८
श्री के० पी० त्रिपाठी	९

उपाध्यक्ष महोदय : ये सब संशोधन अब सभा के समक्ष हैं ।

श्री वी० वी० गिरि (पातपटनम्) : मैं आप का बड़ा आभारी हूं कि आप ने प्रेस आयोग के निष्कर्षों पर बोलने का अवसर दिया है । मैं स्वर्गीय श्री राज्याध्क्ष की सेवाओं की प्रशंसा करता हूं कि उन्हों ने अपने सभापतित्व में इस प्रकार का महत्वपूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है । इस के अनन्तर मैं अपने मित्र डा० केसकर को बधाई देता हूं कि उन्होंने अपनी योग्यता से इस आयोग में इतने योग्य व्यक्तियों का समावेश किया था जो सभी क्षेत्रों में अनुभवी थे ।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय मंत्री इस विधान को पारित करा लेंगे तथा आयोग के निर्णयों को लागू करा लेंगे । परन्तु मालिकों तथा कर्मचारियों को भी इस का पूर्ण ध्यान रखना होगा कि इन को पूर्णतः कार्यान्वित किया गया है अथवा नहीं तथा इस के परिणामस्वरूप उद्योग बड़े पैमाने पर स्थापित हुआ है अथवा नहीं और कर्मचारियों की कठिनाइयां दूर की गई हैं अथवा नहीं ।

उन्होंने कम से कम वेतन, सेवा की सुरक्षा, काम के घंटे, विश्राम काल, भविष्य निधि आदि समस्याओं पर विचार किया है तथा उन्होंने बड़ा ही न्याययुक्त और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया है । इस में सन्देह नहीं कि कुछ व्यक्ति संतुष्ट न हो कर इस की आलोचना करेंगे । प्रायः देखा गया है कि जब कभी सरकार ने कर्मचारियों की कुछ भलाई करनी चाही, मालिकों ने सदा इसका विरोध किया कि काम के घंटे कम करने पर उत्पादन कम हो जायेगा और उद्योग असफल हो जायेगा । इस समय भी मालिक इसी प्रकार की बातें कह रहे हैं । परन्तु उन का विचार ठीक नहीं है । अच्छे वेतन, अच्छी सेवा शर्तें आदि के परिणामस्वरूप कर्मचारी अधिक कार्य करेंगे जिस से सभी को लाभ होगा । विभिन्न देशों में कम से कम वेतन नीति लागू करने से, उन देशों की स्थिति में सुधार हुआ है । हमें इतिहास पर अवश्य ध्यान रखना चाहिये । तथा मेरा विचार है कि इस आयोग की सिफारिशों को लागू करने से अधिक लाभ होगा ।

सरकार को सिफारिशें एक दम लागू कर देनी चाहियें तथा पांच वर्ष पश्चात् दूसरा आयोग नियुक्त कर दे जो आवश्यक हो तो सामान्य त्रुटियों की जांच करे तथा उन्हें दूर करने की सिफारिशें करे इसलिये माननीय मंत्री से मेरी प्रार्थना है कि वह न्यूनतम वेतन को लागू कर दें तथा व्यक्त किये गये सन्देहों पर अभी कोई ध्यान न दें ।

अब मैं कर्मचारियों तथा मालिकों को चेतावनी देता हूं । सब से पहले कर्मचारियों को मैं यह बताना चाहता हूं कि यदि कर्मचारीगण अपना उत्तरदायित्व समझें तो इनको स्वीकार करें अन्यथा वे सरकार अथवा मालिकों से उन को कुछ मिलने की आशा नहीं करनी चाहिये । कर्मचारियों को अपना ठोस और लोकतन्त्रवाद पर आधारित संगठन करना चाहिये तथा वे अपने मालिकों के प्रति शिष्टाचार तथा सम्मान प्रदर्शित करना अपना कर्तव्य समझें । किसी उद्योग विशेष में एक ही मजदूर संघ होना चाहिये । मालिकों को तब सरल हो जायेगा कि उन्हें किन

[श्री वी० वी० गिरि]

व्यक्तियों से काम लेना है। दूसरी बात यह है कि कर्मचारियों को अपने संगठनों को सुचारू रूप से चलाना चाहिये। तभी मालिक उन का आदर करेंगे। प्रेस कर्मचारी संघ में कर्मचारियों को प्राविधिक विशेषज्ञों को अपने संघ के पदों पर रखना चाहिये जिस से मालिकों तथा कर्मचारियों दोनों के प्राविधिक विशेषज्ञ समय समय पर मिल कर अपने सभी प्रकार के झगड़ों को बिना हड़ताल आदि के निबटा सकें।

अब मैं मालिकों को यह बता देना चाहता हूं कि कर्मचारीगण अब पहले जैसे मामूली और गरीब व्यक्ति नहीं हैं। अब वह उद्योग के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। प्रेस का मालिक प्रेस में धन लगा सकता है परन्तु यदि प्रेस कर्मचारी कार्य करना बन्द कर देंगे तो उद्योग ही बन्द हो जायेगा। उन मालिकों को यह समझना चाहिये जो अब भी कर्मचारियों को अभी किराये के टट्टू समझते हैं।

आज कल यह भी एक फैशन हो गया है कि समाजवादी ढंग के समाज की बड़ी चर्चा है तथा विशेषतः पूंजीवादी लोग इस सम्बन्ध में बढ़चढ़ कर बातें करते हैं। परन्तु वह यह नहीं जानते कि समाजवादी ढंग क्या होता है। मैं प्रेस के कर्मचारियों को बता देना चाहता हूं कि वह राजनैतिक दलों के झगड़ों में न पड़ें। उन्हें समय समय पर उत्पन्न समस्याओं को पक्षपात से रहित दृष्टिकोण से देखना चाहिये। मेरा विचार यह है कि यदि समाज वादी ढंग का समाज बनाना है तो उद्योग में भागिता होनी चाहिये। कर्मचारी हमारे गुलाम नहीं हैं वह केवल वेतन भोगी हैं प्रत्युत वे भी समाज के एक महत्त्वपूर्ण अंग हैं। प्रधान मंत्री ने यात्रा से लौट कर बताया कि युगोस्लाविया में कर्मचारियों तथा प्रबन्धकों में भगिता है। इसलिये मेरा विचार है कि सभी उद्योगों तथा विशेषतया प्रेस उद्योग में इसी प्रकार की भागिता होनी चाहिये। यदि कर्मचारीगण उद्योग, उद्योग की आर्थिक स्थिति को समझेंगे, यदि उन पर विश्वास किया जायेगा, उन को लेखे दिखाये जायेंगे तभी कर्मचारी उद्योग में अपना सहयोग दे सकेंगे। इसलिये समाजवादी ढंग के समाज को समाजवाद की ओर ले जाना चाहिये तथा समाजवादी राज्य को बिना किसी श्रेणी के समाज की ओर ले जाना चाहिये। संविधान में हमारे लिये काम करने तथा जीवित रहने आदि मूलभूत अधिकारों की गारंटी दी गई है। परन्तु केवल अधिकारों की व्यवस्था मात्र से काम नहीं चलता। जनता को उन अधिकारों की व्यवस्था कार्य रूप में महसूस होनी चाहिये। इसलिये हमें एक स्थान पर बैठ कर इसका निर्णय करना चाहिये। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यदि विषय पर ठीक दृष्टिकोण से विचार किया गया तो औद्योगिक शान्ति हो जायेगी और द्वितीय पंचवर्षीय योजना सफल होगी।

इस प्रतिवेदन के सम्बन्ध में मेरी माननीय मंत्री से यह प्रार्थना है कि वह प्रेस आयोग के सभी निष्कर्ष कार्यान्वित कर दें। तथा आवश्यकता होने पर ही इन में परिवर्तन करें। मालिकों को, बैंकरों को बिल्कुल नहीं डरना चाहिये। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उद्योग पर इस का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होगा। कर्मचारियों को जितने अधिक दाम आप देंगे, उन को भागीदार बनायेंगे उतना ही अधिक लाभ होगा तथा देश के लिये अच्छा होगा।

(श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी ने अपना संशोधन संख्या २ प्रस्तुत किया।)

आचार्य कृपालानी (भागलपुर व पूर्निया): मैं प्रेस आयोग के सभापति तथा योग्य सदस्यों के सम्बन्ध में कहे गये प्रशंसा के शब्दों का अनुमोदन करता हूं। उन्होंने जनतन्त्र में प्रेस

के संगठन, इस के कार्य करने के ढंग, इस के कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का विवेचनात्मक वर्णन किया है । इतने थोड़े समय में मेरे लिये इतने बड़े प्रतिवेदन के सम्बन्ध में विस्तार से विचार प्रकट करना कठिन है । इस कारण इस की कुछ ही बातों, जैसे उद्योग का संगठन, समाचार अभिकरण, कार्य करने वाले पत्रकारों की दशाओं तथा सब से महत्त्वपूर्ण प्रैस काउंसिल का संगठन आदि के सम्बन्ध में में कुछ बताऊंगा ।

यहां पर कुछ व्यक्ति ऐसे हैं जिन्हों ने भारत के प्रेसों का प्रारम्भिक हाल देखा है । भारत में प्रेस का आरंभ सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक तथा राजनीतिक सुधार करने के लिये किया गया था । वर्तमान भारत के महापुरुषों के नामों का प्रेस से बड़ा सम्बन्ध रहा है । उस समय यह उद्योग एक प्रचारक उद्योग के रूप में था । तथा बहुत से समाचार पत्रों ने परि-स्थितियों का लाभ उठाकर पर्याप्त धन कमाया । उन दिनों म प्रेस का चलाना एक संकट का काम था । जरा जरा सी बात पर प्रेस का जब्त हो जाना तथा मालिक को कैद की सजा का मिलना आम बात थी । फिर भी इन की उन्नति जनता के कारण हुई क्योंकि जनता समाचारपत्रों को पढ़ती थी । उस समय भारतीय प्रेसों को विज्ञापन भी नहीं मिलते थे परन्तु फिर भी प्रेस ने प्रगति की । आज इन की क्या दशा है । आज प्रेस 'प्रेस जमींदारों' के हाथ में है तथा एक सामान्य उद्योग के समान ही इस का कार्य चल रहा है । यह स्वाभाविक भी है क्योंकि परिस्थिति बदल चुकी है । परन्तु भारत के प्रेस का औद्योगीकरण कुछ विचित्र प्रकार का है । यह समझ में नहीं आता कि जब धन कमाने के लिये सीमेंट, वस्त्र, मोटर कार आदि अन्य उद्योग हैं तब पूंजी-पतियों को इस क्षेत्र में धन के कमाने के उद्देश्य से उतरने की क्या आवश्यकता है । वे ऐसा केवल इसलिये करते ह कि इस के द्वारा उन को राजनैतिक तथा सामाजिक क्षेत्र में भी कुछ प्रतिष्ठा प्राप्त होती है । (**अन्तर्बाधा**) । इस के अतिरिक्त उन्हें अपने अन्य उद्योगों का विज्ञापन करने की भी सुविधा रहती है । इस प्रकार उन्हों ने एकस्वाधिकार की नींव प्रेस में डाल रखी है । जब किसी उद्योग में पूंजी का प्रश्न आ जाता है तभी उस का मूलभूत सिद्धान्त, सामाजिक सिद्धान्त समाप्त हो जाता है । केवल धन कमाना ही उद्देश्य रह जाता है । धन से वे 'कला' खरीद लेते हैं । स्कूलों कालिजों तथा धार्मिक संस्थाओं को चोर बाजार से कमाया हुआ धन दे कर हमारे सभी प्रकार से नेता बन जाते हैं ।

मैं अब प्रेस आयोग द्वारा वर्णित प्रेस की दशा के सम्बन्ध में बताता हूं ।

> "वर्तमान पत्रकारों का स्थान बहुत नीचा इस कारण हो गया है क्योंकि उनको पूंजीपतियों के अधीन काम करना पड़ता है । पहले सभी भारतीय प्रेसों का एक उद्देश्य यह था कि देश की राजनैतिक दशा का प्रदर्शन करना । उस समय के पत्रकार अधिकतर देश-भक्त थे तथा इसी उद्देश्य को सामने रखते थे हमें देशभक्ति का संदेश जनता को देना है ।"

परन्तु स्वतन्त्रता की प्राप्ति के पश्चात् उन का यह उद्देश्य समाप्त हो गया और सामा-जिक, बौद्धिक, नेतृत्व, भी समाप्त हो गया है । इसी कारण इस व्यापार का वह बौद्धिक स्तर अब नहीं रहा है । यह एक ऐसे उद्योग में पूंजी तथा औद्योगीकरण का परिणाम है, जिस से यह आशा की जाती है कि वह जनतन्त्र को सफल बनाने तथा जनता को शिक्षित करने में सहायक होगा । प्रतिवेदन की बहुत सी बातें जो जनता के लिये लाभदायक हैं पूर्णतया छोड़ दी गई हैं । प्रेस की परिस्थितियों का, जिन का उल्लेख प्रतिवेदन में है, कोई उल्लेख नहीं किया गया है । कुछ पत्रों ने अत्र तत्र उद्धरण दिये हैं

[आचार्य कृपालानी]

परन्तु साधारणतया समूचे प्रेस ने, आलोचना के उद्देश्य और उन बातों को छोड़ कर जिन में स्वयं उन की वित्तीय अभिरुचि सन्निहित है, प्रतिवेदन को छोड़ दिया है । इस प्रकार एकाधिकारी उद्योग ने प्रेस आयोग के प्रतिवेदन को लिया है । यह एकाधिकार प्रेस के पूंजीपतियों के हाथ में रहता है और यह छोटे छोटे प्रतिस्पर्धियों को दबाने से होता है । एक और बात यह है कि बड़ा उद्योग मजदूरों के शोषण से पनपता है । मजदूरों का बहुत शोषण हुआ है और श्रमजीवी पत्रकारों की स्थिति सर्वथा दयनीय है। उन्हें अपने भरण पोषण के लिये भी पर्याप्त धन नहीं मिलता है, फिर वे कैसे अद्यतन योग्यता रख सकते हैं । न तो कोई पुस्तकालय है और न ही संदर्भ ग्रन्थ. है ।

अब हमें यह देखना है कि छोटे छोटे स्पर्धियों को कैसे दबाया जाता है । मिले हुए समाचारपत्रों के लिये सम्मिलित सेवायें प्राप्त कर के । यह सस्ता है क्योंकि मिले हुए समाचारपत्रों को उतने ही कर्मचारियों की आवश्यकता होती है जितने कर्मचारियों की आवश्यकता एक अकेले समाचारपत्र को होती है । फिर, बहुत से मिले हुए समाचारपत्र अपना अखबारी कागज इकट्ठा लेते हैं और छोटे छोटे स्पर्धियों को दबाने के लिये कागज का मूल्य उत्पादन लागत से भी कम कर देते हैं, और बेकार कागज देते हैं । एक समाचारपत्र के पूंजीपति स्वामी ने हाल ही में यह उद्घोषित किया था कि अमुक अमुक कागज क्रय करना बहुत लाभप्रद होगा क्योंकि रद्दी कागज से व्यक्ति को उतना ही धन प्राप्त होता है जितना कि कागज पर व्यय होता है ।

वे समाचारपत्र माला के लियें इकट्ठे विज्ञापन लेते हैं । प्रत्येक पत्र के लिये पृथक पृथक विज्ञापन स्वीकार नहीं करते । इस के अतिरिक्त, वे सम्मिलित खाते रखते हैं । इस का परिणाम यह होता है कि मान लीजिये कि कोई समाचारपत्र कलकत्ता में पर्याप्त लाभ पर चल रहा है तो वे दिल्ली में एक और समाचारपत्र आरम्भ कर देंगे । यदि इस से लाभ नहीं होता है तो उसे एक दम बन्द कर देंगे । हाल में कलकत्ते में तीन समाचारपत्र बन्द हो गये हैं । प्रेस आयोग के प्रतिवेदन के कारण कुछ और पत्र भी बन्द होंगे क्योंकि प्रेस के पूंजीपति किसी स्थान पर भी कोई घाटा नहीं चाहते । जैसा कि मेरे मित्र श्री अशोक मेहता ने अभी कहा प्रायकर अधिकारियों को धोका देने के लिये वे सम्मिलित लेखे रखते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : क्या समाचारपत्रों का राष्ट्रीयकरण हो सकता है ।

आचार्य कृपालानी : यदि राष्ट्रीयकरण का अर्थ सरकारीकरण है तो भगवान बचावे । परन्तु यदि उद्योग राष्ट्र और जनता के हाथ में आता है तो इस से अच्छा और क्या होगा । प्रेस आयोग ने यह भी सुझाया है कि प्रत्येक समाचारपत्र को अलग अलग रखा जाये और यह प्रबन्धकों, प्राविधिज्ञों और सम्पादकों, सभी कर्मचारियों के हित में आवश्यक है । खाते अलग अलग रखने से आय कर विभाग को भी लाभ होगा । पता नहीं कि बड़े बड़े समाचारपत्रों द्वारा पृष्ठानुसार मूल्य वाले सुझाव का विरोध क्यों किया जा रहा है । युद्धकाल में उन्हों ने इस से बहुत लाभ उठाया था । मैं नहीं चाहता कि सस्ते समाचारपत्रों के दाम बढ़ें । इसलिये मैं सुझाऊंगा कि दैनिक समाचार पत्रों का दाम दो आने से अधिक न हो, और उन की अधिकतम पृष्ठ संख्या दस हो । एक आने वाले समाचारपत्रों की पृष्ठ संख्या छः से अधिक न हो । मैं नहीं चाहता कि लोगों को सस्ते में अधिकाधिक पाठ्य सामग्री न मिले । मध्य वित्त लोगों के लिय एक आने

का समाचारपत्र मिलना सम्भव बना देना चाहिये । प्रेस आयोग ने यह भी सुझाया है कि विज्ञापनों का स्थान चालीस प्रतिशत से अधिक न हो ।

इस आयोग में प्रायः काफ़ी विद्वान् व्यक्ति थे, प्रायः जिस समिति में अधिक विद्वान् व्यक्ति हों उस के विचार उतने ही संतुलित से होते हैं । इसी प्रकार इस आयोग की सिफ़ारिशें भी न बहुत उदार न बहुत संकुचित हैं । अखबारी कागज के लिये उन्होंने एक सार्वजनिक व्यापार निगम बनाने का सुझाव दिया है । बड़े बड़े व्यापारी इस से काफ़ी मुनाफ़ा कमाते रहे हैं । मध्य प्रदेश में कुछ वर्ष पहिले नैपा मिल नामक एक कम्पनी चलाई गई थी । अब चार पांच वर्ष बाद बताया जाता है कि उस में उत्पादन आरम्भ हो गया है । पर उस से हमारी पूर्ण आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो सकती । हमें इस कारण आयात निर्यात के मूल्य समान रखने के लिये आयात करना होगा । इस के लिये इस प्रकार का निगम बड़ा उपयोगी होगा ।

हमारे देश मे योरोपीय प्रजातंत्र देशों की भांति ज़िलों से स्थानीय दैनिक नहीं निकलते । पूंजीपतियों के एकस्व के कारण हमारे दैनिक राजधानियों से ही निकलते हैं । छोटे नगरों में उन की एजेन्सियां होती हैं और वहां के समाचार भी छापते हैं । अखबारी कागजों के लिये राज्य व्यापार निगम अवश्य बनना चाहिये ।

आयोग के सुझाव के अनुसार अखबारी कागज़ पर कुछ उपकर लगना ठीक है जो प्रेस परिषद के व्यय के काम आयेगा, परन्तु मैं समझता हूं कि आरम्भ में यह व्यय सरकार को ही सहन करना चाहिये ।

हमारे देश में पी० टी० आई० और यू० पी० आई० दो मुख्य समाचार एजेंसियां हैं । पी० टी० आई० के कर्मचारियों के आन्दोलन से कम से कम यह स्पष्ट हो गया था कि प्रेस के पूंजीपतियों ने कितना पैसा उधार ले कर इन में लगाया है । आयोग ने इस के बारे में जो बातें बताई हैं वे स्वयं बहुत कुछ स्पष्ट कर देती हैं । पी० टी० आई० ने अपने कुछ निदेशकों के बारे में चंदा वसूल करने के नियमों में कुछ ढील कर दी है । २८ फरवरी १९५४ को समाचार-पत्रों पर साढ़े तीन लाख रुपये बकाया थे जिन में से ९९ हज़ार तो निदेशकों पर ही बकाया थे । पता चला है कि उन में नब्बे हज़ार रुपये ऐसे हैं जो वसूल नहीं किये जा सकते । एक निदेशक 'क' वर्ग की सेवा का लाभ उठाते हुए भी 'ख' वर्ग की सेवा का मूल्य चुकाता था । दूसरा निदेशक अपने पत्र के कई संस्करण निकालता था और अन्य केन्द्रों के अंकों के सम्बन्ध में कुछ चन्दा नहीं देता था । आयोग का विचार है कि निदेशकों को एजेंसी की दैनिक कार्य प्रणाली का प्रभारी नहीं बनाना चाहिये । यू० पी० आई० के बारे में भी प्रेस आयोग का कहना है कि कुछ समाचार पत्रों के मालिक इस के निदेशक हैं जो राष्ट्र हित में वांछनीय नहीं है । इसी कारण आयोग ने ठीक ही सुझाया है कि समाचार एजेंसियों का प्रबन्ध सार्वजनिक निगमों के द्वारा चलाया जाना चाहिये और उस के लिये न्यासधारियों का एक बोर्ड होना चाहिये । परन्तु चूंकि आयोग ने इस उद्देश्य की सिद्धि के लिये किसी विधान का सुझाव नहीं दिया है, यह एक पवित्र आशा मात्र रह जाती है कि पी० टी० आई० और यू० पी० आई० अपने आप को एक साधारण निगम में बदल लें ।

आयोग ने इन एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में भी कुछ बातें कही हैं । विदेशी समाचारों को बस भेज ही दिया जाता है । कोई यह नहीं देखता कि उन का उपयोग

[आचार्य कृपालानी]

किया जा रहा है या नहीं । ऐसे संगठनों को अपने समाचारों के लिये इंग्लैण्ड पर निर्भर न रह कर अपने स्वयं सम्वाददाता नियुक्त करने चाहियें ।

श्रमजीवी पत्रकारों की दशा मैं पहले बता चुका हूं । वित्तीय कठिनाइयों में रह कर श्रमजीवी पत्रकार देश को प्रकाश में लाने का कार्य कैसे कर सकते हैं । आयोग ने सवा सौ रुपये का न्यूनतम वेतन और बड़े नगरों में वेतन के अतिरिक्त सौ रुपये का भत्ता सुझाया है । कुछ और भत्ते व अन्य सुविधायें भी सुझाई गई हैं । सम्पादक वर्ग को बिना किसी नियुक्ति पत्र के रखा जाता है और मालिक जब चाहे घरेलू नौकरों की भांति निकाल देता है और उन को नौकरी ढूंढना मुश्किल हो जाता है । आयोग ने इस उद्योग के इतिहास में पहिली बार उन की भरती, प्रशिक्षण, वेतन, पदोन्नति, सेवा निवृत्ति, उपदान, भविष्य निधि, छुट्टी, काम के घंटे और पुस्तकालय संदर्भ ग्रन्थ, विश्राम घर और यात्रा आदि की अनेक सुविधाओं का सुझाव दिया है । अंग्रेज़ी और भारतीय भाषाओं के पत्रों की कार्यप्रणाली आदि का उल्लेख करते हुए आयोग ने, देश और प्रजातंत्र के हित में, अन्तर को दूर करने का सुझाव दिया है । कहा जाता है कि भारतीय भाषाओं के पत्रों के पास पर्याप्त धन नहीं है परन्तु मेरा विचार है कि कर्मचारियों की दशा सुधरने से इन पत्रों की बिक्री बढ़ जायेगी । प्रेस आयोग ने सम्पादकों की स्थिति को भी स्पष्ट किया है । नियुक्तिपत्र में पत्रों की बुन्यादी नीति का भी उल्लेख होना चाहिये । अन्यथा, सम्पादकों को हानि उठानी पड़ती है । सम्पादक वर्ग की नियुक्ति, दंड और उन के निकाले जाने आदि के सम्बन्ध में सम्पादक से भी परामर्श लिया जाना चाहिये ।

प्रेस की कार्य प्रणाली पर पड़ने वाले प्रभावों का भी आयोग ने उल्लेख किया है । सरकार सात प्रतिशत विज्ञापन देती है और बहुत कुछ तैयार समाचार भी प्रदान करती है । सरकारी समाचार प्रायः विशिष्ट व्यक्तियों के विज्ञापनमात्र होते हैं । प्रेस को उन विज्ञप्तियों का आधार भी नहीं बताया जाता । प्रेस पर अनेक कानूनी बन्धन भी हैं । हाल में दंड संहिता में संशोधन कर के यह उपबन्ध रखा गया है कि सरकारी कर्मचारी सामान्य नागरिकों से प्रथक माने जायें । न्यायालयों तक में उन की उपस्थिति अनिवार्य नहीं मानी गई । ब्रिटिश सरकार ने जब प्रेस (आपत्तिजनक विषय) अधिनियम पारित किया था, तब प्रधान मंत्री भी उस के विरुद्ध थे, क्योंकि उन के पत्र 'नेशनल हैराल्ड' की ज़मानत कई बार ज़ब्त हुई थी । पर शायद उत्तरदायित्व के साथ वह भी बदल रहे हैं ।

एक अखिल भारतीय प्रेस परिषद् बनाने की सिफ़ारिश करते हुए आयोग कहता है कि "उस परिषद का कर्तव्य प्रेस की स्वाधीनता की रक्षा करना होना चाहिये और वह पत्रकारिता के उच्च आदर्श स्थापित करने का एकमात्र उपाय होगा । वह परिषद पत्रकारिता के पेश की आचार संहिता भी बना सकेगी और शिकायतों आदि को मिटा सकेगी । परिषद में पच्चीस सदस्य होने चाहियें और उन में से १३ पेश से ही लिए जायें ।" परन्तु मेरा सुझाव है कि नए पैदा हुए प्रबन्धक सम्पादकों को ही परिषद् में न रखा जाए जैसा कि अखिल भारतीय सम्पादक सम्मेलन के बारे में है । उत्तेजक समाचार छापने वाले पत्र (यलो प्रेस) दो प्रकार के होते हैं । एक तो व्यक्तियों पर दोषारोपण करने वाले और दूसरे सरकार पर । पहिले वर्ग के सम्बन्ध में सम्बन्धित व्यक्ति अपना उपचार स्वयं कर लेंगे, यद्यपि उन के बारे में भी कुछ किया जाना चाहिए ।

दूसरे वर्ग के बारे में मैं समझता हूं कि चूंकि पूंजीपतियों के पत्रों में उच्च-अधिकारियों की धांदली आदि के बारे में कोई समाचार नहीं छपते, इसलिए इस प्रकार के पत्र प्रकाशित होते हैं । यदि सामान्य पत्र भी जनता की शिकायतें और सरकारी उच्च-पदाधिकारियों की धांदलियां प्रकाशित करने लगें तो इस वर्ग के पत्र सदा को बन्द हो जायेंगे । परन्तु सरकार ने दोषारोपण करने वाले समाचारपत्रों पर कभी कोई अभियोग नहीं चलाया और इस से जनता का सन्देह और भी बढ़ जाता है । यदि सामान्य पत्र जनता की शिकायतें प्रकाशित करने लगें तो दोषारोपण करने वाले पत्र स्वतः बन्द हो जायेंगे ।

श्री रघूरामैया : मैं ने एक संशोधन प्रस्तुत कर रखा है जिस में प्रेस आयोग की सिफारिशों का समान्य रूप से अनुमोदन किया गया है । किसी 'वाद' के फेर में बिना पड़े मैं एक सामान्य नागरिक के रूप में प्रेस आयोग की सिफ़ारिशों का स्वागत करता हूं । सामान्य नागरिक यही चाहता है कि उसे सस्ते से सस्ते में समाचार पढ़ने को मिलें और उस उद्योग के कर्मचारियों के साथ न्याय हो और उन को प्रशासन और नियंत्रण में हिस्सा मिलेत था छोटे मोटे समाचार पत्र भी जीवित रह सकें । इन दृष्टियों से हाल के वर्षों में दिये गये प्रतिवेदनों में इस से अधिक सन्तोषजनक प्रतिवेदन देखने में नहीं आता । अतः सभी चाहते हैं कि इसे तुरन्त कार्यान्वित किया जाए ।

इस प्रतिवेदन का सब से महत्वपूर्ण सुझाव श्रमजीवी पत्रकारों के बारे में है जो उनको उचित वेतन और उद्योग के प्रशासन में उचित हिस्सा देता है । देश का प्रत्येक व्यक्ति तबतक बड़ा ही प्रजातंत्रवादी, समाजवादी और सत्यवादी बना रहता है जब तक स्वयं उस पर आंच नहीं आती । प्रेस के एक पूंजीपति महोदय जोतने वालों को जमीन दिये जाने के बड़े हामी थे परन्तु जब पत्रकारों को हिस्सा देने की बात आई तो वह नाना प्रकार के तर्क और आपत्तियां करने लगे ।

देश में सभी इस बात पर पूर्णतया एकमत हैं कि श्रमजीवी पत्रकारों को जीवन-यापन योग्य वेतन दिया जाए । जब तक वह भूखे रहेंगे । देश में न तो अच्छे समाचार-पत्र निकल सकेंगे और न देश में शान्ति व समृद्धि ही आ सकेगी । मैं ने देश में बहुत से लोगों से इस बारे में बात की है और प्रेस के उक्त पूंजीपति को छोड़ कर, किसी का भी यह कहने का साहस नहीं था कि इस सिफारिश को क्रियान्वित न किया जाय । हमें निश्चय ही कर्मचारियों का इस श्रेणी के प्रति न्याय करना चाहिए ।

मुझे प्रसन्नता है कि प्रेस परिषद् तथा पी० टी० आई० में भाग दे कर श्रमजीवी पत्रकारों के सहयोग को स्वीकार कर लिया गया है ! यह उचित भी है कि पी० टी० आई० का पुर्नसंगठन किया जाए । कोई कारण नहीं कि पी० टी० आई० का कार्य-प्रबन्ध इने गिने धनी व्यक्तियों के हाथ में ही रहे । भले ही उन्हों ने कितना ही धन दिया हो । मैं स्वयं यह बात पसन्द करता हूं कि कर्मचारियों के प्रतिनिधि स्वयं कर्मचारी चुनें अथवा उन की संस्थायें चुनें । इसी प्रकार से मालिकों के प्रतिनिधि मालिकों की संस्थाओं द्वारा चुने जायें । हमें नाम-निर्देशन का काम सवथा मुख्य न्यायाधीश पर ही नहीं छोड़ देना चाहिए । अन्त में पी० टी० आई० को सरकारी वित्तीय सहायता पर ही निर्भर करना पड़ेगा ।

मुझे मालूम हुआ है कि विभिन्न पत्रों को समाचार विभिन्न दरों पर दिये जाते हैं । वे लोग इन दरों को वसूल करने में मन-मानी करते हैं । जिन लोगों ने 'ख' श्रेणी

[श्री रघुरामैया]

की सेवा के पैसे दिये हैं उन्हें 'क' श्रेणी की सेवा मिल रही है । मैं नहीं चाहता कि इन लोगों की मनमानी को चलने दिया जाए । सरकार को उन पर ऐसा स्पष्ट कर देना चाहिये ।

पृष्ठानुसार-मूल्य-सूची के बारे में काफ़ी आलोचना हो चकी है । प्रश्न यह नहीं कि कितने सस्ते दामों पर समाचार दिये जाते हैं, वास्तव में प्रश्न यह है कि ये किस प्रकार के समाचार हैं । फिर इस में विज्ञापन कितने हैं, यह भी सोचना होगा । सिवाय रविवार के समाचार पत्रों में लोग विज्ञापनों को प्रायः नहीं पढ़ते हैं । विज्ञापन समाचार पत्रों का वास्तविक अंग नहीं हैं । विज्ञापन अधिक देने से छोटे समाचारपत्र समाप्त हो जाते हैं । इस मामले में सरकार को समाचारपत्र उद्योग को अपने विश्वास का पात्र बनाना होगा । एक बार प्रतिपृष्ठ मूल्य-सूची के सिद्धान्त को स्वीकार कर लेने के बाद, वास्तविक सूची तथा दरों आदि का तय किया जाना सरकार का काम होना चाहिये ।

किसी ने कहा था कि ऐसे उपबन्धों से संविधान के अनुच्छेद १६(१) का उल्लंघन होता है । आप ऐसे विचार की सीमा निश्चित नहीं कर सकते तथा संविधान का वास्तविक उद्देश्य ही अन्त में आप को सामने रखना होगा । संविधान में छोटे व्यक्तियों को समाप्त करने की चेष्टा नहीं की गई है । संविधान में सभी को अवसर की समता दी गई है ।

वर्ग पहेलियां एक निन्दा का विषय बन चुकी हैं । वास्तव में कुछेक समाचारपत्रों में तो यह एक आकर्षण का विषय है । कुछ समय पहले मैं केवल इसी विचार से पत्र खरीदा करता था । कई लाख व्यक्ति इस के कारण तबाह हो जाते हैं और कई एक को तो मरने के बाद इनाम मिलता है । यदि हम पत्रकार कला को उन्नत करना चाहते हैं तो ऐसी पहेलियां बन्द होनी चाहियें ।

दूसरी बात ज्योतिष के पूर्वकथन हैं । विवाह सम्बन्धी पूर्वकथन तो विशेषतः हानिकारक हैं । कई बार लोगों को फुसलाया जाता है कि उन का विवाह अमुक सिनेमा एक्ट्रेस से होगा और वे इसी धुन में हजारों रुपये बरबाद करते चले जाते हैं । इस प्रकार की सभी चीज़ों को बन्द होना चाहिये । लोगों को अधिक उन्नति प्रकार की बातों पर ध्यान देना चाहिये ।

इन बातों के कहने में मैं किसी विशेष 'वाद' से प्रभावित नहीं हूं । मैं जनसाधारण के लिये उन्नत प्रकार के समाचारपत्र चाहता हूं । ऐसी व्यवस्था चाहता हूं कि जिस में छोटा पत्र भी पनप सके । पृष्ठानुसार मूल्य सूची से भद्दी प्रकार की स्पर्धा दूर हो जायगी । अन्त में मैं श्री टी० एन० सिंह तथा श्री जयपालसिंह के प्रशंसनीय कार्य की सराहना करता हूं ।

श्री जोकीम आल्वा (कनारा) : दुर्भाग्य से १६४७ के बाद भारतीय पत्रकारिता का स्वर्णयुग समाप्त हो गया है और प्रचारक की भावना के स्थान पर आज अर्थ-प्राप्ति की भावना आ गई है । आचार्य कृपलानी ने स्वर्णयुग के अनेक पत्रकारों के नाम लिये थे, पत्र भारतभूमि को ही अपने जीवन का अंग मानने वाले दो विदेशी पत्रकारों श्रीमती एनी बेसेंट और बेंजामिन गाई होर्नीमैन को हमें न भूल जाना चाहिये ।

आज हम रे प्रेस के एक प्रमुख ने हंसी से कहा था कि उन्हों ने हत्या को छोड़ कर बाकी सभी पाप किये हैं । प्रेस के ऐसे नियायकों के हाथ में हमारे देश का भविष्य

कैसा होगा, यह स्पष्ट है । संविधान (प्रथम संशोधन) विधेयक के समय प्रधान मंत्री ने इस आयोग की नियुक्ति का वचन दिया था । डा० केसकर ने उस की नियुक्ति की । उस में काम करते-करते श्री चावला का हृद्गति रुकने से दुखद अवसान हो गया । बाद में जस्टिस राजाध्यक्ष की भी मृत्यु हो गई । इन दो मृत्युओं के साथ-साथ इस आयोग की सिफारिशों के कारण कुछ और मृत्युयें भी होंगी ।

इंगलैंड में राष्ट्रीय पत्रकार संघ की मांग पर १९५२ में एक आयोग की मांग की गई थी और अचंभे की बात है कि संसद के पत्रकार सदस्यों ने उस का विरोध किया था । उस में १७ सदस्य थे, जिस में दो महिलायें थीं । हमारे आयोग के १० सदस्यों में से एक भी महिला नहीं है । हमारे आयोग की रिपोर्ट इंगलैंड वाले आयोग की रिपोर्ट से कहीं मोटी है । काश यह उतनी ही अच्छी छपी भी होती । अच्छा होता यदि इस का लेखक भी एक ऐसा व्यक्ति होता, जिसे भारतीय स्वाधीनता संग्राम के कठोर दिनों का कुछ अनुभव होता । उस स्थिति मे वह इन तथ्यों को अपेक्षतया अधिक अच्छे रूप में लिख सकता ।

इस में पांच मुख्य सिफारिशें हैं । पहले तो पृष्ठों के अनुसार मूल्य वाली प्रणाली, जिस को ले कर सारे वाद-प्रतिवाद चल रहे हैं । फिर श्रमजीवी पत्रकारों का घोषणा-पत्र, पी० टी० आई०, यू० पी० आई० और हिन्दुस्तान समाचार एजेंसियों की समस्या, प्रेस परिषद्, और अखबारी कागज के आयात के लिये राज्य-व्यापार-निगम को स्थापना है । आशा है, योग्य सचिव के साथ मंत्री जी इन सभी सिफारिशों को कार्यान्वित कर सकेंगे ।

परन्तु पृष्ठानुसार मूल्य सूची सम्बन्धी सिफारिश के कारण बहुत से छोटे-छोटे पत्र बन्द हो जायेंगे और अन्त में बड़े बड़े पत्रों को भी परेशानी होगी । हम नहीं चाहते कि कोई एक पत्र इतना प्रभावशाली हो कि राष्ट्रीय सरकार या नीति को बदल सके । वह कुछ गिने चुने प्रेस-पूंजीपतियों के हाथ में न रहे और जैसाकि इंगलैंड के राष्ट्रीय पत्रकार संघ का कथन था, "समाचार पत्रों का उत्पादन केवल व्यापारिक दृष्टिकोण से ही नहीं होना चाहिये । समाचारपत्रों के काम को एक लोक- न्यास के रूप में माना जाना चाहिये । इस उद्योग का प्रबन्ध लोक-हित में होना चाहिये ।"

क्या यही बात हमारे यहां भी शब्दशः लागू नहीं होती ? हमारे यहां भी कुछ बड़े-बड़े पूंजीपति प्रेस का नियंत्रण अपने हाथ में ले कर जनमत और संसद् तक को प्रभावित करने के लिये आगे आ गये हैं । ब्रिटन में जब होरेबेलिशा ने शान्ति काल में अनिवार्य भरती के बारे में एक क्रान्तिकारी विधान संसद् में रखा तो वहां का प्रेस इस के विरुद्ध था और सर चर्चिल ने अपनी एक पुस्तक में लिखा है कि 'ब्रिटिश प्रेस ने उन का वक्तव्य तक प्रकाशित करने से इनकार कर दिया, यद्यपि उन के पदत्याग करने पर पत्रों ने उस की प्रशंसा की ।

हम एक लोक कल्याणकारी और समाजवादी राज्य की स्थापना करने जा रहे हैं । हमारे देश में पी० टी० आई० आदि समाचार एजेंसियों का नियंत्रण कुछ गिने-चुने व्यक्तियों के हाथ में नहीं होना चाहिये और न अखबारी कागज का नियंत्रण ही इंडियन एंड ईस्टर्न न्यूजपेपर सोसाइटी जैसी संस्था के ही हाथ में होना चाहिये जिस को सदस्यता-शुल्क ही १००० रुपये है। मुझे स्वयं टाइम्स आफ इंडिया और बैनेट कोलमैन एंड कम्पनी से चोर-बाजार से अखबारी कागज खरीदना पड़ा था । सरकार को यह चन्दा १००० रुपये से घटा कर १०० रुपये कर देना चाहिये

[श्री जोकीम आल्वा]

और इस संस्था को कोई विशेष रियायत न देनी चाहिये ।

आज इन प्रेस पूंजीपतियों और उन के द्वारा वर्ग पहेली आदि द्वारा अर्जित की गई विशाल राशि के समक्ष भारतीय भाषा समाचार पत्र संघ की भारी दुर्दशा हो रही है, यद्यपि उस में लोकमान्य तिलक और 'नवकल' के सम्पादक 'खादिलकर' जैसे व्यक्ति भी रह चुके हैं। १९२८ में श्री खादिलकर को न्यायाधीश ने दो वर्ष की सजा दी थी, यद्यपि भुलाबाई देसाई और श्री बी० जी० खेर ने उन की ओर से वकालत की थी । क्या राष्ट्रीय सरकार आज प्रेस-पूंजीपतियों के हाथों इन महान् पत्रों की हत्या होती हुई देखती रहेगी और उन की सहायता न करेगी ?

औद्योगिक वित्त निगम भी इन पूंजीपतियों को ही ऋण देता है। वे एक करोड़ रुपये लगा कर एक करोड़ इस निगम से ले लेते हैं और एक करोड़ सरकार से लेते हैं। उधर पूंजी की कमी के कारण छोटे-छोटे पत्र अकाल में ही काल कवलित हो जाते हैं। आज भारतीय समाचार-पत्रों के स्वामी ब्रिटिश और अमरीकी विज्ञापन-दाता हैं, जो जे० वाल्टर थौम्पसन जैसी पांच बड़ी-बड़ी एजेंसियों के द्वारा काम चलाते हैं । इन एजेंसियों में भारतीय व्यक्ति होने चाहियें । मैं ने इस बात का उल्लेख करते हुए जस्टिस राजाध्यक्ष से कहा था कि केन्द्रीय राजस्व बोर्ड से कहा जाये कि वह एक करोड़ रुपये से अधिक की आय वाली कम्पनियों को १।। प्रतिशत विज्ञापन पर खर्च करने दे। इस से प्राय: ३ करोड़ रुपये विज्ञापनों से प्राप्त हो सकेंगे । आज प्रधान मंत्री और ५० अन्य सदस्य भी उस लीवर ब्रादर्स के वरुद्धि कुछ कहें, जो आज भारतीय साबुन उद्योग की एक मुसीबत हैं, तो कोई भी समाचार-पत्र उसे न छापेगा । अंग्रेजी पत्रों में ७० प्रतिशत स्थान विज्ञापन लेते हैं, ३० प्रतिशत समाचार आदि । पृष्ठानुसार मूल्य से भाषा-पत्रों को लाभ पहुंचेगा । तभी अंग्रेजी पत्र इस का विरोध कर रहे हैं । परन्तु भाषा-पत्रों के विकास के लिये यह उपयुक्त है और उन्हें प्रोत्साहन मिलना ही चाहिये । उन का परिचालन भी बहुत अधिक है ।

हमारा प्रेस कुछ पूंजीपतियों के हाथ में नहीं रहना चाहिये । इन सिफारिशों पर स्टेट्समैन के सम्पादक श्री जौनसन ने कहा था कि इन से इस उद्योग को हानि पहुंचेगी ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अपना भाषण कल जारी रख सकेंगे ।

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों संबंधी समिति

चौतीसवां प्रतिवेदन

श्री आल्तेकर (उत्तर सतारा) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों सम्बन्धी समिति के चौतीसवें प्रतिवेदन से सहमत है जो १७ अगस्त, १९५५ को सभा में प्रस्तुत किया गया था ।"

इस प्रतिवेदन में चार विधेयकों का वर्गीकरण है, जिन में से दो वर्ग 'क' और दो वर्ग 'ख' में रखे गये हैं । सभी विधेयकों का पुनर्वर्गीकरण भी किया गया है । परिशिष्ट ३ में २५ विधेयकों के लिये समय भी नियत किया गया है । आशा है, सभा इसे स्वीकार कर लेगी ।

उपाध्यक्ष महोदय : चूंकि संशोधन नहीं रखे गये हैं, अतः मैं इसे मतदान के लिये रखता हूं :

प्रश्न यह है :

"कि यह सभा गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों और संकल्पों सम्बन्धी समिति के चौंतीसवें प्रतिवेदन से सहमत है, जो १७ अगस्त, १९५५ को सभा में प्रस्तुत किया गया था ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रतिवेदन स्वीकार कर लिया गया ।

उपाध्यक्ष महोदय : अब पुरःस्थापन के लिये कुछ विधेयक हैं । पहला विधेयक श्री बी० दास के नाम से है, वह उपस्थित नहीं हैं । दूसरा भी उन्हीं के नाम से है । तीसरा डा० एन० बी० खरे के नाम से हैं, वह भी अनुपस्थिति हैं ।

अतः हम विचाराधीन विधेयकों को लेंगे ।

विदेशी राज्यों से उपाधि तथा उपहार (स्वीकृति पर दंड) विधेयक

उपाध्यक्ष महोदय : अब सभा श्री सी० आर० नरसिंहन् द्वारा ५ अगस्त, १९५४ को प्रस्तुत विधेयक के विचार-प्रस्ताव पर आगे विचार करेगी ।

श्री सी० आर० नरसिंहन (कृष्णागिरि) : विधेयक के लक्ष्य और कारणों के विवरण में बताया गया है कि यद्यपि संविधान के अनुच्छेद १८ (२) के अनुसार विदेशी राज्यों से उपाधियां स्वीकार करना निषिद्ध है, तथापि इस के उल्लंघन के लिये वहां पर कोई दंड नहीं विहित किया गया है ।

227 LSD

[**श्री बर्मन** पीठासीन हुए]

हाल में विश्व में चलते हुए शीत-युद्ध के कारण बड़े-बड़े, बीच के और छोटे देशों और देशों के गुटों में यह होड़ चल रही है कि अन्य राष्ट्रों और वहां के नागरिकों को नाना प्रकार के लालच दे कर अपनी ओर मिलाया जाये, जिस से वे उन राज्यों के पक्ष में बात कर सकें । भारतीय नागरिकों के लिये इस प्रकार विदेशों के नेतृत्व में चलना वांछनीय न होगा । निर्धन नागरिक इन खिताबों आदि के शिकार बन सकते हैं । परन्तु खिताबों के ग्रहण पर ही रोक लगाना काफी नहीं है, अतः उद्देश्यों और कारणों के विवरण में बताया गया है कि विदेशों के उपहार ग्रहण करना हमारे लिये निन्दनीय है और देश के कल्याण और सुरक्षा में उस से बाधा पहुंच सकती है । अतः इस विधेयक का उद्देश्य पहले तो विदेशियों की उपाधियों के ग्रहण को दंड्य बनाना है और दूसरा इस रोक का क्षेत्र विस्तृत कर के विदेशी उपहारों को भी इस में शामिल कर लेना है ।

संविधान में इस उपबन्ध के रखे जाने के समय भी यह बात उठाई गई थी कि क्या इस का उल्लंघन दंडनीय रहेगा । उस चर्चा में श्री टी० टी० कृष्णमाचारी ने भी भाग लिया और श्री कामत ने कहा था कि इस उपबन्ध के उल्लंघन के लिये दण्ड न रख कर इस उपबन्ध का यों ही रखा जाना व्यर्थ है । इस के उत्तर में डा० अम्बेदकर ने कहा था : "संसद् इस बारे में विधि बना सकेगी । प्रत्येक व्यक्ति के ऊपर यह शर्त लगाई जा रही है कि यदि वह देश का नागरिक बना रहना चाहता है, तो उसे इस कर्त्तव्य का पालन करना होगा । उल्लंघन करने पर संसद् उस के लिये दंड विहित कर सकेगी । एक दंड नागरिकता का छीन लिया जाना ही होगा । यदि कोई व्यक्ति उपाधि ले कर संविधान के इस उपबन्ध का उल्लंघन

[श्री सी० आर० नरसिंहन]

करता है, तो यह स्पष्ट है कि संसद् को यह देखना होगा कि कोई व्यक्ति उस का उल्लंघन न करे ।"

संविधान के प्रमुख निर्माता का यह मत था । मैं नहीं समझता कि इस से अधिक और कुछ बात मेरे विधेयक के समर्थन में कही जा सकती है ।

श्री राने (भुसावल) : संविधान के प्रभावी होने के बाद कितनी उपाधियां दी गईं ?

श्री सी० आर० नरसिंहन् : मैं उसे बाद में लूंगा । राजभक्त लोगों को ये खिताब देना इस देश पर कब्ज़ा बनाये रखने की एक प्रमुख नीति थी । डा० टैगोर ने वायसराय को वह चिर-स्मरणीय पत्र लिखते समय उन्हें "दासता का बैज" बताया था । असहयोग आन्दोलन में खिताबों का त्याग एक प्रमुख बात मानी गई थी । बहुत से लोगों ने उन्हें छोड़ दिया था । इस कार्यक्रम में नेताओं को भारी सफलता मिली थी । असहयोग आंदोलन में सब से पहले खिताबों का बहिष्कार किया गया, फिर स्कूलों-कालेजों आदि का । इसी से संविधान में यह उपबन्ध आवश्यक हो गया था । संविधान के एक व्याख्याता ने भी अनुच्छेद १८(२) की व्याख्या में लिखा है कि नागरिकों में समानता रखने के लिये ही यह उपबन्ध रखा गया है, जिस से लोग बाहर से खिताब न ले सकें और उन की देशभक्ति विभक्त न हो जाये । स्पष्ट है कि संविधान के निर्माताओं का यह उद्देश्य था कि कोई भी नागरिक किसी विदेशी शक्ति का आभारी न रहे और सर्वांश में भारतीय बना रहे ।

संविधान बनाते समय संविधान निर्माताओं के सम्मुख यह विचार अवश्य था कि इस प्रकार के ख़िताब भविष्य में नहीं दिये जायेंगे । वे अवश्य जानते होंगे कि धीरे धीरे हमें इन खिताबों को बन्द करना है । परन्तु जहां हम ने खिताब लेने पर प्रतिबन्ध लगाया, वहां इस सम्बन्ध में कोई दण्ड नहीं रखा । कुछ व्यक्तियों का ऐसा विचार होगा कि इस प्रकार का नियंत्रण लगाने से वैज्ञानिक इनामों पर इस का बुरा प्रभाव होगा । परन्तु संविधान में उप-बन्धित है कि यह प्रतिबन्ध केवल उन्हीं सरकारों के अभिस्वीकरण पर है जिन का अपनी जनता पर राजनैतिक नियंत्रण है ।

उपहारों के सम्बन्ध में स्वामी विवेका-नन्द ने लिखा है कि "उपहार लेने वाले के मन पर उपहार देने वाले का मन हावी हो जाता है और इस प्रकार उपहार लेने वाला उपहार देने वाले का सेवक हो जाता है । इसलिये उपहार नहीं लेना चाहिये ।" मेरा विचार है कि वर्तमान राजनैतिक वातावरण ऐसा है कि उपहार नहीं लेने चाहियें ।

मैं उन राज्यों तथा सरकारों का अनादर नहीं कर रहा हूं जो हमारे देशवासियों को इतना आदर देते हैं । प्रत्युत मेरा यह कथन है कि हमें इस प्रकार की व्यवस्था नहीं रखनी चाहिये जिस से किसी विशेष राजनैतिक दल का हमारे नागरिकों पर बुरा प्रभाव पड़ सके । जैसा कि श्री राने ने कहा कि इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है । इस सम्बन्ध में यह बता देना चाहता हूं कि हमारी गुलामी की प्रवृत्ति अभी बदली नहीं गई है तथा हम विदेशी मान्यताओं के पीछे भाग रहे हैं । तथा इसी प्रकार के विचार 'हरिजन' के सम्पादक के भी हैं जो जनता के व्यक्ति हैं । उन का भी यही विचार है कि देश में अभी मनोवैज्ञानिक परिवर्तन नहीं हुआ ।

मैं एक उदाहरण देता हूं। कुछ दिन पूर्व 'हिन्दुस्तान टाइम्स' क्या लगभग देश के सभी प्रसिद्ध समाचार पत्रों में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि ओरियन्टल गवर्नमेंट सिक्योरिटी लाइफ एश्योरेंस कम्पनी की ८०वीं सार्वजनिक बैठक में सर कोवास जी जहांगीर, वैसेमेट, सी० वी० ई०, के० सी० आई० ई० ने सभापति पद से भाषण दिया। ऐसे भाषणों के छपवाने के लिये भुगतान करना पड़ता है। आप अनुमान कर सकते हैं कि किस प्रकार हम वैदेशिक खिताबों के पीछें दौड़ते हैं।

जब इस प्रकार का कोई अपराध होता है तो यदि वह अपराध बड़ा हुआ तो हमारे गृह उपमंत्री यह कह देते हैं कि यह अपराध नहीं है परन्तु जब इसी प्रकार के अपराध लगातार होने लगते हैं तब यह मामले इतने छोटे हैं जिन के लिये किसी विधान की आवश्यकता नहीं समझी जाती।

मेरे विचार से हमें विधान अवश्य बनना चाहिये जिस से जनता को ज्ञात हो जाये कि राज्य के हित के लिये उन्हें क्या करना चाहिये। केवल किसी विधान को दण्ड के लिये ही प्रस्तुत नहीं किया जाता उस का उद्देश्य जनता को शिक्षित करने का भी होता है। जब किसी कर्मचारी को कोई खिताब मिलता है तो उस का यह कहना होता है कि उस को जबरदस्ती दे दी गई यद्यपि वह उस को नहीं लेना चाहता था। इसलिये हमें दण्ड की व्यवस्था करनी चाहिये जिस से हमारे देश के नागरिकों को ही नहीं प्रत्येक विदेशों की सरकारों को भी यह ज्ञात हो जाये कि हमारे यहां किस प्रकार की व्यवस्था है।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री ए० एम० थामस (एरणाकुलम्) : यह विधेयक देखने में बहुत ही सीधा सा विधेयक प्रतीत होता है तथा मुझे खेद है कि इस प्रकार के विधेयक की मुझे आवश्यकता ही प्रतीत नहीं होती।

संविधान के अनुच्छेद १८ में मूलभूत अधिकारों की चर्चा है। इस अनुच्छेद को बनाते समय संविधान निर्माताओं के समक्ष यह उद्देश्य होगा कि भारत के नागरिक पर देश के कार्य के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य करने का उत्तरदायित्व न आ जाये। अनुच्छेद १८ के द्वारा भी भारत की सरकार भी, भारत के नागरिक को कोई खिताब नहीं दे सकती है परन्तु सम्मानित अवश्य करती है। इस अनुच्छेद के बनाने वालों का एक उद्देश्य यह था कि कोई भारतीय नागरिक किसी दूसरे देश के प्रति निष्ठा न रखे। आप जानते हैं कि राष्ट्रपति के द्वारा सम्मान दिये जाने पर भी यह प्रश्न उठा था तथा विशेषज्ञों की राय यह थी कि किसी को सम्मान देना इस विधेयक के अधीन नहीं आता है। केवल इस का यही उद्देश्य था कि इंगलिस्तान के समान यहां भी, लार्ड, पीयर न बन पाये तथा एक नागरिक, तथा दूसरे नागरिक में कोई अन्तर, न हो कर, सब एक समान रहें। इस के पश्चात् मेरे मित्र ने यह बताया कि अनुच्छेद १८ को तोड़ने का कोई दण्ड निर्धारित नहीं है। इस सम्बन्ध में हमें सदैव यह ध्यान रखना चाहिये कि हम अपने इन अधिकारों के लिये किसी भी न्यायालय में जा कर इन को लागू करने के लिये कह सकते हैं।

दूसरा प्रश्न यह है कि क्या इस विधेयक के क्षेत्र को विस्तृत करना चाहिये। इस विधेयक के खण्ड ४ में यह दिया हुआ है कि 'भारत का कोई भी नागरिक, यदि राष्ट्रपति की बिना अनुमति के किसी विदेशी राज्य से कोई भेंट अथवा उपहार लेता है तो उस को जुर्माने अथवा दो वर्ष के कारावास का दण्ड दिया जाये तथा दण्ड देने के पश्चात्

[श्री ए० एम० थामस]

न्यायालय उस भेंट तथा उपहार अथवा उस के अन्य किसी रूप को जब्त कर सकता है । अब यदि इस उपबन्ध को लागू किया जाता है तो स्वयं हमारे प्रधान मंत्री भी दोषी सिद्ध होते हैं क्योंकि समाचारों के अनुसार रूस में उन पर बहुत उपहार आदि निछावर किये गये ।

श्री सी० आर० नरसिंहन् : राज्य द्वारा नहीं ।

श्री ए० एम० थामस : इस उपबन्ध के अधीन सर्वप्रथम हमारे प्रधान मंत्री आते हैं । इस के अतिरिक्त नोबल प्राइज़ आदि के लिये मेरे मित्र यह कह सकते हैं कि यह सब खण्ड ५ के अधीन छोड़ दिये गये हैं परन्तु अन्य खण्डों तथा खण्ड ५ में कुछ विभिन्नता का पता लगाना बड़ा कठिन है ।

मैं अपने मित्र से इस बात में बिल्कुल एकमत हूं हमें देशभक्त अवश्य होना चाहिये तथा यदि इस प्रकार की खिताबों, भेंटों आदि से हमारी देशभक्ति में कोई अन्तर आता हो तो यह इस को प्रोत्साहन कभी भी नहीं मिलना चाहिये । इसलिये मेरा विचार है कि जब कोई विदेशी राज्य किसी भारतीय को कोई खिताब अथवा भेंट देना चाहता हो तो भारत सरकार की सलाह आवश्यक होनी चाहिये । वास्तव में सम्भावना यही है कि खिताब आदि के देते समय भारत सरकार से पहले ही विचार विमर्श कर लिया जायेगा ।

मेरा विश्वास है कि विभिन्न सरकारों में, सम्मान देने की एक परम्परा हो गई है अतः इस प्रकार के विधेयक से इस पर नियंत्रण लगाना हमारे लिये उपयुक्त न होगा । विदेश से, धार्मिक तथा पूर्त संस्थाओं को भी सहायता तथा भेंट आती है । इस पर भी नियंत्रण लग जायेगा । मेरे विचार से हमें इस प्रकार के प्रश्नों को विदेशों से सरकारी स्तर पर पत्र व्यवहार आदि के द्वारा निश्चित करना चाहिये । मैं इस विधेयक की आवश्यकता नहीं समझता हूं, अतः इस का विरोध करता हूं ।

श्री डी० सी० शर्मा (होशियारपुर) : आज सभा में मुझे यह सुन कर बड़ा आश्चर्य हुआ कि विदेशों से उपाधि तथा भेंट स्वीकार करने में कोई हानि नहीं है । परन्तु मैं यह बता देना चाहता हूं कि खिताबों और भेंटो आदि पूंजीवादी तथा प्रतिस्पर्धी समाज के प्रतीक हैं । हमें स्मरण रखना चाहिये कि हम ने एक वर्गहीन समाज बनाना है और फिर जब स्वयं भारत सरकार द्वारा दिये गये खिताब आदि विधिपूर्ण नहीं है तो विदेशी सरकार द्वारा दिये गये खिताब आदि कैसे माने जा सकते हैं, स्वीकार की जा सकती हैं ।

आचार्य कृपालानी (भागलपुर-पूर्निया) : भारत रत्न, क्या है ?

श्री डी० सी० शर्मा : 'भारत रत्न' कोई खिताब नहीं है । मैक्सिको के संयुक्त राज्य ; फिलिपाइन, अमरीका, आयरलैंड, टर्की आदि में विदेशी उपाधियों पर प्रतिबन्ध हैं । मेरे विचार से इन देशों के संविधानों में यह बहुत ही महत्वपूर्ण उपबन्ध है । इसलिये मेरे मित्र श्री सी० आर० नरसिंहन् का यह सुझाव कि सभी व्यक्तियों के उपाधि लेने पर प्रतिबन्ध लगाना चाहिये, ठीक ही है ।

मैं श्री थामस से सहमत हूं कि अन्य राष्ट्र के प्रति किसी भारतीय नागरिक की निष्ठा नहीं होनी चाहिये । श्री थामस ने यह भी कहा कि हमारे प्रधान मंत्री विदेशों

से इतनी भेंट लाये हैं। मैं उन को यह बात देना चाहता हूं कि उन्हों ने भारत के नेता, भारत के प्रतिनिधि के रूप में यह भेंट तथा उपहार स्वीकार किये थे।

इस के पश्चात् यह कहा गया कि इस विधेयक के द्वारा हम मनोवृत्ति को बदलना चाहते हैं। यह ठीक भी है। इस के द्वारा हमारे नागरिक अपने गुणों की मान्यता के लिये, भारत की ओर ही देखेंगे। कुछ उपाधि तथा भेंट राजनैतिक कारणों तथा अन्य कारणों से दिये जाते हैं तथा कुछ विद्वत्ता के कारण दिये जाते हैं। तथा इसी के लिये खण्ड ५ में अपवाद भी रखा गया है कि अपनी विद्वत्ता से यदि कोई भारतीय विद्वान कोई उपाधि लेता है तो मेरे विचार से इस में कोई हानि नहीं है तथा उसे स्वीकार कर लेना चाहिये। मेरा मत है कि महत्वपूर्ण विधेयक को जिस के द्वारा वर्गहीन समाज की स्थापना को प्रोत्साहन मिलता है, स्वीकार कर लेना चाहिये। परन्तु इस में दंड अधिक रखा गया है और मैं चाहता हूं कि इस के द्वारा निर्धारित दण्ड को कम कर देना तथा केवल जुर्माना ही रखना चाहिये। मेरे विचार से यह विधेयक संविधान की धाराओं के अनुरूप है। मैं सभा से इस की स्वीकृति की सिफारिश करता हूं।

श्री पुन्नूस (आल्लप्पि) : इस विधेयक के सिद्धान्त के सम्बन्ध में सभी एकमत हैं परन्तु केवल अब प्रश्न यही है कि क्या वर्तमान स्थिति में यह अत्यावश्यक है या नहीं।

अंग्रेजी काल में सभी जनता इन खिताबों की विरोधी थी तथा इन खिताबधारियों को बुरी नज़र से देखती थी। परन्तु कुछ व्यक्ति अब भी इन खिताबों का प्रयोग करते हैं।

श्री नरसिंहन यह भूल गये कि संविधान के अनुसार मित्र राष्ट्रों को विदेशी नहीं समझा जाता है। इस के अतिरिक्त राजा महाराजा अब भी अपनी खिताबों का प्रयोग करते हैं। तथा इसी ओर यह विधेयक कुछ लाभ कर सकता है परन्तु इस से हानि भी बहुत है।

विधेयक में दिया है कि 'कोई भी विदेशी संस्था हो'। परन्तु कुछ संस्थायें दूध का पाउडर भेजती हैं। मेरे विचार से इस प्रकार की लाभदायक वस्तुयें अवश्य आनी चाहियें।

माननीय सदस्य ने दासता की मनोवृत्ति के सम्बन्ध में कुछ कहा था। इस प्रकार का सन्देह करना ही गुलाम मनोवृत्ति है क्योंकि जब भी कभी किसी व्यक्ति की इस प्रकार की मनोवृत्ति होती है जनता उस का स्वयं बहिष्कार कर देती है। इसलिये मुझे इस की आवश्यकता ही प्रतीत नहीं होती है।

मेरे मित्र श्री थामस ने धार्मिक उपाधियों के सम्बन्ध में कहा। देश में बहुत थोड़े ऐसे व्यक्ति हैं जिन का धार्मिक गुरु 'पोप' है वही कुछ उपाधियां देते हैं।

मैं नहीं चाहता कि इन खिताबों को पाने वाले व्यक्ति उन का प्रदर्शन मात्र भी करें। परन्तु इस का अर्थ यह नहीं कि उन की निष्ठा विदेशों के प्रति है। मेरे माननीय मित्र श्री डी० सी० शर्मा ने विभिन्न देशों के संविधानों के उद्धरण देते हुए बताया था कि विश्व भर में उन पर रोक लगी हुई है। परन्तु दुनिया के सभी सभ्य देशों में विदेशी खिताब और सम्मान प्रचलित रहे हैं और हमें इस साधारण से मामले पर चर्चा में अपना समय नष्ट नहीं करना चाहिये।

श्री कामत (होशंगाबाद) : स्टालिन शान्ति पदक पर भी रोक लगनी चाहिये।

श्री पुन्नूस : वह एक समिति द्वारा शान्ति के लिये काम करने वाले अन्तर्राष्ट्रीय

[श्री पुन्नूस]

नेताओं को दिया जाता है, पर उस पर भी रोक लग सकती है। जब ६५ करोड़ व्यक्तियों के एक आन्दोलन के प्रतिनिधियों द्वारा यह पुरस्कार दिया जाता है, तो हमारे द्वारा मान्यता न देने से क्या होता है। पर इस बारे में ऐसा संकुचित दृष्टिकोण अपना कर हम दुनियां की आंखों में गिर जायेंगे। अतः मेरी समझ से इस विधेयक के पास होने की कोई जरूरत नहीं है।

कुमारी एनी मैस्करीन (त्रिवेन्द्रम) : मैं इस विधेयक का घोर विरोध करती हूं क्योंकि यह हमारी अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री की भावना पर एक आक्षेप है, और विकास आदि के लिये हमें आज तक प्राप्त हुई भेंटों, उपहारों आदि के प्रति हमारी घोर अकृतज्ञता प्रकट करता है।

मुझे संविधान का अनुच्छेद १८(२) असंगत मालूम होता है। हमें संविधान भी संशोधित करना होगा। कोई राष्ट्र अन्य राष्ट्रों से सम्बद्ध हुए बिना रह नहीं सकता। इस विधेयक में दूरदर्शिता का अभाव है। हम ने अपनी पंचवर्षीय योजना में प्राविधिक सहयोग आदि की आवश्यकता मानी है, अतः यह विधेयक सर्वथा असंगत है।

इसी प्रकार यदि विदेश वाले समझते हैं कि खिताब विशेष को ग्रहण करने का गुण एक भारतीय में है, तो हमें वह खिताब किस कारण से ग्रहण नहीं करना चाहिये? संविधान से भी यह उपबन्ध निकाल दिया जाना चाहिये। हाल में हमारे इंगलैण्ड स्थित राजदूत को कानून में डाक्टरेट प्रदान की गई थी। बाहर के लोग भी कद्र करना जानते हैं। हम इसे प्रोत्साहित न करें, पर हमें रोक नहीं लगानी चाहिये।

सभापति महोदय : संविधान में संशोधन के लिये एक पृथक् विधेयक रखा जा सकता है। प्रस्तुत विधेयक के प्रसंग में भाषण देते हुए यह नहीं किया जा सकता।

कुमारी एनी मैस्करीन : किसी भी विधान आदि को बना कर हमें बढ़ती हुई अन्तर्राष्ट्रीय मैत्री में बाधा नहीं डालनी चाहियें।

मेरे मित्र श्री पुन्नूस ने पोप द्वारा दी गई दूध की भेंट और खिताबों का उल्लेख किया था। युद्ध या अकाल की स्थिति में यह ठीक है, पर सामान्यतः प्रत्येक राष्ट्र की प्रतिष्ठा इसी में है कि वह अपने पैरों पर खड़ा हो। यदि कोई राष्ट्र अकालग्रस्त हो, तो वह ऐसी भेंटें ले सकता है, पर वे भेंट देने वाले राष्ट्रों द्वारा होने वाले शोषण का साधन न बनने दी जानी चाहिये। पोप के द्वारा दिये गये खिताबों के बारे में मुझे यह कहना है कि यह खिताब पोप धर्मपिता के रूप में धार्मिक आधार पर अपने कैथोलिक परिवार के किसी भी सदस्य को, जो उन के पुत्र के समान हैं, देते हैं और उन का राजनीति से कोई सम्बन्ध नहीं है।

इस विधेयक पर विशेषतः खंड ४ पर चर्चा के लिये अवसर नहीं दिया जाना चाहिये था। खंड ५ छात्रवृत्तियों आदि को इस से विमुक्ति देता है। मैं नहीं समझती कि यह खंड विधेयक से कहां तक संगत है। श्री सी० वी० रमन जैसे व्यक्ति अपनी वैज्ञानिक खोज के कारण भारत की ही नहीं, सारी दुनियां की एक विभूति बन जाते हैं। मैं इस विधेयक को संकुचित भावना वाला मानती हूं। इस पर चर्चा ही नहीं होनी चाहिये।

श्री टेक चन्द (अम्बाला-शिमला) : मैं विधेयक के प्रस्तावक की भावना से तो सहमत हूं, पर विधेयक के विधि-शब्दों के बारे में पूर्णतः असहमत हूं। आज कल लोग

विधान बना कर दंड विहित कर देना ही प्रत्येक रोग का एकमात्र इलाज समझने लगे हैं, जो ठीक नहीं है । कम्पनी विधेयक में ही हम दंड सम्बन्धी १६९ खंड रखने जा रहे हैं । यदि मनोवृत्ति यही रही तो प्रत्येक नागरिक अपराधी बन जाने के खतरे में रहेगा ।

हमारे संविधान के अनुच्छेद १८ (२) के अनुसार कोई भी नागरिक विदेशों से खिताब ग्रहण नहीं कर सकता । सं० रा० अमरीका, जापान और आयरलैंड के संविधानों में भी ऐसे उपबन्ध हैं, पर कहीं भी उसे दंड्य नहीं बनाया गया है । यह विधेयक हमारे संविधान के उपबन्ध से भी आगे चला जाता है ।

संविधान के अनुच्छेद ३६७(३) के अनुसार विदेशी राज्य का अर्थ भारत को छोड़ किसी भी राज्य से है, पर इस विधेयक के खंड (२) में दी गई परिभाषा के अनुसार उस में विदेशी राज्य की कोई भी संस्था या संगठन शामिल किया गया है । इस से तो नोबेल पुरस्कार जैसे ज्ञान, विज्ञान और शान्ति के पुरस्कारों पर भी रोक लगानी पड़ेगी । खंड ५ की विमुक्तियों ने और भी गड़बड़ पैदा कर दी है । तदनुसार साहित्य में नोबेल पुरस्कार मिलना दंड्य नहीं है, पर खेल-कूद आदि में उस का मिलना दंड्य है । और दो वर्ष तक की सजा दी जा सकती है । हमारे देश का कोई नागरिक विदेश जा कर कुछ वीरता या साहस का कार्य करता है और उसे कुछ उपाहार मिलते हैं, पर देश में आने पर उसे इस विधेयक के अनुसार दो वर्ष की सजा मिलेगी । अतः भले ही इस विधेयक की भावना अच्छी हो, उस के शब्द उपयुक्त नहीं हैं । मुझे उस की भाषा पर आपत्ति है, भावों पर नहीं । उस से कुछ ऐसे प्रतिफल पैदा हो जायेंगे, जिन पर विधेयक के प्रस्तावक तक को बाद में खेद होगा । अपनी भावनाओं की झोंक में हमें एक उपहासास्पद और अव्यावहारिक विधान पास नहीं कर देना चाहिये ।

मान लो कोई भारतीय नागरिक किसी विदेशी दल के साथ पुनः एवरिस्ट विजय करता है और उसे विदेश जाने पर कुछ सम्मान और उपहार आदि मिलते हैं, तो देश में आने पर उसे विधेयक की भाषा के अनुसार दो वर्ष की जेल का पुरस्कार मिलेगा ।

भेंट और उपहार का भेद भी विधेयक में स्पष्ट नहीं किया गया है । विदेशी राज्य की परिभाषा में भी गड़बड़ की गई है । इस प्रकार की आलेखन की भूलों के कारण यह विधेयक सर्वथा अव्यावहारिक हो जाता है । मैं चाहता हूं इस विधेयक पर आगे कोई कार्यवाही न की जाये ।

श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी (मैसूर) : श्री सी० आर० नरसिंहन् का यह विधेयक मुझे अनावश्यक लगता है, क्योंकि उस का प्रयोजन तो संविधान से ही सिद्ध हो जाता है । अनुच्छेद १८ दंड तो विहित नहीं करता, पर स्पष्ट कहता है कि राष्ट्रपति की मंजूरी के बिना कोई भी नागरिक कोई विदेशी खिताब स्वीकार न करेगा । उसे जेल भेजने का प्रश्न ही नहीं है । वह खिताब उसे मिला हुआ माना ही न जायेगा ।

पश्चिम की कुछ बुरी चीजों का हम अनुकरण करते जा रहे हैं । हर वर्ष राष्ट्रपति कुछ प्रतिभाशाली व्यक्तियों को खिताब देते हैं, यद्यपि यह संविधान की भावना के विरुद्ध है । आज खिताब देने का अर्थ उस व्यक्ति के राजनीतिक जीवन का अन्त कर देना है यदि हम किसी व्यक्ति को सम्मान दे कर उसे खिताब देना चाहते हैं, तो हम स्पष्ट कह सकते हैं कि खिताब देने में कोई बुराई नहीं है । पर संविधान इसे पसन्द नहीं करता । ब्रिटिश राज्य में खिताब लेना

[श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी]

एक फैशन था । आज स्थिति और वातावरण बदल गया है । आज हमें भारत में या बाहर खिताब दिये जाने को उचित न मानना चाहिये । पर इस के लिये दंड विहित करना आवश्यक नहीं है, क्योंकि संविधान के एक अनुच्छेद के अनुसार यदि कोई व्यक्ति विदेशी खिताब लेता है, तो वह स्वतः उस से वंचित माना जायेगा ।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा था कि व्यावहारिक जीवन में खिताब, भेंट और उपहार ग्रहण करना आवश्यक हो सकता है । श्री मोरे कभी-कभी बड़ी रुचिकर अन्तर्बाधायें करते हैं, इस के लिये उन्हें खिताब मिलना चाहिये और उन से आगे से मौन रहने को कहा जाये । मैं ने इस बारे में श्री मोरे से कहा, तो वह खिताब लेने को तैयार हो गये ।

श्री एस० एस० मोरे (शोलापुर) : आप मेरी बात ठीक-ठीक नहीं बता रहे हैं ।

श्री सी० आर० नरसिंहन : उन्हें ठीक-ठीक न बताने के लिये खिताब दिया जाये ।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : पर उन्हों ने अन्तर्बाधा तो ठीक ही की ।

श्री एम० एस० गुरुपादस्वामी : इसी से मैं ने रुचिकर अन्तर्बाधा देने के लिये खिताब सुझाया था ।

५ म० प०

इस विधेयक का प्रयोजन संविधान से ही सिद्ध हो जाता है । इस में कई त्रुटियां भी हैं । 'विदेशी राज्य' की परिभाषा में भी त्रुटि है । यदि कोई अन्तर्राष्ट्रीय संघ हमारे किसी कवि को राष्ट्र कवि का खिताब दें, तो वह खंड २ की विमुक्तियों में नहीं आता । आशा है, माननीय सदस्य अपना विधेयक वापस ले लेंगे ।

गृह-कार्य उपमन्त्री (श्री दातार) : यद्यपि सरकार और इस सभा के अनेक सदस्यों के मत से यह विधेयक अनावश्यक है, तथापि पूरे प्रश्न पर बड़ी अच्छी और रुचिकर चर्चा हुई है । इस प्रश्न पर कई दृष्टिकोणों से विचार किया गया है और इस प्रश्न पर भी विचार किया गया है कि क्या हमें दंडात्मक विधियां बना कर किसी अन्य देश के प्रति निष्ठा को दुरुत्साहित करना चाहिये ।

इन सब मामलों में, जैसा श्री टेकचन्द ने ठीक ही सुझाया था, हमें यह देखना है कि संविधान में दिये गये विशिष्ट निदेश का उल्लंघन क्या इतना सर्वसाधारण और इस सीमा तक हो गया है कि एक दंडात्मक विधान बना कर या दंड विहित कर के उस का रोकना आवश्यक हो गया हो । जहां तक इस प्रश्न का सम्बन्ध है, यह बहुत बड़ी कसौटी है ।

इसलिये एक छोटा सा प्रश्न यह है कि क्या संविधान के अनुच्छेद १८ का उल्लंघन इतना अधिक हो गया है कि एक दंडात्मक विधान पारित करना आवश्यक हो गया हो । इन सब मामलों में हमें सावधान रहना होगा जब तक कोई मामला लोकहित के लिये बड़ी भारी चिन्ता का विषय न बन गया हो, तब तक साधारणतः हमें ये सब प्रश्न जनता के सद्भाव के ऊपर छोड़ देने चाहियें ।

[**श्रीमती सुषमा सेन** पीठासीन हुईं]

अतः प्रश्न यह है कि क्या यह बुराई इतनी अधिक बढ़ गई है कि इस प्रकार का विधान पास करना आवश्यक हो जाये ।

जहां तक संविधान का सम्बन्ध है, उस में छोटी या बड़ी सभी बुराइयों के विरुद्ध उपबन्ध किये गये हैं । मूलभूत अधिकारों सम्बन्धी अध्याय में कुछ विशिष्ट बातों का वर्णन किया गया है । जैसे अनुच्छेद

१७ में, जहां अस्पृश्यता के निषेध का प्रश्न लिया गया है । अनुच्छेद १८ में सरकार द्वारा खिताब देने या भारत के किसी नागरिक द्वारा किसी विदेशी सरकार से खिताब ग्रहण करने पर निषेध लगाया गया है । ये दोनों निषेध बिलकुल निकट के अनुच्छेदों में हैं ।

जहां तक अस्पृश्यता का प्रश्न है, संविधान बनाने वालों का विश्वास था कि यह बहुत बड़ी बुराई है कि उस अधिकार विशेष का प्रयोग करने पर दंड दिया जाये । इसी कारण उस में ये शब्द प्रयुक्त किये गये हैं :

> "अस्पृश्यता से उपजी किसी निर्योग्यता को लागू करना अपराध होगा, जो विधि के अनुसार दंड-नीय होगा ।"

इसलिये आप देखेंगे कि जहां तक अस्पृश्यता का, उस अध्याय में रखे गये एक निषेध का सम्बन्ध है, संविधान बनाने वालों का विचार था कि उस के बारे में न केवल निषेध या रोक होनी चाहिये, बल्कि उस रोक के विरुद्ध कुछ करने के लिये दण्ड का भी उपबन्ध होना चाहिये ।

उस अनुच्छेद के तुरन्त बाद अनुच्छेद १८ है, जिस में सरकार से खिताब न देने के लिये कहा गया है और एक भारतीय नागरिक पर भी यह रोक लगाई गई है कि वह विदेशी सरकार से खिताब स्वीकार न करे । जहां तक इस अनुच्छेद का सम्बन्ध है, संविधान बनाने वालों ने कम से कम उस समय यह नहीं सोचा था कि इस का उल्लंघन दंडनीय बनाया जाये । अतः इस से यह स्पष्ट है कि बुराई और बुराई में ठीक ही भेद रखा गया, और कुछ मामलों में संविधान बनाने वालों का विश्वास था कि प्रश्न जनता की सद्बुद्धि पर छोड़ दिया जाये, और इसलिये संविधान में यह निषेध सरकार और जनता के बारे में रखा गया है ।

यहां जो प्रश्न उत्पन्न होता है यह है । क्या विगत पांच वर्षों में, जब से यह संविधान लागू हुआ है, भारतीय नागरिकों को ऐसी अनेकों खिताब, विभिन्न उपहार, सम्मान विदेशी सरकारों से प्राप्त हुए हैं या नहीं । अब हम ने विदेशी सरकारों के परामर्श से एक अभिसमय बना लिया है कि जब कुछ भारतीयों को कोई खिताब या अन्य वस्तु के देने का विचार हो तो दो सरकारों के बीच विचार विमर्श अवश्य होना चाहिये । अतः हम से पूछताछ होती है और केवल हमारे अनुमति देने पर ये खिताब या उपहार इन लोगों को दिये जाते हैं । सौभाग्य की बात है कि अभी हमारे लिये ऐसा समय नहीं आया है कि जब अनुच्छेद १८(२) के उल्लंघन के परिणामस्वरूप यह आवश्यक हो जाये कि इस सम्बन्ध में संसदीय विधि का होना आवश्यक हो जाये ।

इस सम्बन्ध में एक बात और है । यदि कोई विधि पारित हो जाती है, तो उस में अनेकों कठिनाइयां होंगी, और यह प्रश्न उत्पन्न होगा कि क्या उस कार्य के पीछे पर्याप्त अनुमति होगी जो भारत सरकार कर सकती है । उन भारतीयों के मामले पर, जो अन्य देशों में रहते हैं, उदाहरणार्थ अंग्रेजी बस्तियों में या अन्य स्थानों में, विचार करिये । वहां अनेकों वर्षों से अनेकों भारतीय रहते हैं । वे वहां उन बस्तियों तथा अन्य स्थानों के रहने वालों की भांति ही बहुत अच्छे या प्रशंसा योग्य कार्य कर रहे हैं । और मान लीजिये कि वहां की सरकारें उन्हें उन के अच्छे कार्य या प्रशंसनीय कार्य की मान्यता के उपलक्ष में, जो उन्हों ने किया है, कोई खिताब या उपहार या पारि-तोषिक देना चाहती हैं, तो क्या यह अच्छा नहीं होगा कि विधि को इतना दण्डनीय न बनाया जाये कि उन्हें ऐसे उपहार या अन्य वस्तुयें लेने से रोके ? प्रायः ऐसे भी

[श्री दातार]

मामले होंगे कि जिन में यह कठिनाई उत्पन्न होगी कि क्या विशिष्ट भारतीय, जो भारत का नागरिक था, उस विशिष्ट देश का नागरिक बन गया है या नहीं । मान लीजिये कि इन परिस्थितियों में कोई व्यक्ति उपाधि, उपहार, उपाधि प्राप्त करता है ।

तो वह वहां ही निवास किये जाता है । प्राविधिक दृष्टि से, कदाचित वह भारत का नागरिक हो । परन्तु जहां तक हमारा सम्बन्ध है, क्या अभी तक कोई ऐसी अनुमति है जिस के अधीन हम इस व्यक्ति के विरुद्ध कोई कार्यवाही कर सकते हैं, क्योंकि उस ने, इस विधि का उल्लंघन किया है । अतः, ऐसे मामलों में हमें बहुत सतर्क रहना चाहिये । यह ठीक है, जैसाकि कहा गया है, कि अन्य देश के प्रति निष्ठा को निरुत्साहित किया जाये । परन्तु हमें केवल ऐसी ही विधि बनानी चाहिये जिस का सम्बन्ध ऐसे प्रश्न से हो न कि अन्य प्रश्नों से जो लगभग उचित प्रकार के हों । अतः, जबकि बहुत से भारतीय विदेशों में रहते हैं--यदि मैं गलती पर न हूं तो लगभग पचास लाख --और यदि उचित रूप में वे उपहार या पारितोषिक या खिताब प्राप्त करते हैं, तो उस में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिये, हमारे ऊपर सामान्य प्रतिबन्ध को छोड़ कर जो हम ने भारतीय संविधान में सम्मिलित कर लिया है, कोई प्रतिबन्ध नहीं होना चाहिये । अतः, सभा से मेरा निवेदन है कि अभी ऐसी परिस्थितियां नहीं हैं जिन के कारण इस सम्बन्ध में विधि बनाना संसद् के लिये आवश्यक हो ।

जहां तक इस सम्बन्ध में सरकार की नीति का सम्बन्ध है, यह सर्वथा स्पष्ट है । खिताबों के बारे में, उन पर पूर्ण प्रतिबन्ध हैं । आप देखेंगे कि संविधान में अनुच्छेद १८ के खंड (२) और (३) में एक भेद रखा गया है । खंड (२) में उपबन्धित है :--

"भारत का कोई नागरिक किसी विदेशी राज्य से कोई खिताब स्वीकार नहीं करेगा ।"

यहां भारत सरकार से स्वीकृति या अनुमति लेने का कोई प्रश्न ही नहीं है । परन्तु खंड (३) में यह लिखा है :--

"कोई व्यक्ति जो भारत का नागरिक नहीं है, राज्य के अधीन लाभ या विश्वास के किसी पद को धारण करते हुए किसी विदेशी राज्य से कोई खिताब राष्ट्रपति की सम्मति के बिना स्वीकार न करेगा ।"

फिर खंड ४ भी है :--

"राज्य के अधीन लाभ-पद या विश्वास-पद पर आसीन कोई व्यक्ति किसी विदेशी राज्य से या अधीन किसी रूप में कोई भेंट, उपलब्धि या पद राष्ट्रपति की सम्मति के बिना स्वीकार न करेगा ।"

अब, वह भारतीय नागरिक या कोई अन्य व्यक्ति हो सकता है । ऐसे मामलों में, यह उल्लिखित है कि वह राष्ट्रपति की सम्मति के बिना किसी विदेशी राज्य से या अधीन कोई उपलब्धि, भेंट या किसी प्रकार का पद स्वीकार नहीं कर सकता । अतः, जहां तक इन दो खंडों का सम्बन्ध है, खिताबों के बारे में पूर्ण प्रतिबन्ध है और खिताबों की प्राप्ति को राष्ट्रपति की सम्मति से भी मान्यता नहीं दी जा सकती । परन्तु जहां तक औरों का सम्बन्ध है, जहां तक अन्य पदाधिकारियों का सम्बन्ध है, वे केवल राष्ट्रपति की सम्मति से प्राप्त की जा सकती

हैं, अन्यथा नहीं । अतः खिताबों के बारे में यह बहुत स्पष्ट है कि खिताबों पर संविधान प्रतिबन्ध लगाता है और ये किसी भारतीय को स्वीकार नहीं करना चाहिए । मान लीजिये कि वह स्वीकार करता है--ऐसे मामले बहुत थोड़े हैं; आप देखेंगे कि विगत पांच वर्षों में ऐसे बहुत थोड़े मामलों का हमें पता चला है । कदाचित विदेशों में रहने वाले भारतीयों ने अत्र तत्र कोई खिताब स्वीकार कर ली हो । परन्तु उन लोगों के सम्बन्ध में हमारे पास कोई आंकड़े नहीं हैं । परन्तु जहां तक भारत में रहने वाले भारतीयों और ऐसी विदेशी उपाधि प्राप्त करने का सम्बन्ध है, उन की संख्या केवल नाममात्र है--यदि मेरा कहना गलत हो तो इसे ठीक किया जा सकता है । इस से प्रकट होगा कि ऐसा कोई भारतीय नहीं है जिस ने खिताब स्वीकार किये हों । तर्क के लिये मान लीजिये कि कोई व्यक्ति खिताब प्राप्त करता है, हम यह कर सकते हैं कि खिताब को तनिक भी मान्यता न दे कर अपनी अस्वीकृति प्रकट कर सकते हैं । जहां तक उस खिताब का सम्बन्ध है, हम उसे मान्यता नहीं देगें । सरकार एसे खिताब को मान्यता देने से मना कर देगी और मुझे पूर्ण विश्वास है कि जनता भी वैसा ही करेगी । अतः जहां तक इस प्रश्न का सम्बन्ध है, जैसाकि खिताबों पर संवैधानिक प्रतिबन्ध है, किसी भारतीय नागरिक को विदेशी देश से कोई खिताब स्वीकार नहीं करनी चाहिए । ऐसी स्वीकृति के लिए किसी दंड की आवश्यकता नहीं है । यदि किसी गैर-सरकारी व्यक्ति को ऐसी कोई उपाधि मिलती है, तो सरकार उसे मान्यता नहीं देती, और सरकार उसे अस्वीकार करती है ।

जहां तक उपाधियों, सम्मानों और पारितोषिकों का सम्बन्ध है, उन उपाधियों, सम्मानों और पारितोषिकों को स्वीकार करने पर कोई रोक नहीं है जो खिताब नहीं है । थोड़े से मामलों को छोड़ कर, सरकार ऐसे पारितोषिकों के लिए साधारणतया अनुमति नहीं देगी । कुछ अन्य मामलों का उल्लेख किया गया है । हमने जो किया है यह है कि हम ने भी कठिनाई बता दी है । यदि ऐसी विधि पारित की जाती है, तो मित्र राष्ट्रीय देशों तथा अन्य देशों में रहने वाले भारतीयों के लिए उन ठीक या प्रशंसनीय कार्यों के लिए भी, जो उन्हों ने किये हैं, खिताब स्वीकार करना कठिन हो जायगा । अतः मेरा निवेदन है कि जहां तक इस विधेयक का सम्बन्ध है, कोई भी आवश्यकता उत्पन्न नहीं हुई है ।

द्वितीय, जैसा कि कुछ माननीय सदस्यों ने बताया है, बहुत सी ऐसी बातें हैं, जहां यह विधेयक बहुत असंगत हो जाता है और यह असंगति स्वयं एक बहुत आपत्तिजनक बात है । जैसाकि संकेत किया गया है, विदेशी राज्य की परिभाषा में कोई भी संस्था या संघ, जो विदेशी राज्य में हो, सम्मिलित होगी--उस में गैर सरकारी संस्थायें भी सम्मिलित होंगी । वहां बहुत अच्छी, अनापत्ति-जनक संस्थायें हो सकती हैं, जो बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य कर रही हों और वे यह देख सकती हैं कि किसी उचित मामले में, किसी भारतीय को कुछ पारितोषिक दे कर प्रोत्साहित किया जाये । ऐसे मामले में, हम देखेंगे कि यह परिभाषा उस परिभाषा की अपेक्षा, जो स्वयं संविधान में दी है, बहुत विस्तृत प्रकार की है ।

अन्त में, जैसाकि बहुत ठीक ही बताया गया है, जहां तक खंड ५ का सम्बन्ध है, दण्ड विधि से जिस प्रकार के खिताब आदि को छूट दी गई है वह किसी विश्वविद्यालय या अन्य संस्था के नियमानुसार दिया गया सम्मान है, और ये अन्य संस्थायें ज्ञान के

[श्री दातार]

विकास में संलग्न विश्वविद्यालयों के अनुरूप है और विदेशी राज्य में स्थित हैं। अतः उदाहरण के लिये "नाबेल पारितोषिक" को लीजिये जो संसार में शान्ति सदृश्य स्थितियां उत्पन्न करने के लिये भरसक प्रयत्न करने वाले किसी भारतीय को दिया जा सकता है। यदि उस भारतीय का उस दिशा में प्रयत्न् इतना प्रशंसनीय समझा जाता है कि उसे वह पारितोषिक दे कर उस कार्य के लिये प्रोत्साहित किया जाना चाहिये, तो उस के लिये यह सर्वथा कठिन होगा कि वह पारितोषिक स्वीकार कर सके क्योंकि ऐसी स्वयं उपलब्धि दण्डनीय होगी। अतः, आप देखेंगे कि जहां तक इस विधेयक के उपबन्धों का सम्बन्ध है, वे लक्ष्य से पूर्णतया दूर हैं। दूसरी ओर, ऐसे विधेयक की कोई आवश्यकता उत्पन्न नहीं हुई है। द्वितीय, यदि ऐसी विधि पारित हो जाती है, जैसाकि बहुत से माननीय सदस्यों ने संकेत किया है, इस से कठिनाइयां बढ़ जायेंगी, और हम आवश्यकता के बिना ही, कम से कम जहां तक वर्तमान परिस्थिति का सम्बन्ध है, एक दांडिक विधि संविहित-पुस्त पर रखेंगे।

श्री एस० सी० सामन्त (तामलुक): जब संविधान सभा अनुच्छेद १८ बना रही थी, तब डा० अम्बेडकर ने दंड का उल्लेख करते हुए कहा था कि खिताब स्वीकार करने के दंड रूप में सम्बन्धित व्यक्ति को नागरिकता से वंचित किया जा सकता है। अतः इस उपबन्ध के समझने में कोई कठिनाई नहीं है, क्योंकि यह नागरिकता से सम्बद्ध एक शर्त है। परन्तु माननीय मंत्री इसे हटा रहे हैं। सम्भव है कि जिस रूप में विधेयक प्रस्तुत किया गया है, उस रूप में वह सरकार को स्वीकार्य न हो, परन्तु सरकार को अन्य विधेयक प्रस्तुत करना चाहिये ताकि दंड के बारे में संविधान बनाने वालों की जो भावना थी वह संसदीय विधि द्वारा उपबन्धित हो जाये।

श्री दातार: उत्तर बहुत संक्षिप्त है। मैं सभा को बता चुका हूं कि जहां तक संविधान का सम्बन्ध है कुछ उपबन्धों में परस्पर अन्तर किया गया था। अनुच्छेद १७ में यह बहुत स्पष्ट शब्दों में कहा गया है, और अनुच्छेद ३५(२) में भी जिस में 'इस भाग के अनुसार अपराध घोषित होने वाले कार्यों के लिये दंड निर्धारण का' उल्लेख है। अतः, मैं यह बता रहा हूं कि जैसे कि अनर्हता की कार्यान्विति अनुच्छेद के अधीन अपराध मानी गई है, वैसे ही इस अनुच्छेद के अन्तर्गत अनुच्छेद १८ का उल्लंघन अपराध नहीं माना गया है। अतः, जब तक हम विशेष पारित कर के इसे दंडनीय नहीं बनाते, तब तक यह दंडनीय नहीं होगी। अतः मैं यह कहूंगा कि संविधान के रचियता ने जो कहा है उस के बावजूद—कुछ भी हो यह लगभग उस का व्यक्तिगत मत होगा—संविधान में उस समय यह नहीं विचारा गया था कि अनुच्छेद १८ का उल्लंघन अपराध नहीं माना जायेगा।

जहां तक उठाई गई दूसरी बात का सम्बन्ध है, अर्थात् क्या इस क्रम पर सरकार स्वयं कोई विधेयक प्रस्तुत करेगी सरकार का मत यह है कि ऐसे विधेयक की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उल्लंघन करने वालों की संख्या बहुत कम है।

श्री सी० आर० नरसिंहन्: मैं सभा का और माननीय गृह मंत्री को, जिन्हों ने मेरे विधेयक पर सहानुभूतिपूर्ण विचार किया, धन्यवाद देता हूं। मेरी एक इच्छा यह थी कि अन्य देश के प्रति निष्ठा को बढ़ने और पनपने न दिया जाये और मुझे बड़ी प्रसन्नता

है कि इस सम्बन्ध में यहां मेरी नियत पर शंका नहीं की गई है ।

इस मामले की वैधता के सम्बन्ध में, स्वयं संविधान से यह स्पष्ट है कि जब मूल अधिकारों के अधीन नागरिकों के अधिकार प्राप्त हैं, तो उन के कुछ आभार भी हैं । मेरा विचार था कि एक आभार यह होना चाहिये कि संविधान के इस महत्वपूर्ण उपबन्ध को दृढ़ता से माना जाये । इस के अतिरिक्त, विधेयक के दोषों का सम्बन्ध है, केवल यह एक छोटा सा है । स्वभावतः, जब किसी विधेयक पर सभा मे विचार किया जाता है, यह आशा की जाती है कि उस में सब की संयुत-बुद्धि से सुधार किये जायेंगे । सभा में विधेयक प्रस्तुत होने पर हमें इस बात से आराम नहीं होना चाहिये कि राष्ट्रपति या प्रधान मंत्री जैसी विभूतियों पर इस का क्या प्रभाव पड़ेगा । यह एक ठीक दृष्टिकोण नहीं है क्योंकि ऐसा करने पर हम पक्षपातहीन हो कर चर्चा नहीं कर सकते । किसी भी प्रकार मेरे विधेयक के अधीन कोई गम्भीर बात नहीं हो सकती क्योंकि प्रत्येक स्थान पर यह उपबन्ध है कि राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति ली जानी चाहिये । मेरे विद्वान् मित्र ने कहा था दो वर्ष का कारावास, आदि आदि । इस का अर्थ यह नहीं है कि प्रत्येक मामले में कारावास दो वर्ष का होगा । मुझे खेद से कहना पड़ता है कि ऐसे लोगों का, जो वैधानिक समस्याओं पर बहस कर सकते हैं, ऐसी बात कहना उचित नहीं है । अच्छे कार्य करने के लिये विदेशियों से प्रशंसा की आशा करने के अनौचित्य की ओर साधारण ध्यान आकर्षित करने से मेरा उद्देश्य पूर्ण हो जाता है । गुण तो स्वयं एक पारितोषिक है और इसलिये विदेशों से पारितोषिक या मान्यता आदि पाना अवांछनीय है ।

सभा की यह साधारण इच्छा है कि अन्य देश के प्रति निष्ठा को प्रोत्साहित किया जाये । विधेयक की आवश्यकता के होने या न होने के बारे में मैं सरकार और माननीय गृह-कार्य उपमंत्री का निर्णय स्वीकार करता हूं । अतः मैं विधेयक वापिस लेना चाहता हूं और आशा करता हूं कि सभा मुझे इस की अनुमति देगी ।

सभापति महोदय : क्या सभा माननीय सदस्य को विधेयक लेने की अनुमति देती है ?

माननीय सदस्य : जी हां ।

विधेयक सभा की अनुमति से, वापस लिया गया ।

बाल भिक्षा तथा आवारापन निवारण विधेयक

श्री एम० एल० द्विवेदी (जिला हमीरपुर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

> "कि बाल भिक्षा तथा आवारापन के निवारण की व्यवस्था करने वाले विधेयक पर विचार किया जाय ।"

यह एक छोटा सा विधेयक है जोकि बच्चों के बारे में है । यह आप भली भांति जानते हैं कि हमारे देश में बच्चों की स्थिति बहुत ही शोचनीय है । हम जब कभी दूसरे देशों में जाते हैं तो देखते हैं कि वहां बच्चों के सम्बन्ध में बहुत से कानून बन चुके हैं और बच्चों की शिक्षा और पालन पोषण की अच्छी व्यवस्था की जाती है । लेकिन हमारे देश में इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है । हम देखते हैं कि हमारे देश में तरक्की के और बड़े बड़े काम हो रहे हैं, जैसे आबपाशी के लिये बड़े बड़े बांध बन रहे हैं, देश में सड़कों का निर्माण हो रहा है, खेती की उपज बढ़ाई जा रही है । लेकिन जो मानवीय शक्ति के श्रोत का सब से बड़ा आधार है, जिस से कि हमारा जीवन लहलहा उठता है, जिस से

[श्री एम० एल० द्विवेदी]

देश को नेतृत्व मिलता है, उन बच्चों की तरक्की के लिये, उन में जो बुराइयां फैली हुई हैं उन के निवारण के लिये हम बिल्कुल सुस्त हैं, बहुत ढीले हैं ।

अभी १९५४ मे यू० एन० ओ० की जो रिपोर्ट आई है उस में लिखा है :

> "अपचारी, उपेक्षित, परावलम्बी, निराश्रित अथवा पीड़ित बालकों के सम्बन्ध में सामाजिक कल्याणकारी विधान बनाने में भारत की गति बहुत धीमी है ।"

यह नहीं है कि ऐसा केवल अन्तर्राष्ट्रीय संस्था ही ने कहा हो । मेरे पास एक पुस्तक और है जिस का नाम है "रिपोर्ट आन डिलिनक्वेंट चिल्ड्रेन ऐंड जुविनाइल आफेंडर्स इन इंडिया" । यह पुस्तक भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने प्रकाशित की है । इस पुस्तक में भी कहा गया है कि अपचारी और प्रपीड़ित बालकों के लिये सामाजिक और सांस्कृतिक सुविधाओं का प्रबन्ध करना सभ्य समाज का कर्तव्य है । मेरे कहने का आशय यह है कि भारत सरकार का शिक्षा मंत्रालय भी इस बात को स्वीकार करता है और अन्तर्राष्ट्रीय संस्था का भी यही कहना है कि हम देश में जहां जाते हैं वहां पर और अगर हम रेलों पर जायें तो छोटे छोटे बच्चे हम को भीख मांगते हुए मिलेंगे और ऐसे ऐसे कार्यों में व्यस्त पायें जाते हैं जिन को कि हम घृणित कहते हैं और जिन्हें कोई भी सभ्य समाज अपने छोटे बच्चों से कराया जाना पसन्द नहीं करता, वह काम हमारे छोटे छोटे बच्चे करते हैं ।

करीब दो साल हुए मैं ने इस सदन में एक विधेयक उपस्थित किया था जिस का कि नाम आर्फेनेजेज बिल था और जो कि अनाथ बच्चों के सम्बन्ध में था । आज उस को दो साल से ज्यादा होने को आये, अनाथ बच्चों के लिये अभी तक देश में कोई प्रगति नहीं की गई है जबकि भारत सरकार के शिक्षा मंत्री महोदय ने यह आश्वासन दिया था कि बहुत शीघ्र ही इस बिल के जो तमाम प्राविजन हैं, उन को चिल्ड्रेन बिल में शामिल कर के देश में चालू कर देंगे और सारे राज्य उसका अनुकरण करेंगे और उस से देश में अनाथों की व्यवस्था ठीक हो जायगी लेकिन हम देख रहे हैं कि बजाय हालत सुधरने के उलटे और ख़राब ही हुई है और उन की हालत आज और अधिक गिर ही गई है । राज्य सरकारों की ओर से उन को कोई ख़ास सहायता नहीं मिलती है और जो संस्थायें इस काम को चला रही हैं, वह उन को व्यवसाय के ढंग पर चला रही हैं और वह बच्चों के जीवन से खेलती हैं । आप को पता है कि दिल्ली में पिछले साल लगभग २०० छोटे छोटे बच्चों की जिन की कि उम्र ९ साल से १४ साल तक थी, वे ब्राथल हाउसेज में, वेश्यालयों में बुरी तरह से पकड़े गये और उस के अन्दर जो लोग उन से बुरा काम कराते थे, उन से पुलिस मिली हुई थी । बड़ी मुश्किल से और कुछ लोगों की सतर्कता से उन को पकड़ा गया और वहां से निकाल कर उन को एक विशेष स्थान पर रक्खा गया ताकि उन का सुधार हो सके ।

इस के अलावा मैं आप को बतलाऊं कि सोशल वेलफ़ेयर बोर्ड की एक कमेटी जो हैदराबाद गई हुई थी, उस ने यह रिपोर्ट पेश की है और जोकि अख़बारों में निकली है कि कई हजार बच्चे वहां दासता का जीवन व्यतीत कर रहे हैं । हमारे देश में बच्चों की ऐसी बुरी हालत है कि भारतीय संविधान की ४५वीं धारा में यह स्पष्ट लिखा गया है कि दस वर्ष के बाद हर एक चौदह वर्ष के बच्चे को अनिवार्य शिक्षा दी जायगी ।

इस तरह आप देखेंगे कि हमारे विधान ने भी माना है कि दस वर्ष की अवधि के बाद चौदह वर्ष के बच्चों के लिये अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था की जायगी लेकिन आप देखेंगे कि देश में छोटे बच्चों से वह काम लिये जा रहे हैं कि जो उन की अवस्था के उपयुक्त नहीं हैं और इस के परिणामस्वरूप वे बच्चे बहुत बुरे बुरे फंदों में फंस जाते हैं । उन के वालदैन की, उन के माता पिताओं की आर्थिक स्थिति इतनी खराब होती है कि उन के लालन पालन और शिक्षा आदि की व्यवस्था वह नहीं कर पाते और उन से ऐसे काम लेते हैं जिन से वह बचपन में ही कुछ कमा कर लायें और आप जानते हैं कि बच्चे किस तरह से बुरी तरह काम में लगाये जाते हैं ।

दूसरी बात यह है कि बहुत से ऐसे बच्चे होते हैं जिन के कि मां, बाप तो मर जाते हैं और वह किसी न किसी के अधीन होते हैं, जो उन के गार्जियन्स या संरक्षक होते हैं, वे बच्चों को भीख मांगने भेजते हैं और उन से कहते हैं कि पैसा मांग कर लाओ, तो बच्चे ऐसे और इसी तरह के बुरेबुरे कामों में भेजे जाते हैं और आप समझ सकते हैं कि जबकि राज्य की ओर से कोई ठीक व्यवस्था बच्चों के लिये नहीं होती है तो वह बच्चे बड़े बड़े दुर्गण सीख लेते हैं । उन को अच्छी शिक्षा देने के लिये तो हमारे पास समुचित व्यवस्था नहीं है, अलबत्ता बुरी शिक्षा के लिये हमारे देश में तरह तरह के साधन मौजूद हैं, मसलन् सिनेमाओं में जायें, रेलों में जायें और वहां पर भीख मांगें और इस तरह बुरे कामों को सीखें । हमारे देश की शिक्षा पद्धति में ऐसी कोई व्यवस्था अभी तक नहीं हो पाई है कि वे गरीब बच्चे निशुल्क शिक्षा पा सकें । आज आप देश के किसी भी भाग में चले जाइये, हर जगह आप पायेंगे कि बच्चों की हालत दिन पर दिन बिगड़ती ही चली जा रही है । आज हमारे देश के नेता इस बात पर बड़ा जोर दे रहे हैं कि देश के नौजवानों को देशहित के काम में आगे आना चाहिये और उन को देश की अनेक जिम्मेदारियों को सम्हालना चाहिये । मैं समझता हूं कि उन की यह बात बहुत अच्छी है और स्वागत योग्य है, लेकिन आखिर हमारे नौजवान उन छोटे छोटे नवजात शिशुओं से ही तो बनते हैं और जब तक हम उन नवजात शिशुओं का जीवन सुधारने की ओर ध्यान नहीं देते तब तक यकीन रखिये कि हमारे देश का जो भावी ढांचा है वह अच्छे और योग्य नेतृत्व में पहुंच ही नहीं सकता । अगर हम चाहते हैं कि हमारे देश में भविष्य में अच्छा नेतृत्व स्थापित हो तो हमें अपने बच्चों की शिक्षा, सुधार, उन की आवारागर्दी और भीख मांगने की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाना होगा, जिन बुरे कामों में वे आज फंसे हुए हैं, उन से हम को निकालना होगा ।

शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट को देखने से ज्ञात होगा कि सन् १९५० में लगभग ५० हजार लड़कों को विभिन्न अभियोगों में सजायें दी गई और उन पर मुकद्दमे चलाये गये । अब हमारे देश में केवल चार ऐसे न्यायालय हैं जहां पर कि बच्चों के मुकद्दमे होते हैं । बच्चों के न्यायालय हमारे देश में बम्बई, मद्रास, दिल्ली और कलकत्ता इन चार जगहों पर हैं और यह जो ५० हजार लड़कों की संख्या बतलाई गई है, वह इन चार न्यायालयों में बच्चों पर चले मुकद्दमे के आधार पर बतलाई गई है। अब आप अगर देश भर के तमाम बच्चों का ध्यान रख कर हिसाब लगायें तो आप स्वयं समझ सकते हैं कि ऐसे अपराधी बच्चों की तादाद कितनी अधिक होगी । दुर्भाग्य से हमारे पास उस के सम्बन्ध में आंकड़े नहीं हैं । सरकार को प्रयत्न करना चाहिये कि ऐसे तमाम बच्चों

[श्री एम० एल० द्विवेदी]

की संख्या हमें उपलब्ध हो सके ताकि हम लोग सही तौर पर जान सकें कि देश में आज बच्चों की क्या स्थिति है। लेकिन जब हम आज ४ न्यायालयों के आधार पर कहते हैं कि वहां पर ५० हज़ार बच्चों पर सन् ५० में मुक़द्दमे चले थे, इस साल की फ़ीगर्स अभी मौजूद नहीं हैं और इसलिये उन को मैं नहीं बतला सकता, लेकिन आप स्वयं अन्दाज़ कर सकते हैं कि जब केवल चार न्यायालयों में चलने वाले बच्चों की संख्या सन् ५० में ५० हज़ार पहुंच गई थी तो आज के दिन अगर आप सारे देश का नकशा अपने सामने रक्खें तो मेरे ख़याल में यह संख्या लाख से भी ऊपर पहुंच जायगी। आज के दिन हमारे देश में लाखों बच्चे आप को एसे मिलेंग जोकि आवारागर्दी करते हैं और परिस्थितियां उन को जुर्म करने के लिये बाध्य कर देती हैं। मुझे इस बात में बडा शक है कि हमारे देश की स्थिति सुधर सकेगी जब तक कि हम उन अपने बच्चों की दशा सुधारने की ओर ध्यान नहीं देते हैं और याद रखिये बच्चों को उस गिरी हुई हालत से न निकालना यह हमारा बड़ा अपराध होगा और जो हमारे देश की भावी पीढ़ी होगी वह कहेगी कि यह लोग पार्लियामेंट में बैठते थे और इन्हों ने देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा नहीं किया, इसलिये मैं ने सब से पहले इन अभागे बच्चों की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया और अनाथ बच्चों के लिये मैं ने एक बिल पेश किया और यह मौजूदा बिल बच्चों की आवारागर्दी और भीख मांगने की प्रवृत्ति को रोकने की दिशा में एक क़दम है।

मैं आप को बतलाऊं कि जहां हमारे उपाध्यक्ष महोदय रहते हैं, यानी चित्तूड़ में, वहां पर बाला जी का मन्दिर है, वहां पर मैं गया था तो मैं ने देखा कि कई हज़ार बच्चे वहां पर भीख मांग रहे थे और भीख मांगने के लिये वह तरह तरह के रंग रूप बनाते हैं, ऊपर से इस तरह के कपड़े पहनते हैं और शरीर रंगते हैं कि मालूम होता है कि हाथ टूटा है अथवा हाथ है ही नहीं, इस तरह का प्रदर्शन करते हैं कि मानों हाथ टूटा है अथवा पैर टूटा है और भीख मांगते हैं और भीख मांग चुकने पर उन का वह टूटा हुआ हाथ या पैर साबुत हो जाता है, इस तरह की जालसाज़ी वे बच्चे करने पर मजबूर होते हैं ताकि वे लोगों से भीख प्राप्त कर सकें। एक बालाजी के मन्दिर में ही यह चीज़ आप को देखने को नहीं मिलेगी, आप किसी भी तीर्थ स्थान में चले जाइये आप को ऐसे सैकड़ों और हज़ारों बालक इस तरह भीख मांगते हुए मिलेंगे। आप को रेलगाड़ियों में इस तरह के आवारा घूमते हुए और भीख मांगते हुए बच्चे मिलेंगे और भीख मांगने के अलावा रेलगाड़ियों में जो और चोरी, डकैती के अपराध होते हैं, उन में भी यह शामिल होते हैं। हमारे गृह मंत्रालय की बड़ी चेष्टा है कि इस देश में डकैती बन्द हो जाय और जो और अपराध करने की प्रवृत्ति है वह बन्द हो जाय, लेकिन मुझे कहना पड़ता है कि हम रोग का सही निदान करने के बजाय ऊपरी इलाज करते हैं, हम पेड़ के पत्ते तो काटते हैं लेकिन उस को जड़ पर ध्यान नहीं देते। आप स्वयं समझ सकते हैं कि अगर कोई एक विष वृक्ष है, उस के पत्ते तो हम काट दें लेकिन नीचे जड़ में उस को पानी मिलता रहने दें तो वह विष वृक्ष नष्ट नहीं हो पायेगा और वह हमेशा हरा भरा बना रहेगा, ठीक यही चीज़ इस सम्बन्ध में हो रही है और जब तक इस अपराध रूपी वृक्ष की जड़ में पानी मिलता रहेगा तब तक यह नष्ट नहीं होगा और हरा भरा बना रहेगा, हम ऊपर के पत्ते काट

रहे हैं लेकिन जो हमारे देश के छोटे छोटे बच्चे तरह तरह के अपराध करना सीख रहे हैं, उन को सुधारने की ओर सरकार द्वारा सक्रिय क़दम नहीं उठाया जा रहा है और जब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता तब तक हम यह कैसे आशा कर सकते हैं कि हमारे नौजवान आगे बढ़ कर देश की ज़िम्मेदारियां सम्हाल सकेंगे और देश को उन्नति पथ पर अग्रसर कर सकेंगे और यह कैसे आशा कर सकते हैं कि आगे चल कर वह देश के अच्छे और योग्य नागरिक बन सकेंगे। आज मूल आवश्यकता इस बात की है कि हमारे देश के यह बच्चे जो देश की बुनियाद हैं उन में अपराध करने की जो प्रवृत्तियां विद्यमान हैं और दूसरे अवगुण हैं, उन अपराधों और दुर्व्यसनों को दूर करने के लिये क़दम उठाया जाय और मैं समझता हूं कि जब तक इस के लिये कोई क़दम नहीं उठाया जाता तब तक और सब बातें बिलकुल ग़लत हैं।

यू० एन० ओ० की रिपोर्ट में दिया हुआ है :

> "बाल अपचार के निवारण के लिये वस्तुतः बहुत कम विधान है और वह भी केवल बम्बई और मद्रास जैसे बड़े राज्यों में है।"

तो प्रिवेन्शन की दिशा में हमारे देश में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया और इस बात को हमारी सरकार तसलीम करती है, यू० एन० ओ० तक में इस का तजकिरा हो गया कि जापान में बड़ी तरक्की हो रही है, फिलिपाइन्स में बड़ी तरक्की हो रही है, एशिया में और सुदूरपूर्व के जो देश हैं वहां पर बच्चों के लिये बड़े अच्छे अच्छे कानून बन रहे हैं और जापान तथा फिलिपाइन्स उस के आदर्श हैं, लेकिन हमारे देश में पता नहीं क्यों इस बात की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और यह एक बड़े आश्चर्य की बात है। हमारे देश के नेता बड़े बुद्धिमान हैं, उन की अक्लमन्दी की चर्चा आज हमारे भारत में ही नहीं, सारे संसार भर में चल रही है। आज इस देश में तरक्की का काम इतनी जल्दी चल रहा है, हमारे देश में दूसरे देशों के बड़े बड़े नेता और प्रधान मंत्री आये, उन्हों ने यहां के काम को देखा और आश्चर्य चकित रह गये तथा कहा कि भारतवर्ष में जितना काम पिछले सात, आठ वर्षों में हुआ उतना किसी दूसरे देश में नहीं हुआ, तमाम लोग इस की तारीफ करते हैं, इस की कद्र करते हैं, लेकिन सब से बड़े आश्चर्य की बात यह है कि हम ने इस बात की ओर ध्यान नहीं दिया कि आज हम अपने जीवन में जिस नेतृत्व के नीचे काम कर रहे हैं वह बहुत अच्छा है परन्तु आगे क्या होगा। हम भविष्य की बात सोचते ही नहीं हैं। भविष्य में इस देश को गांधियन सिद्धान्तों पर, पंचशील के सिद्धान्तों पर और अहिंसा के सिद्धान्तों पर ले जाने की जिम्मेदारी हमारी है, क्या हम ने कभी इस बात पर विचार किया है कि हमें आज के बच्चों को किस दिशा की ओर ले जाना है ? आप युनिवर्सिटियों के विद्यार्थियों की तरफ देखिये। आज पटना में क्या हुआ ? बम्बई में क्या हो गया ? लखनऊ में जो पिछले साल विद्यार्थियों का स्ट्राइक हुआ, उस का क्या कारण था ? कारण यह था कि जो हमारी शिक्षा की नीति है वह गलत है। जब तक हम शिक्षा में परिवर्तन न कर के बच्चों को इनडिसिप्लिन अर्थात् अनुशासनहीनता सिखलाते रहेंगे, तब तक आप समझ लें कि आप के समाज का जो स्तर है, समाज का जो ढांचा है उस में सुधार नहीं हो सकता है। आज जो हमारा वर्तमान नेतृत्व है वह चाहे भला से भला काम कर जाये, लेकिन आगे का नेतृत्व हमारे उन नौजवानों पर आना है जो आज अनुशासन-

[श्री एम० एल० द्विवेदी]

हीनता का जीवन व्यतीत कर रहे हैं । यदि हम उन के सुधार के लिये अपनी शिक्षा नीति में परिवर्तन नहीं करते, उन की आवारागर्दी को रोकने की चेष्टा नहीं करते और उन को अपराधों से बचाने का प्रयत्न नहीं करते, तो हमारे देश के यह भावी नागरिक दिन पर दिन गिरते जायेंगे । ऐसी स्थिति में हमारे देश की सरकार का कर्तव्य है कि वह इस की ओर ध्यान दे । मैं जानता हूं कि सरकार यह कहेगी कि जेनरल डिलें-क्वेंसी को रोकने के लिये, बच्चों के अन्दर की अपराध करने की प्रवृत्ति को खत्म करने के लिये एक चिल्ड्रेन्स बिल बन रहा है, वह राज्य सभा में पेश भी किया गया था । लेकिन मैं आप को बतला दूं कि वह जो चिल्ड्रेन्स बिल है वह सिर्फ 'ग' भाग के राज्य के लिये बन रहा है । बाकी के सूबों के लिये नहीं है । साथ ही जो उस के अन्दर धारायें हैं वह इतनी कम हैं कि वह बच्चों की समस्या को हल नहीं कर सकतीं । जो बिल बन रहा है वह बच्चों को चोरी करने को और अन्य अपराध करने की प्रवृत्ति को कम करने में कुछ सफल अवश्य होगा, लेकिन उस में बच्चों की आवारागर्दी और भीख मांगने की जो प्रवृत्तियां हैं, उस दिशा में सरकार ने कोई सुझाव नहीं दिये हैं । इस चिल्ड्रेन्स विधेयक में तो खास तौर से उस का कोई जिक्र नहीं है ।

शिक्षा मंत्री के सभासचिव (डा० एम० एम० दास) : क्या माननीय सदस्य ने बाल विधेयक पढ़ा है ?

श्री एम० एल० द्विवेदी : उस में चाइल्ड डिलेंन्क्वेन्सी तो है, लेकिन आवारागर्दी नहीं है । मैं ने पूरा बिल देखा है, उस में अपराध करने की प्रवृत्ति को रोकने के मार्ग तो बताये गये हैं, लेकिन आवारागर्दी और भीख मांगने की प्रवृत्ति के ऊपर उस में बहुत कम बातें हैं ।

डा० एम० एम० दास : कोई लड़का अथवा लड़की यदि किसी सार्वजनिक स्थान पर या किसी के घर मांगता हुआ पाया गया तो सरकार अपने पास रख लेगी । वहां यह है ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : लेकिन इस बात की क्या व्यवस्था उस में है कि उन बच्चों के बारे में रिपोर्ट कौन देगा ? आप को पता चले कि फलां बच्चा अपराध करता है, तब सरकार उस को अपने चार्ज में ले सकती है, लेकिन इस की कोई व्यवस्था नहीं है . . . . .

डा० एम० एम० दास : उस में यह व्यवस्था है ।

सभापति महोदय : यह विधेयक पारित हो चुका है ।

गृहकार्य उपमंत्री (श्री दातार) : राज्य सभा ने पारित कर दिया है । यह अब हमारे पास विचाराधीन है । क्या आप ने 'उपेक्षित बाल' की परिभाषा पढ़ी है । इस से स्पष्ट हो जायगा ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : नेगलेक्टेड चाइल्ड वहां है । लेकिन नेगलेक्टेड चाइल्ड की मंशा यह है कि जिस बच्चे के माता पिता ने उस को छोड़ दिया हो और जिस का कोई संरक्षक न हो । लेकिन उन बच्चों के लिये कौन जिम्मेदार होगा जो गलियों में घूम घूम कर भीख मांगा करते हैं और आवारागर्दी करते हैं, उन के सम्बन्ध में क्या होगा ? जो बच्चे अनाथालयों में हैं वह नेगलेक्टेड चाइल्ड नहीं हैं । लेकिन सरकार की ओर से उन के सुधारने की और अनाथा-लयों को सहायता देने की कोई सुविधा नहीं

है । मैं ने अपने क्षेत्र में देखा एक अनाथालय है । उस अनाथालय को गांधी जी ने अपने हाथ से खोला था । उस अनाथालय में एक ८५ साल का वृद्ध आदमी है जो वारधा में गांधी जी के साथ रहा है । वही उस अनाथालय का काम सम्भालता है । मैं ने देखा है कि वह गांव गांव में भीख मांगता है और भीख मांग कर अपने अनाथालय के बच्चों को खिलाता है । जिस दिन वह मर जायगा, उसी दिन वह अनाथालय टूट जायगा। चूंकि सरकार की तरफ से उस की सहायता की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिये वह चल नहीं सकता है । इस देश में इस किस्म के सैंकड़ों अनाथालय होंगे । सरकार उन बच्चों की मां-बाप है । हम लोग कहते हैं––जनता कहती है कि सरकार हमारी मां-बाप है । अगर सरकार हमारी मां-बाप है, तो अनाथ बच्चों की तो वह जरूर मां-बाप है । अगर अनाथ बच्चों की चिन्ता वह न करेगी, तो फिर कौन करेगा ? मां-बाप का फ़र्ज है कि वे बच्चों की देख-भाल करें । आप कहते हैं कि चिल्ड्रेन्ज बिल लायेंगे । मुझे याद है कि १९४९ में एक कमेटी बनाई गई थी जिस को यह काम सौंपा गया था कि वह इस बात पर विचार करे कि हमारे बच्चों का क्या होना चाहिये । उस ने अपनी रिपोर्ट शायद १९४९ के अप्रैल या मई में पेश की ।

एक माननीय सदस्य : दिसम्बर में ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : हां, दिसम्बर में उस ने रिपोर्ट पेश की और उस ने सलाह दी कि ये ये काम होने चाहिये । उस रिपोर्ट के आधार पर एक बिल भी बनाया गया । यह बिल बन कर तैयार हो गया और राज्य सभा में पेश किया गया । हो सकता है कि इस सदन में भी वह आये । लेकिन अनाथालयों के बारे में जो बिल १९५२ में पेश किया गया था, आज चौथा साल है, लेकिन उस के बारे में कुछ नहीं किया गया । मैं कहना चाहता हूं कि जब प्रैस कमीशन की रिपोर्ट आती है, तो फ़ौरन उस को विचार करने के लिये इस सदन में लाया जाता है । क्यों ? इसलिये कि आप प्रैस से डरते हैं । बच्चे आप को डराने के काबिल नहीं हैं । वे आप को कैसे डरा सकते हैं ? इसीलिये उन से सम्बन्धित कानून चार साल तक पड़ा रहता है । कम्पनीज बिल भी फौरन आ जाता है, क्योंकि आप पूंजीपतियों से डरते हैं । मैं देखता हूं कि इस किस्म के बिल बड़ी जल्दी यहां पेश हो जाते हैं । बाज दफ़ा आर्डिनेन्स भी बन जाते हैं लेकिन मैं पूछता हूं कि आखिर बच्चों ने आप का क्या बिगाड़ा है ? कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी । इस सदन में तीन तीन मर्तबा उस पर विचार हो चुका है । यहां पर सर्वसम्मति से कहा गया कि यह बिल बहुत अच्छा है और इस को मंजूर करना चाहिये । सरकार के आश्वासन देने पर हम ने बिल वापिस ले लिया । वह चिल्ड्रेन्ज बिल इस अधिवेशन में भी––इस सत्र में भी––पास हो सकेगा, मुझे इस में शंका है, क्योंकि आप के प्रोग्राम में उस का कहीं जिक्र नहीं है । मैं यह जानना चाहता हूं कि जो देश के भावी नागरिक हैं, जिन के ऊपर भविष्य देश की जिम्मेदारी आने वाली है, उन में के विषय मं जब सरकार इतनी असावधान है, इस तरह सुस्त है, तो दूसरे कामों में उस से क्या आशा की जा सकती है ? यह ठीक है कि गवर्नमेंट के दूसरे काम भी लाभदायक हो सकते हैं, जिन से देश तरक्की करेगा, लेकिन मैं समझता हूं कि जिस देश के बच्चे तरक्की नहीं कर सकते, जिस देश की सरकार बच्चों की चिन्ता नहीं करती, उस देश की स्थिति शोचनीय है ।

इस छोटे से विधेयक में मैं ने बहुत छोटी छोटी बातें रखी हैं । मैं ने इस में कहा है कि जिन माता-पिता या संरक्षकों ने अपने बच्चों को भीख मांगने के लिये छोड़ दिया

[श्री एम० एल० द्विवेदी]

हो—कहां कहां, वह भी लिखा है और मैं अभी पढ़ कर सुनाता हूं—उन को सजा दी जाय । इस बिल में लिखा है :—

"जो आवारा घूम रहा हो, गाड़ियों, सार्वजनिक स्थानों पर या घर घर गाने गा कर अथवा अन्यथा भीख मांगता हो तो वह उस के मां बाप रक्षक या अभिरक्षक इस अधिनियम के अधीन अपराधी समझे जायेंगे ।"

मेरा कहना यह है कि अगर वे बच्चों को आवारागर्दी करने के लिये या भीख मांगने के लिये छोड़ दें, तो उन पर जुर्म आयद हो जायगा, और वह अपराध समझा जायगा और उन को सजा दी जायगी । अगर आप इस को मान लेते हैं, तो मेरा ख्याल है कि सिर्फ इसी कारण बहुत से माता-पिता और संरक्षक अपने बच्चों को भीख मांगने के लिये प्रोत्साहित नहीं करेंगे ।

पंडित डी० एन० तिवरी (सारन दक्षिण) : और जिन के पास खाने को नहीं है ?

श्री एम० एल० द्विवेदी : जिन के पास खाने को नहीं है, उन का इन्तजाम सरकार करेगी, लेकिन इस बिल का अधिकतर सम्बन्ध उन लोगों से है, जिन के पास है और जो फिर भी अपने बच्चों से भीख मंगवाते हैं । मैं जानता हूं कि झांसी में एक व्यक्ति रेलवे में कर्मचारी है । वह खुद नौकरी करता है और बच्चों को भीख मांगने के लिये भेजता है । वे दिन भर में एक दो रुपये इकट्ठा करते हैं और बाप को दे देते हैं, तब उन को खाना मिलता है । अगर वे कुछ नहीं देते, तो उन को खाना नहीं मिलता है । इस किस्म के सैंकड़ों बच्चे रेलों में मिलेंगे जो वहां भीख मांगते फिरते हैं और उन के माता-पिता और संरक्षक कमाते हैं । इस का कारण यह है कि रेलवे में भीख मांगना बड़ा आसान है । उस में बच्चे मुफ्त आ जा सकते हैं और लोग समझते हैं कि गरीब हैं, इन को कुछ दे दो । इसलिये मैं समझता हूं कि जब तक हम इस प्रथा को कानूनन बन्द नहीं करेंगे, इस के लिये कोई सजा नहीं मुकर्रर करेंगे, तब तक यह बन्द नहीं होगी । यही छोटी सी बात मैं ने यहां रेज की है कोई बहुत बड़ी बात रेज नहीं की है । मैं चाहता हूं कि जिन लोगों के द्वारा बच्चों से ऐसे अपराध कराये जाते हों, उन को सजा दी जाय । अगर सरकार इस को मान लेती है, तो मेरे ख्याल में यह बहुत अच्छा होगा ।

मेरे पास बच्चों के सम्बन्ध में बहुत सा मसाला है । मैं यह जानता हूं कि यह एक ऐसा विधेयक है, जिस में सदन के बहुत से सदस्य दिलचस्पी रखेंगे और इस के बारे में बोलना चाहेंगे । इसलिये मैं यह चाहता हूं कि इस के पहले कि मैं इस बारे में और प्रकाश डालूं, यह अधिक अच्छा होगा कि दूसरे सदस्यगण भी अपने विचार प्रकट करें और अगर मैं ने कोई बात गलत कही हो, तो उस को साफ़ कर दें । उस को मैं स्वीकार करूंगा । मेरी मंशा केवल यह है कि इन बच्चों के सम्बन्ध में आप अवश्य कोई उपाय करें । वह अगर आप अपने बिल में कर रहे हैं, तो अच्छा है । प्रश्न यह है कि अब आगे क्या करेंगे ? मेरा विचार है कि इस बीच उस को फिर राज्य सरकारों के पास विचार करने के लिये भेज दीजिये । इस बीच में जो इन के विशेषज्ञ हैं, जो अनाथालयों को चलाने वाले हैं, जो उन के संरक्षक हैं उन की राय मांगनी चाहिये और उन से यह पूछना चाहिये कि जो बिल बना है और इस में जो धारणा

हमने बनाई है उस में वे लोग और कितना सुधार चाहते हैं । मैं यह इसलिये जरूरी समझता हूं क्योंकि बच्चों के बारे में जितनी ज्यादा से ज्यादा अच्छी बातें हम कर सकें उतना ही अच्छा है । जो बिल हमारे सामने आया है उस में बहुत ज्यादा त्रुटियां हैं, बहुत ज्यादा कमियां हैं और उन त्रुटियों व कमियों को हमें दूर करना चाहिये । इसलिये इस बारे में आप राज्य सरकारों से राय लीजिये, विशेषज्ञों से राय लीजिये और राय लेने के बाद इस बिल को अन्तिम रूप दीजिये और फिर अगले सेशन में, अगले सत्र में, इस बिल को पास करवाने के लिये शीघ्रतापूर्वक कदम उठाइये । यदि सरकार यह करती है तब तो मैं समझूंगा कि सरकार की मंशा ठीक है नहीं तो मुझे सरकार की मंशा पर शक ही होगा ।

इतना कह कर मैं अपना आसन ग्रहण करता हूं ।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> "कि बाल भिक्षा तथा आवारापन के निवारण की व्यवस्था करने वाले विधेयक पर विचार किया जाय ।"

डा० रामा राव (काकिनाडा) : मुझे प्रसन्नता है कि एक गम्भीर समस्या सभा के समक्ष रखी गई है । सरकार आज तक बालकों तथा मुख्यतः अनाथ बालकों की अत्यन्त उपेक्षा करती आई है । सभानेत्री जी, आप की तरह अनाथ बालकों के प्रति मेरी बहुत दृढ़ भावनायें हैं ।

हमारा एक सर्वकल्याणकारी राज्य है, परन्तु हम कई एक अनावश्यक बातों पर जैसे नई दिल्ली स्टेशन की सजावट पर कई लाख रुपये खर्च कर देते हैं । इस पर भी जब कभी आप से किसी अनाथालय के लिये धन मांगा जाता है तो आप न कर देते हैं । एक बर्मा देश के बारे में ही आप ने ७२ करोड़ रुपये छोड़ दिये हैं । उधर यह हालत है कि हमारे अनाथ बालक एक एक टुकड़े के लिये कुत्तों से लड़ाई करते हैं । हमारे राष्ट्र को यह अनुभव करना चाहिये कि बालक तथा विशेष कर अनाथ बालक उस का सर्वप्रथम उत्तरदायित्व हैं । मैं चाहता हूं कि एक विधि पारित की जाय जिस से प्रत्येक अनाथ बालक की देखभाल की व्यवस्था की जाय । यह एक बहुत महत्वपूर्ण बात है ।

हम ने एक सामाजिक कल्याण बोर्ड बना रखा है, परन्तु इस ने एक भी अनाथालय नहीं चलाया । यह एक ऐसे अनाथालय को धन अवश्य देता है जिस के अनाथ बालक स्थान स्थान पर भिक्षा मांगते फिरते हैं । जब तक केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारें इस समस्या को गम्भीरता से हल करने की चेष्टा नहीं करती हैं, इस मामले में कोई प्रगति नहीं हो सकेगी ।

वेश्यावृत्ति का अनाथ बालकों की समस्या से बहुत कुछ सम्बन्ध है । अनाथ बालक ही प्रायः वेश्यावृत्ति के शिकार बनते हैं । वे अपना पेट भरने के लिये ही इस पेशे का आश्रय लेते हैं । अगले दिन ही मद्रास में एक पिता ने गरीबी से तंग आ कर अपने दो पुत्रों को छुरा मार दिया था । परन्तु बहुत से पिता अपने पुत्रों तथा पुत्रियों से भिक्षा मांगने का काम कराते हैं ।

मैं फिर कहना चाहता हूं कि जो राष्ट्र अपने बालकों और विशेषतः अनाथ बालकों की देख भाल नहीं करता है, वह एक दण्डनीय उपेक्षा का अपराधी है । दुर्भाग्य से

[डा० रामा राव]

हमारे समाज में बच्चों की सब से अधिक उपेक्षा की जाती है।

मैं प्रधान मंत्री के जन्म दिवस का भी कुछ कहना चाहता हूं। इसे समारोह रूप से दिल्ली और नई दिल्ली में मनाया जाता है। मैं चाहता हूं कि प्रत्येक राज्य उन के जन्म-दिन पर उन्हें एक अनाथालय को भेंट किया करे। हमें अपने बच्चों की दशा सुधारने के लिये ठोस कार्यवाही करनी चाहिये।

सभापति महोदय : अब आप अपना भाषण कल जारी रखें।

इसके पश्चात् लोक-सभा, शनिवार, २० अगस्त, १९५५ के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।

अनुक्रमणिका

लोक-सभा वाद-विवाद—भाग २

दशम् सत्र, १९५५

(खंड ६—संख्या १६–३०)

(१६ अगस्त, १९५५ से ३ सितंबर, १९५५)

अ

अचल सिंह, सेठ—

समवाय विधेयक—

संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप पर विचार प्रस्ताव १४१७–२३

अच्युतन, श्री—

समवाय विधेयक—

संयुक्त समिति द्वारा प्रतिवेदित रूप पर विचार प्रस्ताव १५२४

अति आयु विवाह रोक विधेयक (श्री डी० सी० शर्मा द्वारा)—

देखिये "विधेयक (कों)" के नीचे

अधिनियम (मों)—

